YouTube kanwhizztimes
Facebook @kanwhizztimes
Twitter @kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-188 ❑ शनिवार, 09 अगस्त 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




इस आपदा ने कई परिवारों को अपार दु:ख दिया है, हम उनकी पीड़ा को समझते हैं। हमारी सरकार पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों को तेज़ी से संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता लापता प्रत्येक व्यक्ति की तलाश और प्रभावित परिवारों को पूर्ण सहयोग करना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी


मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या के प्रयास में शामिल दो नक्सली गिरफ्तार 11

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वच्छता ग्राहियों को बांधी राखी, 'स्वच्छ दिल्ली' के संकल्प को दोहराया 12


### काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रभक्ति का आह्वान

# हम जिएंगे स्वदेशी के लिए और मरेंगे देश के लिए : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर वर्तमान पीढ़ी से राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। योगी ने देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वदेशी हमारे जीवन का ध्येय बने, स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बने, हम जिएंगे स्वदेशी के लिए और हम मरेंगे अपने देश के लिए। अपनी राष्ट्रभक्ति की इस पराकाष्ठा के साथ जब भारत आगे बढ़ेगा तो दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि आजादी का यह संदेश हम सबको इस उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

मुख्यमंत्री शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीद देश के सपूतों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पीपल का एक पौधा भी लगाया और छोटी बालिकाओं के हाथों से राखी भी बंधवा कर बेटियों को मिठाई और चॉकलेट भी उपहार में दिए। इसके बाद उन्होंने म्यूजियम में सेल्फी और फोटोशूट भी कराया। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को भी मंच पर सम्मानित किया, जबकि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस दौरान संस्कृति विभाग की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें काकोरी ट्रेन एक्शन घटना को प्रस्तुत किया गया।

काकोरी के क्रांतिकारियों ने जगाई राष्ट्रभक्ति की ज्वालायहां अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 अगस्त 1925 को काकोरी में महान क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खजाने पर कब्जा कर उस धन को आजादी की लड़ाई में लगाया था। उन्होंने राष्ट्रभक्ति की जो ज्वाला जलाई, उसका ही परिणाम है कि 1947 में देश आजाद हुआ। उन्होंने याद दिलाया कि उस ट्रेन एक्शन में सिर्फ 4600 लूटे गए थे, लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें पकड़ने में 10 लाख से ज्यादा खर्च किए। उन क्रांतिकारियों (पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, राजेंद्रनाथ लाहिड़ी और अन्य को बिना सुनवाई के फांसी दी गई। योगी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ब्रिटिश हुकूमत के हाथ नहीं लगे, बल्कि वो स्वयं मुकाबला करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। आज यह शताब्दी महोत्सव उन महान क्रांतिकारियों के स्मरण का महान दिवस है। हमारी वर्तमान पीढ़ी के लिए नई प्रेरणा है। आज से 100 ● शेष पेज 11 पर



समारोह

❑ स्वदेशी हमारे जीवन का ध्येय बने, स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बने, हम जिएंगे स्वदेशी के लिए और हम मरेंगे अपने देश के लिए

❑ आजादी का यह संदेश हम सबको इस उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है

### स्वतंत्रता संग्राम का साहसिक अध्याय है काकोरी ट्रेन एक्शन

बलिया। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन समारोह कार्यक्रम शहीद पार्क चौक में शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने शहीदों को याद करते हुए कहा कि काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक साहसिक अध्याय है। इसने अंग्रेजी शासन की नींव को हिला दिया था। सभी ने मिलकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि युवाओं को आज़ादी के इन वीरों से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने समस्त सेनानियों के परिवारों को साल देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी व जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोकगायक मंजीत पाण्डेय ने जो शहीद हुए सरहद पर वो भारत देश है मेरा... जैसे देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सीडीओ ओजस्वी राज और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संत कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

## बाराबंकी में चलती रोडवेज बस पर गिरा पेड़ चार महिला टीचर सहित पांच की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । उत्तर प्रदेश के जनपद बाराबंकी में जैदपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को चलती राडेवज बस पर एक पेड़ गिरने से चार महिला टीचर सहित पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी करते हुए घायलों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। घटना के संबंध में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10:30 बजे परिवहन निगम की अनुबंधित बस सवारियों को लेकर बाराबंकी से हैदरगढ़ के लिए रवाना हुई थी। यात्रा के दौरान बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर हरख के पास राजाबाजार में सड़क किनारे स्थित एक गूलर का पेड़ भारी बारिश के चलते चलती बस पर गिर पड़ा। इस हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जिलाधिकारी त्रिपाठी ने बताया कि इस दुर्घटना में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जिनकी पहचान बाराबंकी निवासी शिक्षा मल्होत्रा (45), मीना श्रीवास्तव (46) एडीओ, जूही सक्सेना (45) एडीओ, रकीबुल निशा (55) और बस चालक ● शेष पेज 11 पर



❑ मुख्यमंत्री ने पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए

## झूठा नेरेटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं राहुल गांधी: भाजपा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। कंग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग को लेकर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए इसे झूठा नेरेटिव करार दिया है। भाजपा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तैयारी करके बहुत बड़ा झूठ बोला है। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि बहुत दिनों से हमारे देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक एटम बम की बात कर रहे थे। ये तो जिस पेड़ पर बैठे थे, उसी को कुल्हाड़ी से काटने का काम कर रहे थे। कंग्रेस के युवराज और नेता प्रतिपक्ष की भाषा का जो अहंकार था, वो चुनाव आयोग के कर्मचारियों के लिए था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो झूठा नेरेटिव बनाने की कोशिश की है, वो उन्हीं के तथ्यों से पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि क्या देश की संवैधानिक संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए ऐसी भाषा नेता प्रतिपक्ष को शोभा देती है। देश की सेना के ● शेष पेज 11 पर



### सरकार ने आयकर विधेयक 2025 वापस लिया, 11 अगस्त को पेश होगा नया विधेयक

नई दिल्ली । सरकार ने आयकर विधेयक, 2025 को लोकसभा से औपचारिक रूप से आज वापस ले लिया तथा इसके स्थान पर सोमवार को संसद में नया आयकर विधेयक पेश किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को बदलने के लिए इस साल 13 फरवरी को संसद में पेश आयकर विधेयक को बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली प्रवर समिति को विचारार्थ भेजा गया था। प्रवर समिति ने इस विधेयक को लेकर कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। सरकार ने प्रवर समिति की अधिकांश सिफारिशों को विधेयक में शामिल करते हुए इसे संशोधित रूप में सोमवार, 11 अगस्त को सदन में पेश करने ● शेष पेज 11 पर

### सूचना

रक्षाबंधन के अवसर पर कैनविज टाइम्स कार्यालय में 09 अगस्त 2025 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 11 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

प्रधान संपादक

### संक्षेप

#### बारिश के चलते लखनऊ में कक्षा 08 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार सुबह से लगातार बारिश हो रही है। खराब मौसम एवं अतिवृष्टि से जलभराव एवं मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा के पूर्वानुमान को देखते हुए लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख ने कक्षा 08 तक के सभी स्कूलों में शिक्षण कार्य स्थगित करने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

#### रेलवे ने रचा इतिहास- साढ़े चार किमी. लंबी मालगाड़ी का सफल संचालन

नई दिल्ली। माल ढुलाई को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। डीडीयू मंडल के गंजख्वाजा स्टेशन से गुरुवार को भारतीय रेल की अब तक की सबसे लंबी मालगाड़ी 'रूद्रास्त्र' का सफलतापूर्वक चलाया गया। करीब साढ़े चार किलोमीटर लंबी इस विशेष मालगाड़ी में छह खाली बॉक्सन रेक को आपस में जोड़कर कुल 354 वैगन तैयार किए गए, जिसे सात शक्तिशाली इंजनों की सहायता से चलाया गया। 'रूद्रास्त्र' ने औसतन 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पांच घंटे में 200 किलोमीटर की दूरी तय की। यह गंजख्वाजा स्टेशन से चलकर गढ़वा रोड स्टेशन तक पहुंची।

इस ऐतिहासिक परिचालन में गंजख्वाजा से सोननगर तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) पर और आगे गढ़वा रोड तक भारतीय रेल के सामान्य ट्रैक पर इस सुपर-लंबी ट्रेन का संचालन किया गया। यह प्रयोग न केवल एक तकनीकी नवाचार है बल्कि सुव्यवस्थित संचालन, उत्कृष्ट समन्वय और समय की बचत का एक आदर्श उदाहरण भी है। डीडीयू मंडल के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय रेल के सबसे व्यस्त और रणनीतिक मंडलों में से एक है, जो धनबाद मंडल को कोयला और अन्य माल लदान के लिए समय से खाली वैगनों की आपूर्ति करता है।

## कैबिनेट : पीएमयूवाई लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति सिलेंडर सब्सिडी देने को मंजूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई ) के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर सब्सिडी देने को मंजूरी दी गई है। इसके लिए 12 हजार करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएमयूवाई उपभोक्ताओं की औसत प्रति व्यक्ति खपत (पीसीसी) 2019-20 में केवल लगभग 3 रिफिल थी, जो 2022-23 में 3.68 रिफिल और 2024-25 में बढ़कर लगभग 4.47 रिफिल हो गई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई ) मई 2016 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य देशभर में गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को निशुल्क एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराना है। एक जुलाई, 2025 तक देश में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई ● शेष पेज 11 पर



### तमिलनाडु में 4-लेन मरक्कानम,पुडुचेरी हाईवे परियोजना को मंजूरी

नई दिल्ली। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को तमिलनाडु में 46 किलोमीटर लंबे 4-लेन के मरक्कानम-पुडुचेरी हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। परियोजना की कुल लागत 2,157 करोड़ रुपये तय की गई है और इससे क्षेत्र में संपर्क सुविधाओं के साथ-साथ बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रिमंडल की आर्थिक ● शेष पेज 11 पर


### प्रधानमंत्री मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने टेलीफोन पर बात की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन संकट, द्विपक्षीय सहयोग और भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को यूक्रेन से संबंधित ताजा घटनाक्रमों की जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को इस विस्तृत जानकारी के लिए धन्यवाद दिया और एक बार फिर भारत की यह स्पष्ट और निरंतर नीति दोहराई कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान शांतिपूर्ण संवाद और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-रूस द्विपक्षीय एजेंडे की प्रगति की समीक्षा की और विशेष तथा विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझीदारी को और गहरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाले 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ● शेष पेज 11 पर

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सुरक्षा के लिए संकल्पित : शाह

एजेंसी

पटना/सीतामढ़ी। बिहार में सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माँ सीता के बनने वाले मंदिर की आधारशिला रखी। इस मौके पर गृहमंत्री ने एक सभा को भी संबोधित करते हुए विपक्षी दलों के नेताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर आड़े हाथों लिया। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सुरक्षा के लिए संकल्पित हैं। हर हाल में बांग्लादेश या अन्य देशों से आए घुसपैठिओं को मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा। जो भारत में जन्मा नहीं, उसको मतदान का अधिकार संविधान नहीं देता है। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को मतदान का अधिकार नहीं है। इसलिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विपक्ष हंगामा कर रहा है। आने वाले दिनों में पूर्ण बहुमत के साथ बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने वाली है। चुनाव आयोग को एसआईआर करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, यह तय करने का अधिकार उन्ही का है न कि किसी राजनीतिक दल का। अमित शाह ने कहा कि चुनाव आयोग ने जो ड्राफ्ट जारी किया है, उस पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कंग्रेस ने एक भी आपत्ति नहीं किया। तो ये क्या ये लोग उन्हें बचाना चाहते हैं, जो बांग्लादेश से आकर बिहार के युवाओं की नौकरी खा जाते हैं। पहले जब कंग्रेस का राज था, तब देशभर में बम धमाके होते थे। बम विस्फोट करके आतंकी पाकिस्तान भाग जाते थे और सरकार कुछ नहीं कर पाती थी। जब से मोदी जी की सरकार बनी है, तब से सभी हमलों के जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक किया जा रहा है। पुलवामा में आतंकियों ने हमला किया, तो एयर स्ट्राइक किया और जब पहलगाम में हमला किया, तो पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों का सफाया कर दिया गया। गृहमंत्री अमित शाह ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, कंग्रेस नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की एसआईआर और ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर जमकर खिंचाई की। अमित शाह ने कहा कि लालू एंड कंपनी को अगर घुसपैठिये का मत चाहिए, तो बिहार की जनता इसे कतई ● शेष पेज 11 पर



सुरक्षा

❑ घुसपैठियों को मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा

## सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को आपराधिक मामले से अलग रखने वाला अपना आदेश लिया वापस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति तक आपराधिक मामले की सुनवाई से अलग रखने और उन्हें एक अनुभवी वरिष्ठ न्यायाधीश के साथ खंडपीठ में बैठाने के अपने अभूतपूर्व आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई से प्राप्त एक पत्र पर गौर करते हुए न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसका शीर्ष अदालत का इरादा संबंधित न्यायाधीश को शर्मिंदा करने या उन पर आक्षेप लगाने का नहीं था। उच्च न्यायालय के आदेश को हालांकि अवैध और विकृत बताते हुए शीर्ष अदालत ने इस मामले पर विचार करने का काम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर छोड़ दिया। पीठ ने कहा हम पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रोस्टर के मास्टर हैं यानी वह तय कर सकते हैं कि किस मामले को कौन से न्यायाधीश को सौपा जाए। ये निर्देश शीर्ष अदालत का उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की प्रशासनिक शक्ति में बिल्कुल भी हस्तक्षेप नहीं करते हैं।

पीठ ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जब मामले कानून के शासन को प्रभावित करते हैं तो यह न्यायालय सुधारात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। पीठ ने कहा हालांकि जब मामला एक हद पार कर जाता है। जब संस्था की गरिमा खतरे में पड़ जाती है तो अपीलीय क्षेत्राधिकार में भी हस्तक्षेप करना अदालत का संवैधानिक कर्तव्य बन जाता है।

न्यायमूर्ति कुमार को शीर्ष अदालत के गुस्से का सामना करना पड़ा जब उन्होंने सामान की आपूर्ति के लिए शेष राशि का भुगतान न करने से संबंधित एक मामले में आपराधिक कार्यवाही की अनुमति देते हुए कहा कि दीवानी मुकदमे में पैसा वसूलने में वर्षों लग जाएँगे। पीठ ने अपने चार अगस्त के आदेश में उच्च न्यायालय के एकल पीठ के न्यायाधीश के आदेश पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा था कि संबंधित न्यायाधीश ने न केवल खुद को बदनाम किया है बल्कि न्याय का भी मजाक उड़ाया है। ● शेष पेज 11 पर



सुप्रीम कोर्ट

❑ पीठ ने कहा यदि किसी समय उन्हें एकल न्यायाधीश के रूप में जिम्मेवारी दी भी जाती है तो उन्हें कोई आपराधिक निर्णय नहीं सौंपा जाएगा

❑ पीठ ने कहा हम यह समझने में असमर्थ हैं कि उच्च न्यायालय स्तर पर भारतीय न्यायपालिका में क्या गड़बड़ है। कई बार हम यह सोचकर हैरान रह जाते हैं

### अखल कुलगाम अभियान का 8वाँ दिनः

## रातभर गोलीबारी, विस्फोट मजबूत घेराबंदी बरकरार

एजेंसी

कुलगाम। कुलगाम के देवसर के अखल गाँव में चल रहा आतंकवाद विरोधी अभियान शुक्रवार को अपने आठवें दिन में प्रवेश कर गया। सुरक्षा बल के जवानों ने इलाके की कड़ी घेराबंदी कर रखी है। हालाँकि सुबह से कोई नई गोलीबारी की खबर नहीं है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रात में भारी गोलीबारी और कई विस्फोट हुए। स्थिति नियंत्रण में है और अभियान अपने अंतिम चरण में है। पिछले सप्ताह शुरू हुए इस अभियान को हाल के वर्षों में कश्मीर में सबसे लंबे आतंकवाद विरोधी अभियानों में से एक बताया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि गाँव के आसपास घना जंगल है जिससे जंगल साफ करने का अभियान समय लेने वाला है। दुर्गम इलाके और विस्फोटकों की आशंका के है इसलिए नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बल के जवान सावधानी बरत रहे हैं। अधिकारियों ने अखल के निवासियों से घर के अंदर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की है। लंबे अभियान के दौरान नागरिकों की चिंताओं को देखते हुए आपातकालीन संपर्क और सहायता के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए ● शेष पेज 11 पर



❑ दशक का सबसे लंबा आतंकवाद विरोधी अभियान जारी

❑ नागरिकों के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन संपर्क जारी

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन

## अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में हुआ भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन अवसर पर शुक्रवार को संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मा. विधायक बारा डॉ. वाचस्पति, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर और माल्यार्पण से किया गया। इस मौके पर पुलिस विभाग द्वारा राष्ट्रधुन का वादन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मा. विधायक डॉ. वाचस्पति ने कहा कि शहीद स्थलों से देशभक्ति की भावना जागृत होती है और हमें देश के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन के अमर बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि जिस पावन धरती पर आजादी के वीर सपूत शहीद हुए, वह माटी हमारे लिए चंदन समान है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि राष्ट्रीय पर्व और बलिदानियों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों में सभी को एकजुट होकर शामिल होना चाहिए।जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि अमर शहीदों के बलिदान से ही हमें आजादी की यह खुली हवा नसीब हुई है। हमें उनके त्याग से प्रेरणा लेकर राष्ट्र को विकसित बनाने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और वीरता से परिचित कराने का उत्तम माध्यम हैं।मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने काकोरी ट्रेन एक्शन के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह घटना हमारे क्रांतिकारियों के त्याग, साहस और बलिदान का प्रतीक है, जिन्होंने अंग्रेजों के कोष को लूटकर स्वतंत्रता संग्राम को गति दी।समारोह में तिरंगा मेला एवं काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसका अवलोकन मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित अधिकारियों ने किया। जिलाधिकारी ने सेना के वीर जवानों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, जबकि भारत स्काउट गाइड की बहनों ने रक्षाबंधन पर्व से पूर्व सैनिकों को राखी बांधकर सम्मान प्रकट किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के पंजीकृत कलाकारों प्रियंका सिंह चौहान, प्रीति सिंह, उमेश कनौजिया व अन्य कलाकारों ने देशभक्ति की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड, एनसीसी, होमगार्ड, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित कई संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा। संचालन डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।इस मौके पर जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा, डीसी मनरेगा, पांडुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम एवं विकास अभिकरण, जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता सिंह, डॉ. सुभाष चंद्र यादव, सिविल डिफेंस के नीरज मिश्रा, राकेश तिवारी, राकेश वर्मा, हरिश्चंद्र दुबे, अजय मौर्या, बृजेश यादव, मोहम्मद सदीक, शुभम, अभिषेक, निर्भय, रघुनाथ द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन पर कोटा-दानापुर विशेष ट्रेन का संचालन

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे ने रक्षाबंधन पर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिए कोटाऽदानापुरऽकोटा एक्सप्रेस विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 09817 कोटा से 9 अगस्त 2025 (शनिवार) को और गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से 10 अगस्त 2025 (रविवार) को एक-एक फ़ेरा चलेगी। इस विशेष ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें 1 एसएलआर, 1 एसएलआर/डी, 4 सामान्य, 7 स्लीपर, 5 एसी तृतीय, 1 इकॉनमी कोच, 2 एसी द्वितीय और 1 एसी प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का कोच शामिल है। ट्रेन का मार्ग कोटा, बारां, सागर, दमोह, कटनी, सतना, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा होते हुए दानापुर तक रहेगा। विस्तृत समय और ठहराव की जानकारी रेलवे हेल्पलाइन 139, रेल मदद मोबाइल ऐप या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से समय-सारणी देखकर यात्रा करने की अपील की है।

# जिलाधिकारी ने बक्शीबांध एवं मम्फोर्डगंज फ्लड पम्पिंग स्टेशन का किया निरीक्षण



## अधिकारियों को एलर्ट मोड में रहने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। शुक्रवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नगर आयुक्त सांई तेजा के साथ बक्शीबांध एवं मम्फोर्डगंज स्थित कलश चौराहे के पास बनाए गए फ्लड पम्पिंग स्टेशनों का निरीक्षण किया। यह दौरा शहर में भारी वर्षा के बाद जल-जमाव की स्थिति न बनने और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया।निरीक्षण के दौरान फ्लड पम्पिंग स्टेशन अपनी पूरी क्षमता से कार्यरत मिला और संबंधित क्षेत्रों से वर्षा का पानी सुचारू रूप से निकाला जा रहा था। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से पम्पिंग स्टेशन की तकनीकी क्षमता, प्रतिघंटा पानी निकासी की मात्रा और जल निकासी से जुड़े क्षेत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।उन्होंने निर्देश दिए कि फ्लड पम्पिंग स्टेशन को पूरी क्षमता के साथ लगातार क्रियाशील रखा जाए, ताकि संबंधित इलाकों में बाढ़ या पानी भराव की स्थिति न हो। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को वर्षा के मद्देनज़र एलर्ट मोड में रहने और जल निकासी व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## 12 अगस्त को प्रयागराज में नि:शुल्क टूल किट वितरण हेतु साक्षात्कार

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ग्रामोद्योगी टूल्स-किट वितरण योजना में जनपद प्रयागराज को नि:शुल्क दोना-पत्तल एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन के 10-10 किट का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रयागराज, जवाहर लाल ने बताया कि इन किट्स के लिए पहले से आमंत्रित आवेदनों के आधार पर लाभार्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। यह साक्षात्कार 12 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय, विकास भवन प्रयागराज के कमरा नंबर-37 में आयोजित होगा। चयन प्रक्रिया परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, प्रयागराज मंडल की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा संपन्न कराई जाएगी।सभी आवेदकों को निर्देशित किया गया है कि वे साक्षात्कार में भाग लेने के लिए 12 अगस्त की सुबह 10 बजे तक निर्धारित स्थान पर उपस्थित हों। उन्हें अपने साथ आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। चयनित लाभार्थियों को योजना के अंतर्गत नि:शुल्क टूल किट्स प्रदान की जाएंगी, ताकि वे स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और पारंपरिक ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## प्रयागराज में एसडीआरएफ ने बाढ़ प्रभावित छात्रों को किया रेस्क्यू, खाद्य सामग्री वितरित



प्रयागराज। एसडीआरएफ-दल की दूसरी टीम ने प्रयागराज के छोटा बघाड़ा, दारागंज क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच राहत कार्य किया। टीम ने मौके पर जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित की और बाढ़ के पानी में फंसे प्रतियोगी छात्रों को सुरक्षित रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। राहत एवं बचाव कार्य टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है, ताकि अधिक से अधिक प्रभावित लोगों को समय पर सहायता मिल सके।इस दौरान टीम का नेतृत्व प्रभारी पीसी श्री मनीष कुमार (मो. 9412675464) ने किया। ट्क्ट्क्ककी यह त्वरित कार्रवाई बाढ़ पीड़ितों के लिए बड़ी राहत साबित हुई है और स्थानीय लोगों ने टीम के कार्यों की सराहना की है।

## प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे

प्रयागराज । जिले में 8 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे दर्ज किए गए जलस्तर के अनुसार गंगा और यमुना नदियों का स्तर खतरे के निशान 84.734 मीटर से नीचे है। यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 82.77 मीटर रहा, जो पिछले 4 घंटों में 23 सेंटीमीटर घटा है। गंगा नदी का स्तर फाफामऊ में 82.16 मीटर (-30 सेमी), छतनाग में 81.84 मीटर (-18 सेमी) और बक्शी एसटीपी पर 82.50 मीटर (-10 सेमी) दर्ज किया गया।जलस्तर माप केवल तब दर्ज किया जाता है जब स्तर 79.50 मीटर से अधिक हो। पिछले 4 घंटों में सभी स्थानों पर जलस्तर में कमी आई है। प्रशासन ने बताया कि सभी बांध पूरी तरह सुरक्षित हैं और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## डिजिटल सुरक्षित प्रयागराज: 216 पुलिस कर्मियों को साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण



प्रयागराज। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देशन और पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेंद्र कुमार के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित त्रिवेणी सभागार में दो दिवसीय साइबर प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत की गई। पुलिस उपायुक्त गंगानगर/नोडल साइबर क्राइम कुलदीप गुनावत ने एभ्ट्ठन्थद्वद्व पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया।कार्यशाला में कमिश्नरेट प्रयागराज के 216 पुलिस कर्मियों को साइबर अपराध से सुरक्षा के उपाय, ऑनलाइन धोखाधड़ी की पहचान और रोकथाम के तरीकों की जानकारी दी गई। साथ ही एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।इस अवसर पर अपर पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती, सहायक पुलिस आयुक्त अतरसुइया/सहायक नोडल साइबर क्राइम, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन्स समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण कर डिजिटल सुरक्षा को मजबूत किया जा सके।

## गुमशुदा नाबालिग को ठाकुरगंज पुलिस ने सकुशल किया बरामद

ठाकुरगंज, लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग चाँदनी को पुलिस ने अथक प्रयासों के बाद सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। 25 मई 2024 को वादिनी ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनकी पुत्री बिना बताए घर से चली गई है। इस पर मुकदमा संख्या 219/24, धारा 363/366 भादवि पंजीकृत कर खोजबीन शुरू की गई।थाना ठाकुरगंज पुलिस व सर्विलांस टीम की मेहनत रंग लाई और चाँदनी को सुरक्षित ढूंढ निकाला गया। बरामदगी में उ0नि0 मनुज कुमार, म0उ0नि0 मनीषा यादव और का0 सुनील कुमार की विशेष भूमिका रही। बच्ची को पाकर परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस की सराहना की।

## भाजपाइयों की 'हर घर तिरंगा'' अभियान के तहत निगोहा में बैठक

निगोहां, लखनऊ। शुक्रवार को निगोहा मंडल भाजपा के कार्यालय पर 'हर घर तिरंगा'' अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक आहूत हुई। कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री नवीन मिश्रा ने किया , योजना बैठक में मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने कहा कि पार्टी ने अभियान को जन भागीदारी, स्वच्छता और अभियान से जुड़ने का सशक्त माध्यम बनाया है। नागरिकों को अपने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इसी क्रम में 10 अगस्त को निगोहा मंडल कार्यालय से तिरंगा रैली पूरे कस्बे में निकाली जाएगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ललित सिंह व महामंत्री नवीन मिश्रा ने अधिक से अधिक लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में हिस्सा लेने की बात कही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सिंचाई बंधु एवं कैच द रेन की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। शुक्रवार को संगम सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सिंचाई बंधु एवं कैच द रेन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से उनके कार्यक्षेत्र की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि किसानों को धान एवं अन्य फसलों की सिंचाई हेतु समय पर पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की कमी न हो।उन्होंने अधिशासी अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी नहरों में टेल तक पानी पहुंचे और जल आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। नलकूपों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी नलकूप खराब या बंद हैं, उनकी शीघ्र मरम्मत कर उन्हें चालू किया जाए, ताकि सिंचाई कार्य बाधित न हो।कैच द रेन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने जल संरक्षण संबंधी सभी गतिविधियों को समय पर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए विभागीय प्रयासों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# नगराम में संदिग्ध हालात में महिला ने खुद को लगाई आग

## सिविल अस्पताल में भर्तीपति खेत पर गया था, घर में अकेली थी महिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ । थाना क्षेत्र के समेसी मजरा शंकर खेड़ा गांव में गुरुवार को एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में खुद पर डीजल तेल डालकर आग लगा ली। घटना में महिला गंभीर रूप से झुलस गई है। परिजनों ने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगराम पहुंचाया, जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए महिला के पति राममिलन रावत ने बताया कि वह दोपहर के समय खेत पर गया था और घर पर उसकी 28 वर्षीय पत्नी गेंदरानी अकेली थी। इसी दौरान उसने कमरे के अंदर खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग बुझाई। पड़ोसियों की मदद से घायल गेंदरानी को तत्काल सीएचसी नगराम ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे लखनऊ सिविल अस्पताल रेफर किया गया है। महिला का शरीर बुरी तरह झुलस गया है और डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला ने आग क्यों लगाई। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल की जांच की जा रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। ग्रामीणों में घटना को लेकर दहशत और चर्चा का माहौल है। महिला की मानसिक स्थिति और घरेलू परिस्थितियों की भी जांच की जा रही है, ताकि घटना के पीछे की वजहों का खुलासा हो सके।

# पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ: पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र तिवारी

## जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने समारोह में पहुंच कर दी शुभकामनाएं, प्रेस क्लब निगोहां का भव्य उद्घाटन, पत्रकार हितों की नई आवाज बना संगठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के निगोहां कस्बे में शुक्रवार को पत्रकारों के नए संगठन प्रेस क्लब निगोहां का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर क्लब कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, पत्रकार व समाजसेवी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और ऐसे संगठनों के माध्यम से पत्रकारों की एकता, सुरक्षा एवं गरिमा को बल मिलता है। उद्घाटन के अवसर पर प्रेस क्लब निगोहां के पदाधिकारियों की घोषणा की गई, समस्त पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। साथ ही अन्य सदस्यों को भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि आज पत्रकारों को प्रशासनिक दबाव, संसाधनों की कमी और राजनीतिक हस्तक्षेप जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। प्रेस क्लब निगोहां इन समस्याओं के समाधान का एक सशक्त मंच बनकर उभरेगा और पत्रकारों को संस्थागत पहचान देगा। इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पांडेय , भाजपा जिला मंत्री हंसराज रावत , जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने पहुंचकर शुभकामनाएं दी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित, पूर्व बार अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह , पूर्व महामंत्री ललित मिश्रा , निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा, अनमोल तिवारी, अखिलेश द्विवेदी, मोइन खान, पंडित उमेश शर्मा, मुकेश मिश्रा, सुनील त्रिवेदी, प्रशांत त्रिवेदी, विजय जायसवाल, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अनुराग सिंह सहित क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# आस्था पाण्डेय ने बढ़ाया बलरामपुर का मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उतरौला, बलरामपुर। बलरामपुर जिले के रमवापुर खुर्द गांव की होनहार बेटी आस्था पाण्डेय ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) में 'ऑफिसर - इंजीनियरिंग' पद पर चयनित होकर जिले और गांव का नाम गौरवान्वित किया है। आस्था इस समय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कालीकट से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही हैं। एचपीसीएल की चयन प्रक्रिया के चौथे व अंतिम चरण, तकनीकी साक्षात्कार में सफल होकर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। जैसे ही उनके चयन की खबर गांव पहुँची, रमवापुर खुर्द में उत्सव जैसा माहौल बन गया। ग्रामीणों ने मिठाइयाँ बांटीं और एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं।आस्था के पिता चंद्र प्रकाश पाण्डेय ने कहा, ्ययह सिर्फ हमारे परिवार की नहीं, पूरे गांव की जीत है। बेटियों को सही अवसर और शिक्षा मिले तो वे हर मुकाम हासिल कर सकती हैं।्ञ गांव में महिलाओं और युवाओं के बीच भी उनकी इस सफलता को लेकर खासा उत्साह है। आस्था ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा उतरौला के एक निजी विद्यालय से और इंटर की पढ़ाई लखनऊ के प्रतिष्ठित इंटर कॉलेज से की। वे शुरू से पढ़ाई में मेधावी रहीं और पहले प्रयास में ही एनआईटी कालीकट में चयनित हुईं। साथ ही, उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की शतरंज प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और कई पुरस्कार जीते। उनकी यह सफलता न सिर्फ प्रेरणास्रोत है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि ग्रामीण परिवेश की प्रतिभाएं भी कड़ी मेहनत से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

# बाइक मैकेनिक को मेहनताना मांगना पड़ा महंगा,दबंगों ने पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ । थाना क्षेत्र के अनैया में बाइक मैकेनिक से मोटरसाइकिल बनवाई फिर रुपये देने के बजाय आधा दर्जन से अधिक दबंग युवकों ने मैकेनिक के घर में घुसकर पीटा, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। बचाव में आए पड़ोसियों को भी पीटा और धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए , पीड़ित बाइक मैकेनिक की मां ने नगराम थाने पहुंच कर आरोपियों के खिलाफ 112 पर फोन कर आपबीती बताई और थाना में तहरीर दी है। पीड़िता सावित्री देवी ने नगराम पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका बेटा जितेंन्द्र घर पर मोटरसाइकिल बनाने का काम करता है । दो दिन पहले गांव के ही रामखेलावन अपनी मोटरसाइकिल बनवाने आए थे, जिसकी बनवाई 210 रुपये हुई थी। आरोप है कि जब पैसे मांगे गए तो उन्होंने टाल दिया। सावित्री देवी के अनुसार, शुक्रवार सुबह जब उनके बेटे ने फिर से पैसे मांगे तो रामखेलावन के साथ इन्दल, राजकुमार, राहुल, हरीस, छोटू, दीप, रंजीत, परीदीन, सूरज, चंद्रप्रकाश और अनुज समेत कई लोग उनके घर आ धमके। सभी ने मिलकर उन्हें और उनके पति छेदालाल, बेटे जितेन्द्र, बहू मोनी और सोनी को भद्दी-भद्दी गालियां दीं और मारपीट की। घटना में सभी को चोटें आई हैं ।पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने न केवल गाड़ी की बनवाई का एक भी पैसा नहीं दिया बल्कि बेटे को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

## प्रयागराज में 12 अगस्त को नि:शुल्क टूल किट वितरण हेतु साक्षात्कार

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामोद्योगी टूल्स-किट वितरण योजना के तहत जनपद प्रयागराज को नि:शुल्क दोना-पत्तल एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन के 10-10 किट का लक्ष्य मिला है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रयागराज जवाहर लाल ने बताया कि इसके लिए प्राप्त आवेदनों का साक्षात्कार 12 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय, विकास भवन प्रयागराज के कमरा नंबर-37 में आयोजित किया जाएगा। चयन समिति की अध्यक्षता परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, प्रयागराज मंडल करेंगे। सभी लाभार्थियों को साक्षात्कार में भाग लेने के लिए सुबह 10 बजे तक आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। चयनित लाभार्थियों को योजना के अंतर्गत नि:शुल्क टूल किट्स प्रदान की जाएंगी, जिससे वे स्वरोजगार शुरू कर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।


उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-SLN-OH-571-25 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-LKO-TWnOPS-104-25-1 (Misc Static Services-Two Wheeler and other parcel packing services) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.08.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.08.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉं पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2425/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 29.08.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 04702025 दिनांक 06.08.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 16-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | प्रतापगढ़ लखनऊ खंड पर -रायबरेली-एलसी नंबर 143/C (km 987.936), 179/C (1029.990) के बदले आरयूबी का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 9,96,25,326.11 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 6,48,100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 15.08.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 29.08.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

2406/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र-4

संख्या: 2025 - ए.एम.वी. - सी एंड डब्लू ईनिविदा - 45 दिनांक: 06.08.2025

विषय- निविदा प्रपत्र संख्या: 2025 - ए.एम.वी. - सी एंड डब्लू ईनिविदा- 45 का शुद्धि पत्र ।

सन्दर्भ- निविदा सूचना संख्या: 2025- ए.एम.वी.- सी एंड डब्लू ईनिविदा-45 दिनांक: 11.07.2025

कार्य का नाम : सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एन्ड कमीशनिंग ऑफ आई.पी. बेस्ड वीडियो सर्विलांस सिस्टम (वी.एस.एस.) इन 1436 आई.सी.एफ. कोचेस इन एन.आर. ।

उपरोक्त निविदा के सन्दर्भ में निविदा में निम्नलिखित परिवर्तन किया गया है।

| क्रम सं. | विवरण | परिवर्तन |
|---|---|---|
| 1 | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने की तिथि को 20.08.2025 तक बढ़ा दिया गया है |

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर upload कर दिया गया है।

2417/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बहनों ने राखी बांधकर पुलिस से सुरक्षा का लिया वचन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर अंचल लखनऊ संच काकोरी की महिलाओं ने काकोरी थाने में रक्षाबंधन कार्यक्रम एकल अभियान में कार्य कर रही आचार्य बहनों द्वारा पुलिस विभाग के भाईयो को रक्षासूत्र बंधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर थाना प्रभारी सतीश राठौर सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने मिलकर सभी बहनों को सुरक्षा हेतु बचन देते हुए कहा कि समिति सी जुड़ी सभी बहनों की ही नही समस्त बहनों की सुरक्षा का वचन देते हैं और एकल अभियान में बहनों की निष्ठा और लगन में कार्य करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित थाना काकोरी के थाना प्रभारी व समस्त पुलिस कर्मियों सहित ,क्षेत्रीय पत्रकार व संच अध्यक्ष ओम साहू ,संच प्रमुख रजनी तिवारी ,अंचल प्रशिक्षण प्रमुख आशीष कुमार ,संच सचिव जितेंद्र तिवारी एवं आचार्य सहित दर्जनों बहने उपस्थित रही।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने जय हिन्द यात्रा निकाल कर काकोरी क्रांतिकारियों को अर्पित की श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। ऐतिहासिक काकोरी ट्रेन काण्ड की 100 वीं वर्षगांठ व अगस्त क्रांति के 83 वर्ष पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर कंाग्रेस के जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह चौहान बबलू के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित वरिष्ठ नेताओं के द्वारा हरदोई रोड से काकोरी शहीद स्मारक तक जय हिन्द यात्रा का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय,विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय व पूर्व मंत्री पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी मौजूद रहे।यात्रा में शामिल सभी लोगों ने शहीद मंदिर पहुंच कर शहिदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।यात्रा में शामिल सभी लोगों ने गांधी टोपी,हाथों में तिरंगा व देशभक्ति के नारों वाली तख्तियां लिए हुए थे।इस



अवसर पर सभी वरिष्ठ नेताओं ने विचार साझा किया।साथ ही परिसर में ही वृक्षारोपण कर युवाओं को पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक इन्दल कुमार रावत, श्याम किशोर शुक्ला,उपाध्यक्ष दिनेश सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी,एमटी अंसारी,महीप सिंह,मोहम्मद हनीफ खान,शिव बहादुर सिंह,गोलू पाठक,प्रमोद सिंह,शरद मिश्रा,आसिफ मुस्तफा,शीबू खान,मनोज भार्गव,ओमप्रकाश सिंह,जमील अहमद अब्बासी,संतोष मौर्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# लखनऊ में सीएम योगी का आह्वान: ‘हर घर तिरंगा फहराएं, देश की आन-बान-शान बढ़ाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। शुक्रवार को काकोरी में, काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया और अपने संबोधन से लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार किया। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महान क्रांतिकारियों को याद किया और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 100 वर्ष पहले जिन क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था, उनको बार-बार याद करना और उनके प्रति सम्मान जताना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यह समारोह उसी संकल्प को आगे बढ़ाने का एक प्रयास है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे देशभक्ति को जन-जन के हृदय में



फिर से स्थापित करें, क्योंकि क्रांतिकारियों के इसी जज्बे ने 1947 में देश को आजादी दिलाई थी।

इस मौके पर, सीएम योगी ने हर नागरिक से अपील की कि वे ‘हर घर तिरंगा’ के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि तिरंगा झंडा भारत की आन, मान और शान का प्रतीक है और इसे हर घर पर फहराया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने महान सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान से ही हमारा देश स्वतंत्र हुआ है और भारत की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित हुई है। इस समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ सीएम योगी के संबोधन का समर्थन किया।

# एमकेआईटीएम में पर्यटन पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) में विभिन्न कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया जारी है। पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। संस्थान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के सहयोग से ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड में कई शॉर्ट टर्म कोर्स में प्रवेश प्रदान कर रहा है। इच्छुक छात्र प्रवेश ले सकते हैं। होटल प्रबंधन के तीन सर्टिफिकेट कोर्स एवं एक डिप्लोमा कोर्स ( जुलाई सत्र) की प्रवेश प्रक्रिया मध्य जून से प्रारम्भ हो चुका है। सर्टिफिकेट कोर्सेस में सर्टिफिकेट इन फ्रंट ऑफिस ऑपरेशनस, सर्टिफिकेट इन हाउस कीपिंग ऑपरेशनस एवं सर्टिफिकेट इन फूड एंड बेवरेज सर्विस ऑपरेशनस तथा डिप्लोमा कोर्स के अंतर्गत पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन होटल ऑपरेशंस सम्मलित किया गया है। इन पाठ्यक्रमों का शुल्क न्यूनतम रखा गया है, जिसमें पंजीकरण शुल्क 400 रुपए प्रति पाठ्यक्रम है। छह महीने के सर्टिफिकेट कोर्स की फीस जहां 3000 रुपए प्रति अभ्यर्थी है, वहीं एक वर्ष का कोर्स करने के लिए मात्र 9000 रुपए अभ्यर्थियों से लिया जाएगा द्य इग्नू द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स के लिए 18 क्रेडिट तथा पीजी डिप्लोमा के लिए 48 क्रेडिट निर्धारित किए गए हैं। प्रवेश के लिए न्यूनतम अर्हता 12वीं पास (इंटरमीडिएट) रखी गई है। शिक्षण का माध्यम हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेगा। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। बिना विलम्ब शुल्क के 15 अगस्त तक दाखिला लिया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य जानकारी के लिए एमकेआईटीएम या इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते हैं। प्रवेश पोर्टल (दूरस्थ शिक्षा): पर भी इच्छुक अभ्यर्थी कोर्स से सम्बंधित जानकारी ले सकते हैं।

# मदरसों में धूमधाम से मनाया जाएगा आज़ादी का महोत्सव : दानिश आज़ाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी मदरसों में आज़ादी का महोत्सव भव्य एवं व्यापक स्तर पर मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग को पत्र के माध्यम से राज्य मंत्री ने कहा है कि 10 से 13 अगस्त तक सभी मदरसों में देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस संगोष्ठी, छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों में देश के प्रति गर्व, सम्मान एवं जागरूकता की भावना और प्रबल



हो। उन्होंने निर्देश दिया कि 13 से 15 अगस्त तक प्रदेश के समस्त मदरसों पर तिरंगा फहराना सुनिश्चित करते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाए। साथ ही 15 अगस्त को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मदरसों में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के साथ छात्र छात्राओं में स्वच्छता जागरूकता अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। श्री अंसारी ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य युवाओं और बच्चों में देश की स्वतंत्रता संग्राम की गाथा, बलिदानियों के योगदान तथा तिरंगे के महत्व के प्रति गहरी समझ विकसित करना है। उन्होंने मदरसों के प्रबंधकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से इस महोत्सव को उत्साह एवं अनुशासन के साथ मनाने का आह्वान किया।

# सपा सरकार में शिक्षा ही नहीं संस्कृति का भी हुआ अपमान 3.45 करोड़ बच्चे थे स्कूल से दूर : बेसिक शिक्षा मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था तुष्टिकरण, भाई-भतीजावाद, नकल माफिया और लापरवाहियों की शिकार थी, जबकि भाजपा सरकार ने पारदर्शिता, निवेश और सोच के साथ इसे बदलने का कार्य किया है। उन्होंने 2015 के अखबार की कटिंग दिखाते हुए सपा मुखिया को आईना दिखाया और कहा कि सपा के राज में 3.45 करोड़ बच्चे स्कूल से दूर थे। संदीप सिंह ने कहा कि ''जब से भाजपा आई तभी पढ़ाई में जान आई!''

संदीप सिंह ने सपा मुखिया को घेरते हुए कहा कि 2012 से 2017 के बीच अखिलेश सरकार में एक भी ऐसा मॉडल स्कूल नहीं बना, जिसे राज्य गौरव से

## जब से भाजपा आई तभी पढ़ाई में जान आई: संदीप सिंह

दिखा सके। उन्होंने कहा कि सपा ने सिर्फ शिक्षा ही नहीं, संस्कृति का भी अपमान किया। वहीं, भाजपा सरकार ने 2017 के बाद शिक्षा सुधार प्रयासों पर निरंतर काम किया। ?11,500 करोड़ से अधिक की लागत से ‘ऑपरेशन कायाकल्प’ के अंतर्गत 19 बुनियादी सुविधाएं परिषदीय विद्यालयों में पहुंचाई गईं, जिनमें पेयजल, टॉयलेट, ब्लैकबोर्ड, फर्नीचर, बिजली, और क्लासरूम का सुदृढ़ीकरण शामिल है। संदीप सिंह ने कहा कि सपा सरकार के समय जहां बच्चों की संख्या घट रही थी, वहीं भाजपा सरकार ने इस प्रवृत्ति को रोका और इस वर्ष के स्कूल चलो अभियान में 27 लाख से अधिक बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में हुआ।

संदीप सिंह ने बताया कि हर जिले में



दो मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय की लागत 30 करोड़ है। इनमें नई एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अनुरूप केजी से 12वीं तक की आधुनिक शिक्षा व्यवस्था होगी। इसी प्रकार, सभी 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, जिनमें 18,000 से अधिक श्रमिक एवं अनाथ बच्चों को मुफ्त आवासीय शिक्षा, भोजन, खेलकूद व कौशल विकास की सुविधा दी जा रही है। यही नहीं, यूपी के 1,722 स्कूलों (1565 परिषदीय, 157 माध्यमिक) को पीएमश्री स्कूल्स के अंतर्गत स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल सामग्री और प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से लैस किया जा रहा है। वहीं 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में ऋष्ठ लैब, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, टॉयलेट ब्लॉक और डॉर्मेट्री की व्यवस्था की गई है। संदीप सिंह ने कहा कि 2017 से पहले जो शिक्षा की स्थिति थी और 2017 के बाद जो स्थिति है उसमें जमीन-आसमान का अंतर है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सपा राज में तुष्टीकरण, तानाशाही, नकल माफिया, शिक्षा की बर्बादी थी। वहीं, भाजपा राज में संतुष्टीकरण, निवेश, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है। आज प्रदेश के बच्चे गर्व से स्कूल जा रहे हैं, स्मार्ट क्लास में पढ़ रहे हैं, बिना नकल परीक्षा दे रहे हैं और भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं। यही भाजपा सरकार का पराक्रम है।

# वर्ष 2017 के बाद वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों की संख्या में करीब 80 प्रतिशत की वृद्धि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पिछले आठ साल में समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। वर्ष 2017 से पहले लोकहित की योजनाएं असली पात्र तक पहुंचने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थीं। योजनाओं का लाभ दिलाने में जाति-मत और मजहब को आधार बनाया जाता था। प्रदेश को गीरीबी से मुक्त राज्य बनाने के लिए सरकारों के पास किसी भी तरह का रोडमैप नहीं था। वर्ष 2017 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश की बागडोर संभालते ही योजनाएं न सिर्फ पटरी पर आईं, बल्कि लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लेकर आई हैं। वृद्धावस्था पेंशन से लेकर सामूहिक विवाह और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग तक जन कल्याणकारी सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकि समावेशिता ने इसका दायरा और प्रभावशीलता आज कई गुना तक बढ़ाया है।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया है कि, वर्ष 2017 के पहले प्रदेश के वृद्धजनों को न

## आठ साल में छात्रवृत्ति योजना में तकनीकि परिवर्तन से आया बड़ा बदलाब, 1.70 करोड़ से अधिक छात्र हुए लाभान्वित

## अब तक 1.08 लाख दलित युवाओं को योगी सरकार ने स्वरोजगार से जोड़ा

सिर्फ तीन सौ रुपये मासिक पेंशन राशि निर्धारित की थी, बल्कि ये भ्रष्टाचार से कराह रही थी। प्रदेश में सत्ता संभालने के बाद योगी सरकार ने इस योजना में समयबद्ध व पारदर्शी पेंशन प्रक्रिया लागू कर प्रदेश के बुजुर्गों और किसानों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित किया है। जिससे न सिर्फ लाभार्थियों की संख्या बढ़ी है बल्कि घर बैठे आसानी से पेंशन की राशि प्राप्त कर रही हैं। वर्ष 2017 के पहले वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना के 37.47 लाख लाभार्थी थे, आठ वर्ष में बढ़कर 67.50 लाख हो गए हैं। यह करीब 80 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। यही नहीं योगी सरकार ने पेंशन राशि को 300 रुपये से




बढ़ाकर एक हजार रुपये प्रतिमाह किया। जो वृद्धजनों के लिए आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों, जिनके मुखिया (18-59 वर्ष) की मृत्यु हो जाती है, उन्हें योगी सरकार की ओर से 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। 2017 के पहले मात्र 86 हजार परिवार इससे लाभान्वित हुए, जबकि 2024-25 में लाभार्थियों की संख्या बढ़ी और 8,72,896 परिवारों को योजना का लाभ मिला।

योगी सरकार द्वारा लाभ देने के प्रक्रिया में ऑनलाइन प्रणाली ने इस योजना को पारदर्शी और समयबद्ध बनाया, जिससे लाखों परिवार आज इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। यही नहीं वंचितों को वरीयता का मूलमंत्र को आधार बनाकर योगी सरकार ने बीते आठ वर्षों में 06 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

योगी सरकार ने छात्रवृत्ति योजनाओं का पूर्ण कम्प्यूटरीकरण कर आधार-आधारित ई-पेमेंट सिस्टम लागू किया गया। पूर्वदशम (कक्षा 1-8) और दशमोत्तर (कक्षा 9-12) में अनुसूचित जाति (एससी) और सामान्य वर्ग के छात्रों को इसका भरपूर लाभ मिला। 2017 के पहले एससी के कुल 41.68 लाख (पूर्वदशम) और 12.80 लाख (दशमोत्तर) छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई, जबकि सामान्य वर्ग में 2017-18 के 7.77 लाख (पूर्वदशम) और 5.71 लाख (दशमोत्तर) को छात्रवृत्ति दी गई। योगी सरकार के आठ वर्षों में 1.70 करोड़ से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल चुका है। योगी सरकार ने छात्रवृत्ति वितरण में आधार बेस्ड भुगतान प्रणाली की व्यवस्था लागू कर इसमें पारदर्शिता व समयबद्धता सुनिश्चित की।

अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत पीड़ित परिवारों को 85 हजार से 8,25,000 तक की सहायता दी जाती है। 2017 के पहले 16,507 दलित परिवारों पर अत्याचार की शिकायत के बाद सहायता प्रदान की गई। वहीं सरकार की सुदृढ़ कानून व्यवस्था और बेरतर शासन की बदौलत दलितों पर होने वाले अत्याचार में भारी गिरावट दर्ज आई। योगी सरकार ने सामाजिक न्याय को मजबूती प्रदान की और 2024-25 में पीड़ितों का आंकड़ा गिरकर 13,436 परिवारों तक पहुंच गया है।

यूपी में सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने गरीब बेटियों की शादी में आने वाले आर्थिक व्यवधान को दूर करने को प्राथमिकता दी। यह योजना लागू होने के साथ ही गरीब बेटियों के उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। अब तक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 4,76,207 जोड़ों का सामूहित विवाह सम्पन्न हो चुका है। योगी सरकार ने लाभार्थियों के लिए योजना को और सुलभ और आसन कर जरूरतमंद परिवारों के लिए विवाह को सुलभ बनाया है।

योगी सरकार जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में 60 फीसदी अनुसूचित जाति-जनजाति, 25 फीसदी पिछड़ा वर्ग और 15 फीसदी सामान्य वर्ग के छात्रों को मुफ्त शिक्षा, आवास, यूनिफॉर्म और किताबें उपलब्ध करा रही है। इस योजना से जहां 2017 के पहले 31,484 छात्रों को लाभ मिला, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 32,538 रहा। इन आठ वर्ष में सीएम योगी के निर्देश पर इसे प्रभावशाली बनाते हुए कुल 2,65,666 छात्र-छात्राओं को लाभांवित किया गया है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित 100 विद्यालयों में से 41 विद्यालय सीबीएसई बोर्ड के हैं, बाकि 59 माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबद्ध हैं। योगी सरकार 45 विद्यालयों में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कर शिक्षा को और उच्चीकृत किया है। प्रदेश में 20 नए विद्यालयों का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री योगी द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत गरीब मेधावी छात्रों को आईएएस,पीसीएस, जेईई, एनईईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था प्रदान की जा रही है। 2020-21 में 5,128 छात्रों से शुरू होकर 2024-25 में 23,017 छात्र इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। इसमें अबतक कुल 76,059 छात्रों को लाभांवित किया जा चुका है।

# बिसवां नगर : बाबा मंशाराम प्रांगण में जलभराव बना सिरदर्द

## रक्षाबंधन मेले पर छाया संकट के बादल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। नगर के अमर नगर मोहल्ले में स्थित बाबा मंशाराम प्रांगण में जलभराव की समस्या ने स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। खासकर रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मेले को लेकर चिंता बढ़ गई है, क्योंकि जलभराव के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रांगण के पास नवनिर्मित नाले का निर्माण मानक विहीन तरीके से किया गया है। नाला सड़क से काफी ऊंचाई पर बनाया गया, जिसके चलते बारिश का पानी अब प्रांगण में ही जमा हो रहा है, जबकि पहले यह आसानी से बाहर निकल जाता था। इस समस्या को लेकर मोहल्ला निवासियों ने पहले भी आपत्ति जताई थी, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।स्थानीय निवासी राजकुमार ने बताया, ''नाले का निर्माण सही तरीके से नहीं हुआ। बारिश के दिनों में प्रांगण में पानी भर गया है, जिससे न केवल श्रद्धालुओं को दिक्कत होगी, राहगीरों एवं नजदीक ही दो स्कूल होने के कारण बच्चों को भी निकलने में बहुत समस्या होती है। नगर पालिका परिषद को इस समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए।''रक्षाबंधन के मौके पर बाबा मंशाराम प्रांगण में हर साल भव्य मेले का आयोजन होता है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। लेकिन जलभराव की स्थिति ने इस बार मेले की तैयारियों पर सवालिया निशान लगा दिया है। एक श्रद्धालु, शांति देवी, ने कहा, ''हर साल हम इस मेले का इंतजार करते हैं, लेकिन इस बार जलभराव के कारण मंदिर तक पहुंचना मुश्किल हो सकता है। नगर प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।''निवासियों ने नगर पालिका से मांग की है कि नाले के निर्माण में सुधार किया जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। इस संबंध में स्थानीय नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस जवाब नहीं मिला है।जलभराव की इस समस्या ने न केवल धार्मिक आयोजन को प्रभावित किया है, बल्कि स्थानीय लोगों के दैनिक जीवन को भी मुश्किल बना दिया है। अब देखना यह है कि नगर पालिका परिषद इस दिशा में कितनी जल्दी कदम उठाता है, ताकि बाबा मंशाराम के दरबार में श्रद्धालुओं का उत्साह बना रहे।

## यूपी पुलिस की विधि विज्ञान प्रयोगशाला,कन्नौज को आईएसओ प्रमाणपत्र

लखनऊ । उत्तर प्रदेश पुलिस की कन्नौज स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला को आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।अपर पुलिस महानिदेशक (तकनीकी सेवायें) नवीन अरोरा ने शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा को कन्नौज प्रयोगशाला को प्राप्त आईएसओ प्रमाण पत्र की प्रति भेंट की। पुलिस महानिदेशक ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला, कन्नौज को पहली आईएसओ प्रमाणित प्रयोगशाला बनने पर पर्यवेक्षण अधिकारियों एवं कन्नौज प्रयोगशाला के कर्मचारियों को बधाई दी।विधि विज्ञान प्रयोगशाला, कन्नौज को फोरेंसिक जांच, विश्लेषण और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सेवा प्रदान करने के लिये प्रतिष्ठित 9001:2015 प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह कन्नौज प्रयोगशाला के लिये एक महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट उपलब्धि है, जो यह दर्शाता है कि प्रयोगशाला वैज्ञानिक विश्लेषण के कार्यों में उच्च स्तरीय गुणवत्ता, पारदर्शिता, तटस्थता एवं वैज्ञानिक प्रक्रिया का पालन कर रही है। यह प्रमाण न केवल प्रयोगशाला की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करेगा, बल्कि न्यायिक प्रणाली में वैज्ञानिक साक्ष्यों की विश्वसनीयता को भी और अधिक सशक्त बनाएगा।

## पुस्तक विमोचन एवं सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां,(सीतापुर)। आर्य समाज बिसवां के मंत्री अजीत आर्य द्वारा लिखी पुस्तक 'वैदिक क्षितिज के तट पर' का विमोचन वरिष्ठ राजनीतिज्ञ सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज व सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल के प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ जी के द्वारा उनके आवास पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया,साथ ही महर्षि दयानन्द कि 200वीं जयंती के अंतर्गत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित करने की प्रक्रिया में आर्य उप प्रतिनिधि सभा सीतापुर के द्वारा महेशचंद्र मेहरोत्रा बबुआजी को सामाजिक कार्यों में श्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रशस्ति पत्र,अंगवस्त्र व सत्यार्थ प्रकाश भेट कर सम्मानित किया गया।पेरिस की सरकारी बैंक में उच्च अधिकारी पद पर कार्यरत शिवि मेहरोत्रा को भी अंग वस्त्र व सत्यार्थ प्रकाश भेट करके सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन कवि आनंद खत्री के द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अध्यक्ष महेश चंद्र मेहरोत्रा ने कहा की आर्य समाज,समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए निरंतर तत्पर रहा है और सद्ग्रंथो के वाचन को बढ़ावा देने में जिसमें सनातन धर्म की महान पुस्तक वेद के पठन पाठन पर विशेष कार्य किया है।अजीत आर्य ने कहा कि वेद ही वो आचार संहिता है जिसको पढ़ने से आप अपने जीवन को सहज़ सरल और सुयोग्य बना सकते हैं।इस कार्यक्रम में संरक्षक कुलदीप सिंह, कोषाध्यक्ष कैलाशपति रस्तोगी,मनीष वैश्य, अनिल श्रीवास्तव, प्रमोद कपूर, अन्नू सेठ, राज किशोर रस्तोगी,विदुषी मेहरोत्रा,महेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में आर्यसमाज बिसवां के प्रधान रमापति रस्तोगी ने आये हुये अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# किसान संघ ने उठाई आवाज, बीडीओ को सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन

## किसानों ने मुख्य रूप से यूरिया की किल्लत और ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महमूदाबाद,सीतापुर। जनपद सीतापुर के महमूदाबाद ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत संघ के तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने मासिक बैठक का आयोजन किया।इस दौरान किसानों के सम्बंध में समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मुख्य रूप से यूरिया की किल्लत और ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की।ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया, ''कि किसान यूरिया के लिए काफी परेशान हैं, लेकिन सहकारी समितियों पर यूरिया उपलब्ध नहीं है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए।'' उन्होंने बारिश के मौसम से पहले इंटरलॉकिंग, नाली और खड़ंजे की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी की।किसानों ने भ्रष्टाचार का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।वही किसानों ने शाहपुर पंचायत में कार्यरत एक पंचायत सहायक पर गंभीर आरोप लगाए।कि किसानों का कहना है कि पंचायत सहायक ग्राम मिनी सचिवालय में नौकरी के साथ-साथ सीतापुर के किसी संस्थान से इगख्र कोर्स की पढ़ाई भी कर रही हैं और दोनों जगह पर एक साथ उपस्थित भी दर्ज हुई और पंचायत विभाग से सरकारी मानदेय भी ले रही हैं। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।किसानों ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के नारे लगाते हुए अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। ज्ञापन स्वीकार करते हुए खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाया जाएगा और भ्रष्टाचार की शिकायत पर जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।इस प्रकरण में जब ए डी ओ पंचायत के0 पी0 सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपके द्वारा जानकारी मिली है मैं इस पूरे प्रकरण की जाँच करूँगा अगर दोषी पाई जाने पर विभागीय दंडात्मक कार्यवाही करते हुए सरकारी धनराशि की रिकवरी कराई जाएगी।

## हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबन्धन पर्व

लखनऊ। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में अमृत विशालकक्ष मे प्रार्थना सभा में रक्षाबंधन की पूर्व बेला पर यह पर्व बड़े ही उत्साह और हर्ष के साथ मनाया गया जिसमें बहनों ने भाइयों के रक्षा सूत्र बांधा। कई भैया बहनों ने इसमें कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी तथा विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य दुर्गेश चंद्र पांडे जी ने भैया बहनों को इसके बारे में बड़े ही विस्तार से और बहुत ही मार्मिक तरीके से पौराणिक कथाओं के साथ जोड़ते हुए इसका बड़ा ही व्यापक चिंतन किया जिसमें उन्होंने बताया कि यह त्यौहार केवल भाई-बहन तक ही सीमित नहीं है इसमें गुरु शिष्य ,मामा भांजे, और विभिन्न रिश्तों के संदर्भ में भी इसको मनाया जा सकता है यह बताया। इसमें श्री और इंद्र की कथा ,हुमायूं और रानी कर्णावती की कथा, राजा बलि और लक्ष्मी जी की कथा इत्यादि के बारे में भी विस्तार से बताया साथ ही साथ विद्यालय की बहनों ने विद्यालय परिसर में विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्री यतींद्र शर्मा जी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक श्री राम जी सिंह को और परिसर के अन्य अधिकारियों को भी रक्षा सूत्र बांधा ।

# हड़ारमऊ में जर्जर पटजे और जलभराव से ग्रामीण परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। विकास खण्ड पहला के ग्राम पंचायत वाजिद नगर के मजरे हड़ारमऊ में वर्षों पुरानी बुनियादी समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। श्री कृष्ण के घर के सामने निकले मुख्य मार्ग पर बना पुराना ईंट का पटजा अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। हल्की सी बारिश होते ही रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है और करीब 15 परिवारों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है।

स्थानीय ग्रामीणों श्री कृष्ण, बृजभूषण, जय राम ,लल्लन बड़े लाल, धनीराम, रमेश, रामप्रसाद, बुधई लाल रघुराज, नौमी, धर्मेंद्र कुमार अवधेश वर्मा, भगौती वर्मा रमाकांत वर्मा, विजय बहादुरवर्मा,सुरेश वर्मा, राम लखन, राम आदि ने बताया कि यह समस्या करीब दो दशक पुरानी है। न तो रास्ते की मरम्मत हुई और न ही किसी प्रकार की नाली निर्माण की व्यवस्था है, जिससे बरसात के मौसम में जल निकासी न हो पाने के कारण भारी जलभराव और गंदगी फैल जाती है।ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर सात माह पूर्व सांसद श्री राकेश राठौर जी को लिखित में प्रार्थना पत्र सौंपा गया था, जिसमें उन्होंने आरसीसी इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।इसी विषय को लेकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री उपेंद्र यादव और ग्राम प्रधान श्री मदनलाल गुप्ता से भी कई बार शिकायत की गई है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं।

**वर्षों से इंतजार में सड़क और नाली का निर्माण**

**न तो रास्ते की मरम्मत हुई और न ही किसी प्रकार की नाली निर्माण की व्यवस्था हुई**

**ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर सात माह पूर्व सांसद श्री राकेश राठौर जी को लिखित में प्रार्थना पत्र सौंपा गया था, जिसमें उन्होंने आरसीसी इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ**

गांव के अन्य निवासी - धर्मेंद्र कुमार बताते है की इस रास्ते के सम्बंध मे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता जी को भी लिखित पत्र दिया जा चुका है उनके द्वारा भी आश्वासन मिला है की रास्ते का निर्माण कराया जाएगा परंतु अभी तक रास्ते का निर्माण नहीं हुआ है की तत्काल आवश्यकता है, ताकि बरसात में जलभराव और उससे उत्पन्न बीमारियों से ग्रामीणों को राहत मिल सके। जल्द ही समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क, नाली और जल निकासी की समस्या का समाधान कराया जाए, ताकि वर्षों पुरानी इस समस्या से राहत मिल सके।

# आपदा की घड़ी में सरकार आपके साथ : प्रभारी मंत्री

## सीएम योगी के नेतृत्व में राहत कार्यों की हो रही लगातार समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जल प्लावन से जूझ रहे ग्रामीणों के चेहरों पर राहत की रेखाएं उस वक्त खिंच गईं, जब प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल खुद राहत सामग्री लेकर उनके बीच पहुंचे। स्पर्श राजकीय दृष्टि बाधित बालिका इंटर कॉलेज, जगसड़ में आयोजित कार्यक्रम में जब 700 परिवारों को राशन किट सौंपी गईं, तो मानो बाढ़ की पीड़ा पर मरहम लग गया। मंत्री ने न केवल राहत पहुंचाई, बल्कि भरोसा भी दिया कि इस आपदा में सरकार हर जरूरतमंद के साथ चट्टान की तरह खड़ी है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी बाढ़ को लेकर अत्यन्त संवेदनशील हैं। उन्होंने मौजूद ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि आपदा के दौरान प्रदेश सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर केंद्र व प्रदेश सरकार आमजन के लिए अनेकों विकासपरक एवं जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर किसी भी दैवीय आपदा के समय पीड़ित का दुख दर्द बांटने में भी पीछे नहीं है। कहा कि पीड़ित परिवारों का कुशल क्षेम जानने तथा जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण पर आया हूँ।प्रभारी मंत्री ने कहा कि आपदा के समय पीड़ितों की हरसंभव मदद करना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने बताया कि 700 परिवारों को राहत किट वितरित की गई है और ज़रूरत के अनुसार वितरण जारी रहेगा। बाढ़ से प्रभावित फसलों और मकानों का मुआवज़ा दिया जाएगा। विस्थापित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर सुविधाएं दी जा रही हैं। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग को पीएचसी-सीएचसी पर दवाएं और एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभावित गांवों में दवा वितरण व छिड़काव भी कराया जा रहा है।*प्रभावितों की हर संभव मदद को प्रतिबद्ध सरकार : विधायक योगेश वर्मा*विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि बाढ़ राहत और बचाव कार्यों को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है। जिले में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से प्रभावितों तक हरसंभव सहायता पहुंचाई जा रही है। गत वर्ष डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रभावित परिवारों को त्वरित मुआवजा उपलब्ध कराया गया था। इस वर्ष भी राहत कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पीड़ित मदद से वंचित न रहे।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि प्रशासन की पूरी टीम राहत और बचाव कार्यों में दिन-रात लगी है।

# दस हजार रुपये से भरा थैला बाइक से चोरी

## बाल कटवाते समय हुई वारदात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। मझगई थाना क्षेत्र कस्बा बम्हनपुर बाल कटवाना एक व्यक्ति को उस समय भारी पड़ गया, जब बैंक से निकाले गए दस हजार रुपये का थैला उसकी बाइक से एक अज्ञात युवक चोरी कर ले गया। पीड़ित ने मझगईं पुलिस को तहरीर देकर चोरी के खुलासा कर रुपया दिलाने की मांग की है।मझगईं थाना क्षेत्र के दौलतापुर निवासी राजीव पांडेय पंजाब एंड सिंध बैंक से दस हजार रुपये निकालकर थैले में रखकर बाइक के हैंडल में टांग दिए। वह अपने बेटे समर को बाल कटवाने के लिए दौलतापुर रोड स्थित अनीश हेयर कटिंग की दुकान पर ले गए। उन्होंने बाइक दुकान के बाहर खड़ी कर दी और बेटा के बाल कटवाने के लिए दुकान के अंदर चले गए। इसी दौरान एक अज्ञात युवक, जो संभवतः बैंक से ही पीछा करता आ रहा था, मौके का फायदा उठाकर बाइक से पैसों से भरा थैला चुराकर फरार हो गया। बाल कटवाने के बाद जब राजीव पांडेय ने देखा कि थैला गायब है, तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने आसपास पूछताछ की, लेकिन किसी को कुछ पता नहीं चला। सूचना मिलने पर बीसी पॉइंट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई, जिसमें एक युवक को बाइक से रुपयों से भरा थैला लेकर भागते हुए देखा गया है। पीड़ित राजीव पांडे ने मझगई पुलिस को तहरीर देकर मामले में उचित कार्रवाई करते हुए चोरी गए पैसे वापस दिलाने की मांग की है।

## जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते विकास कार्य नदारद



संसारपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी की ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत रामपुर नंबर 18 मे ज़िम्मेदारो की उदासीनता के चलते सड़क,गलियों और नालियों सहित अन्य विकास कार्य बिलकुल शून्य पड़े हुए है। पंचायत के मजरा सरकारगढ़ में गांव की मुख्य सड़क पर विकास कार्य बिलकुल ही नही हुआ है।पंचायत मे प्रत्येक पंचवर्षीय मे कई प्रधान निर्वाचित हुए और कार्यकाल भी समाप्त हो गया किन्तु विकास कार्य नहीं हो पाया है जिससे आने जाने वाले राहगीरों को कीचड़ में निकलने के कारण भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।बारिस के मौसम मे तो राहगीरों का सड़क पर जलभराव के कारण निकलना भी मुश्किल हो चुका है।उक्त प्रकरण मे जब ग्राम प्रधान नीरज से वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि बारिस का मौसम है रास्तों पर जलभराव तो हो ही जाता है और बारिस खत्म हो जाने बाद सड़कों की समस्या का शीघ्र ही निस्तारण कराया जायेगा।वहीं उक्त प्रकरण मे जब ग्राम पंचायत अधिकारी योगेश वर्मा से वार्ता करके समस्याओं से अवगत कराया गया तो उन्होंने भी शीघ्र ही समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

## पुलिस आयुक्त महिला प्रशिक्षु आरक्षियों से लिये फीडबैक



वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा ने रिजर्व पुलिस लाइन आरटीसी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 501 महिला प्रशिक्षु आरक्षियों को संबोधित कर प्रशिक्षण संबंधी फीडबैक लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि रिक्रूट ट्रेनिंग कोर्स एन.पी.ए. की तर्ज पर संचालित किया जा रहा है, जिससे प्रशिक्षुओं को तकनीकी युग की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। इस दौरान फॉरेन्सिक ज्ञान का मूल्यांकन, दैनिक दिनचर्या एवं प्रशिक्षण गुणवत्ता का परीक्षण, सुविधाओं के उन्नयन हेतु निर्देश, तथा कमांड कंट्रोल, चेन ऑफ कमांड, अनुशासन, सेवा-भावना, संवैधानिक मूल्यों एवं शारीरिक-मानसिक दक्षता के महत्व पर विशेष जोर दिया गया, साथ ही प्रशिक्षण को पूरे सेवाकाल की मज़बूत नींव बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त (लाइन्स) श्री प्रमोद कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त (लाइन्स) श्री वैभव बांगर, अपर पुलिस उपायुक्त (महिला अपराध) श्रीमती नम्रता श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त (लाइन्स) श्री ईशान सोनी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस महानिदेशक ने की जनसुनवाई,साइबर अपराध की समीक्षा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने शुक्रवार को जनसुनवाई,साइबर अपराध और प्रशिक्षण को लेकर जारी आदेश की समीक्षा की।वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये की गयी समीक्षा बैठक में सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक,पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक,पुलिस उप महानिरीक्षक,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,पुलिस अधीक्षक, जिला प्रभारी मौजूद रहे।श्री कृष्णा ने बैठक के दौरान अपनी 10 प्राथमिकताओं को दोहराते हुये क्रमवार सभी प्राथमिकताओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने कहा कि दस प्राथमिकताओं के लक्ष्य को तीन बैक बोन तकनीक, प्रशिक्षण एवं प्रतिभा विषेषज्ञता के जरिये प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है।उन्होने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण का मूल्यांकन इन्फार्मेशन एवं डेटा के आधार पर करना होगा। गोष्ठी के दौरान पुलिस महानिदेशक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिलों के आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण के तुलनात्मक डेटा को दिखाते हुये समीक्षा की तथा वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा की कि वह स्वयं नियमित रूप से आईजीआरएस के प्रकरणों की समीक्षा करेंगे।पुलिस प्रमुख ने कहा कि थानों की कार्यप्रणाली इस प्रकार विकसित करें कि कोई भी व्यक्ति थाने पर निसंकोच आ कर अपनी शिकायत दर्ज करा सके। थानों पर अवांछनीय तत्वों का प्रवेश पूर्णतया बंद करा दिया जाये।

# रक्षाबंधन पर डीएम आवास में गूंजा स्नेह का स्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। भाई बहन के बीच स्नेह,अटूट विश्वास,अगाध प्रेम को समर्पित रक्षाबंधन पर्व से एक दिन पूर्व शुक्रवार को जिलाधिकारी आवास पर शिक्षिकाओं संग पहुंची सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर (सीबीएससी) की बालिकाओं ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के स्नेहस्वरूपी राखियां बांधी। डीएम ने बालिकाओं समेत मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी उपहार भेंट किए।बालिकाओं ने एक-एक कर डीएम की कलाई पर राखी बांधी। जैसे ही बालिकाएं राखी बांधने के लिए आगे बढ़ीं, डीएम ने स्नेहपूर्ण मुस्कान के साथ उनका स्वागत किया, उनके नाम और क्लास पूछीं। इस मौके पर डीएम ने बच्चों से बात की और उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान बच्चों के बीच डीएम भी बेहद खुश नजर आई। वहीं बच्चे भी डीएम से मिलकर खुश थे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि ये बेटियां निडर आगे बढ़ें, आकाश छुएं; यही प्रार्थना है, यही प्रयास है। जनपदवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाइयों के लिए बहनों के प्यार और स्नेह की अभिव्यक्ति है और उनके बीच अटूट बंधन को दोहराने का अवसर है। रक्षा बंधन का त्योहार सहज प्रेम और पारस्परिकता का प्रतीक है और यह लोगों को करीब भी लाता है। मेरी कामना है भाई और बहन के आपसी विश्वास का यह पर्व हमारे समाज में महिलाओं के लिए सद्भाव और सम्मान को प्रोत्साहित करे। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (सीबीएससी) के आचार्य संजय द्विवेदी, धीरज श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव में वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत जनपद में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन करने के उद्देश्य से शुक्रवार सुबह शहीद स्मारक स्थल पर ल्लवीर शहीदों को नमनङ्क कार्यक्रम आयोजित हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं सीडीओ अभिषेक कुमार ने अफसरों संग स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस अवसर पर डीएम ने कहा कि ल्लकाकोरी ट्रेन एक्शनङ्क भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वह अमर गाथा है, जिसने देशवासियों में दायित्व बोध और आत्मबल जागृत किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि यह घटना राष्ट्र की स्मृति में सदा अमर रहेगी।इससे पूर्व जीआईसी सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रभात फ़ेरी निकालते हुए वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों से शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। फ़ेरी में शिक्षक, एनसीसी कैडेट्स सहित विद्यालय स्टाफ भी सम्मिलित रहा।वही राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक विनोद शंकर अवस्थी व सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया और उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव संबोधन को भी देखा और सुना।विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि यह अवसर ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धा देने का है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ल्लकाकोरी कांडङ्क को ल्लकाकोरी ट्रेन एक्शनङ्क नाम देकर इस ऐतिहासिक घटना को नई पहचान दी है।सीडीओ अभिषेक कुमार ने अपने संबोधन में काकोरी ट्रेन एक्शन के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने अतिथियों, बच्चों और आयोजन में सहभागी सभी का आभार जताया।इस दौरान जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाषण, निबंध, चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा नामित सांस्कृतिक दलों व जिले के विद्यालयों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य व गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बिलारी में गन्ना संस्थान की प्रगति काफी खराब होने तथा मुख्य बिल्डिंग को छोड़कर अन्य कार्य कराए जाने पर जिलाधिकारी ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए पहले मुख्य भवन को बनाने के निर्देश दिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेझ्रट सभागार में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बिलारी में गन्ना संस्थान की प्रगति काफी खराब होने तथा मुख्य बिल्डिंग को छोड़कर अन्य कार्य कराए जाने पर जिलाधिकारी ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए पहले मुख्य भवन को बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को प्रगति विवरण का चार्ट रिपोर्ट उपलब्ध कराने के साथ ही प्रतिदिन करायी गयी प्रगति के फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कार्य पूर्ण होने की तिथि के उपरान्त ही कार्य पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण द्वारा नमामि गंगे 25 एमएलडी सैटअप तथा रुस्तमनगर सहसपुर में निर्माणाधीन परियोजना में कार्य प्रगति धीमी होने पर जिलाधिकारी ने तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा मुरादाबाद में गन्ना किसान संस्थान एवं छात्रावास, यूपी सिडको द्वारा सीड स्टोर एण्ड टैक्नोलाजी डेमीनेशन सेन्टर, जटपुरा में इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजूकेशन, सीएनडीएस द्वारा बिलारी में प्रशासनिक भवन, ठाकुरद्वारा में श्री हनुमान समाधि, प्रेम सन्यास आश्रम नियास का पर्यटन, ग्राम खदाना में शौचालय ब्लाक की स्थापना तथा अतिरिक्त कक्षाएं मल्टीपरपज हाल की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाकर समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ संख्याधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित सीएनडीएस, यूपीपीसीएल, आरईएस, उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन, उत्तर प्रदेश जल निगम, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद, यूपी सिडको, उत्तरप्रदेश राजकीय निर्माण निगम, सेतु निगम, पैकफ़ेड, लघु उद्योग आदि कार्यदायीं संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहें।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट स्थित मुशायरा ग्राउंड में किया रुद्राक्ष का पौधरोपण

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्टेझ्रट स्थित मुशायरा ग्राउंड में रुद्राक्ष का पौधरोपण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि सावन के माह में रुद्राक्ष के पौधे को लगाने का अभियान शुरु किया है, रुद्राक्ष का पौधा औषधीय दृष्टि से काफी गुणकारी एवं लाभकारी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी नगर सुश्री ज्योति सिंह, डा0 विशेष गुप्ता, डा0 प्रदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहें।

## शारीरिक, मानसिक रूप से रहे फिट : एसएसपी डा. बृजेश कुमार सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। तेजतर्रार एसएसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की ली गई सलामी शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों को लगवाई गयी दौड़ नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया परेड उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन की समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आपको बता दें कि एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन बदायूँ में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी/लाइन ''डॉ0 देवेन्द्र कुमार'' द्वारा किया गया। टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी तथा सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी तथा सभी पुलिस कर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, समयबद्धता, और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व पर बल देते हुए प्रेरित किया गया एवं पुलिस सेवा के उच्च मानकों को बनाए रखने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। परेड के पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन बदायूँ स्थित क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, गार्दरुम, जीपी स्टोर, यातायात कार्यालय, परिवहन शाखा, जीडी कार्यालय, केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन, गैस एजेन्सी, आरओ प्लांट, पुलिस कन्ट्रोल रुम, क्रिप्टो सेन्टर पुलिस रेडियो शाखा, पुलिस मॉर्डन स्कूल बदायूँ, आटा/मसाला चक्की, भोजनालय, पुलिसकर्मियों के बैरक आदि का निरीक्षण किया गया, तदोपरांत रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आर0टी0सी बैरक, स्कूल, अस्पताल, सैलून, भोजनालय, शौचालय आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, आरटीसी प्रभारी श्री राजेन्द्र सिंह पुण्डीर व प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस लाइन के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## स्कूली छात्राओं ने जिलाधिकारी को बांधी राखी



**सैनिकों को भी भेजी राखी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में जिलाधिकारी अवनीश राय को ब्लूमिंग डेल स्कूल, टीथोनस स्कूल एवं एपीएस स्कूल की छात्राओं ने राखी बांधी। जिलाधिकारी ने सभी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायी संदेश दिया।इस अवसर पर छात्राओं ने न केवल जिलाधिकारी को राखी बांधी, बल्कि देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के लिए राखियों का एक विशेष बॉक्स भी भेंट किया। उन्होंने बताया कि यह पहल देश की रक्षा में लगे जवानों के प्रति सम्मान और भाईचारे का प्रतीक है। जिलाधिकारी ने इस भावपूर्ण कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं, बल्कि बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की अध्यापिकाओं ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं त्योहारों के महत्व से अवगत कराया। सभागार में रक्षाबंधन के इस अवसर पर भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता एवं देशप्रेम की भावना का अनूठा संगम देखने को मिला।कार्यक्रम में ब्लूमिंगडेल स्कूल, टीथोनस स्कूल एवं एपीएस स्कूल की अध्यापिकाएं, छात्राएं एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सपा नेता अमित यादव की गिरफ्तारी से थाने में जुटे सैकड़ों समर्थक

**पुलिस ने 2 घंटे बाद छोड़ा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गुन्नौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बहजोई दौरे के दौरान कार्यक्रम स्थल पर हंगामा करने के आरोप में सपा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव को पुलिस ने गुरुवार को हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई की जानकारी मिलते ही क्षेत्र भर के सैकड़ों सपा कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गए। करीब दो घंटे की हिरासत के बाद पुलिस ने अमित यादव को रिहा कर दिया। रिहाई के बाद समर्थकों ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बताया जा रहा है कि गुरुवार को सपा नेता अमित यादव पुलिस की सख्त सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए पार्टी की पहचान वाली लाल टोपी पहनकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंच गए और मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने की जिद करने लगे। सूचना मिलते ही गुन्नौर थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने उन्हें थाने बुलाया, जहां वह शाम करीब पांच बजे अन्य सपा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। थाने में थाना प्रभारी से बहस और नोकझोंक के बाद पुलिस ने अमित यादव को हिरासत में ले लिया। इस घटना से सियासी हलकों में हलचल मच गई और आनन-फानन में दर्जनों सपा कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गए।पुलिस और सपा नेताओं के बीच बातचीत के बाद शाम करीब सात बजे अमित यादव को रिहा कर दिया गया।

## बबराला को नई सौगातः सीएम योगी ने किया थाने का उद्घाटन

**जीडी में दर्ज हुआ पहला तस्करा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बबराला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शिलापट अनावरण के साथ नगर में नवस्थापित बबराला पुलिस थाने का औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही थाने में प्रशासनिक प्रक्रिया की शुरुआत हो गई। सुबह ठीक 11.11 बजे जैसे ही मुख्यमंत्री ने थाने का अनावरण किया, हेड मुहर्रिर अमित शर्मा ने जनरल डायरी (जीडी) में पहली प्रविष्टि दर्ज कीः ह्लशासनादेश के अनुपालन में बबराला थाना विधिवत रूप से कार्य करना आरंभ कर रहा है।ङ्क यह क्षण नगर के लिए ऐतिहासिक बन गया।इसके तुरंत बाद थाना प्रभारी रोशन सिंह की आमद जीडी में दर्ज की गई। अब थाने में पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, शिकायतें, एफआईआर पंजीकरण और गश्त जैसी कार्यवाहियां नियमित रूप से संचालित की जाएंगी। शाम को विधिवत हवन-पूजन कर थाने का शुभारंभ किया गया। थाने के उद्घाटन की सूचना मिलते ही नगरवासियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग, व्यापारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और एक-दूसरे को बधाई दी। नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने इसे बबराला के लिए ऐतिहासिक दिन बताया और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सौगात मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और प्रशासन की तत्परता का परिणाम है।नवसृजित बबराला थाना क्षेत्र में अब कोतवाली गुन्नौर और थाना रजपुरा से हटाकर कुल 30 से अधिक गांव शामिल किए गए हैं, जिनमें बबराला नगर, कैल, फरीदपुर, नूरपुर, हीरापुर, मेहुआ हसनगंज, पंवारी, कहरोला पट्टी गर्वी आदि प्रमुख हैं।

## एरियर मिलते ही सभी कर्मचारियों के चेहरे खुशी से खिले, आभार जताया

बदायूं। नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने रक्षाबंधन औऱ जन्माष्टमी के मद्देनजर 548 सामान्य कर्मचारियों, सफाईकर्मियों, पेंशनर और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 16 लाख रुपये का एरियर बांटा। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस पर 359 कर्मचारियों को एरियर में 6 लाख 60 हजार 737 रुपये, पेंशन एरियर दिए गया। अन्य कर्मचारियों को अन्य मद में रुपये दिए। इस प्रकार 548 कर्मचारियों को 16 लाख एक हजार 909 रुपये का भुगतान किया गया है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि उनकी हमेशा से मंशा रही है प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान रहे। सभी सुखी औऱ खुश रहे। उन्होंने कहा वह नगर पालिका के प्रत्येक कर्मचारी को अपने परिवार का सदस्य मानती है। पालिका कर्मियो की खुशी में उनकी खुशी है। रक्षाबंधन, जन्माष्टमी बड़ा त्यौहार होता है। सभी कर्मचारी अच्छे से त्यौहार मनाएं, इसलिए यह एरियर बाँटा गया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी बनती है कि वह त्यौहार पर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए। अन्य कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि रक्षाबंधन औऱ जन्माष्टमी पर सभी शहरवासियों कोथ्येयजलापूर्ति औऱ स्ट्रीट लाइट की पर्याप्त सुविधा मिले। कहा कि सभी कर्मचारी नगर पालिका के परिवार हैं। वह वेतन,एरियर, बोनस, ग्रेजुटी पर ही निर्भर है। उनके बिना शहर का विकास नहीं हो सकता। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि रक्षा बंधन और जन्माष्टमी पर्व पर पूरे शहर में पानी और सफाई की बेहतर व्यवस्था रखी जाएगी। सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले बाजारों को साफ सुथरा रखने के लिए सफाई की व्यवस्था कराएं। इस अवसर पर मुख्य सफाई निरीक्षक मोहम्मद तैय्यब, सफाई निरीक्षक केशव गंगवार, लेखाकार लवी कुमार, कार्यलय अधीक्षक खालिद अली खां, लिपिक नवेद इकबाल,रजनेश, सफाई मजदूर संघ के नगर अध्यक्ष रमेश डी लाल, नगर सचिव अरुण कुमार व स्वायत शासन संघ के अध्यक्ष सचिन सक्सेना, महामंत्री नारायण दत्त शर्मा एवम पालिका के समस्त सामान्य व सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

## पुलिस की पकड़ से दूर जा रहे दो हत्यारोपी, चाकू के साथ गिरफ्तार

बदायूं। सदर कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को बहार हत्याकांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शहर के घंटाघर इलाके में एक अगस्त की रात खंडसारी निवासी बहार हुसैन पर चार हमलावरों ने जानलेवा हमला किया था। वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बहार हुसैन के बहनोई मुज्जमिल हुसैन ने खंडसारी मोहल्ले के फराज उर्फ सलमान, अकरम, तारिक व शहबाजपुर के हसनैन उर्फ बाबा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दो अगस्त को फराज कुरैशी व चार अगस्त को अकरम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस बीच पांच अगस्त को बहार हुसैन की बरेली के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। गिरफ्तारी मांग को लेकर परिजनों ने छह सड़का पर जाम भी लगाया था। वहीं, पुलिस ने जानलेवा हमले में दर्ज मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम कर बृहस्पतिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। कोर्ट के समक्ष पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया है। सदर कोतवाल प्रवीण सिंह ने बताया कि शेष बचे दो आरोपियों को जेल भेजा है। आगे की तफ्तीश जारी है। वहीं इस मामले को लेकर एक पुलिसकर्मी पर गाज गिर सकती है, जिसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## सघन एड्स जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु हुआ बैठक का आयोजन

बदायूँ । कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त 2025 के उपलक्ष्य में सघन एड्स जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु एक बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं की अध्यक्षता में किया गया, जो कि 12 अगस्त से अगले 2 माह तक पूरे जनपद में चलाया जायेगा जिसमें 12 अगस्त 2025 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं के कार्यालय से एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा। बैठक में सघन एचआईवी एड्स सघन जनजागरूकता अभियान का माइक्रोप्लान बनाकर सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारीयों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए स इसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी (एड्स) द्वारा जनपद में एचआईवी एड्स होने के कारण, जाँच,उनसे बचाव एवं इलाज के बारे में विस्तार से बताया गया स 12 अगस्त से अगले 2 माह तक कुल 12 तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें जनपद स्तरीय समन्वय बैठक, आई सी सी सामग्री मुद्रण, ग्राम पंचायत स्तरीय बैठकें, डोर टू डोर कैंपेन, निजी महाविद्यालयों में जागरूकता सत्र, फ़्लैशमाब, स्कूल आउटरीच प्रोग्राम, जागरूकता रैली, जिला चिकित्सालय परिसर में विशेष कैंप, लोक कला कार्यक्रम, कामगारो व अन्य क्लोज सेटिंग में जागरूकता सत्र,नशा मुक्ति केंद्रों एवं जुवेनायल होम्स में जागरूकता सत्र का आयोजन किया जायेगा स बैठक में समस्त स्टेक होल्डर विभाग /अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, युवा कल्याण विभाग, एनएसीपी, कार्मिक, क्षय रोग विभाग, कार्मिक हेपेटाइटिस कण्ट्रोल प्रोग्राम सहित समस्तमहत्वपूर्ण अधिकारीयों व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समापन समारोह में जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजन हुए सम्मानित

बदायूँ। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समापन समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत फिर से विश्व के शिखर पर होगा। जो जिस व्यक्ति का दायित्व है अगर वह पूरी ईमानदारी से उसका निर्वहन करे तो भारत फिर से सोने की चिड़िया बनेगा, ऐसा दिन अब दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी को राष्ट्र प्रथम की भावना को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए। सदर विधायक,जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने परिसर में लगाई गई विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसे सराहा। इस मौके पर जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।डायट परिसर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक ने सभी से स्वदेशी का उपयोग करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि अच्छा सोचो तो अच्छा होगा, आज नहीं तो कल होगा। उन्होंने क्रांतिकारी व उन वीर सपूतों को नमन किया जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च न्यौछावर कर दिया। इससे पहले सदर विधायक ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा गीत, नाटक आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि सभी से आवाहन किया कि हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत 13 से 15 अगस्त 2025 तक सभी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले व पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इससे पहले परिसर डायट परिसर आगमन पर जनप्रतिनिधियों का स्वागत बुके देकर किया गया। इस मौके पर जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों अशरफी लाल, मियां जान, रामसहाय, वीरेंद्र सिंह के परिवारजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## प्रदेश सरकार संस्कृत शिक्षा को दे रही है बढ़ावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ । संसार की उपलब्ध भाषाओं में संस्कृत प्राचीनतम भाषा है। इस भाषा में प्राचीन भारतीय सभ्यता और संस्कृति का बहुत बड़ा भण्डार है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक इस भाषा में रचनाएँ होती रही हैं, साहित्य लिखा जाता रहा है। जिन दिनों लिखने के साधन विकसित नहीं थे, उन दिनों भी इस भाषा की रचनाएँ मौखिक परम्परा से चल रही थीं। उस परम्परा की रचनाएँ आज, अक्षरशः सुरक्षित हैं। यही नहीं, उनके उच्चारण की विधि भी पूर्ववत है, उसमें कोई मौलिक परिवर्तन नहीं हुआ है।संस्कृत भाषा को देववाणी या सुरभारती कहा जाता है। इस भाषा में साहित्य की धारा कभी नहीं सूखी, यह बात इसकी अमरता को प्रमाणित करती है। मानवजीवन के सभी पक्षों पर समान रूप से प्रकाश डालने वाली इस भाषा की रचनाएँ हमारे देश की प्राचीन दृष्टि की व्यापकता सिद्ध करती हैं। श्वसुधैव कुटुम्बकमंश (सम्पूर्ण पृथ्वी ही हमारा परिवार है) का उद्घोष संस्कृत भाषा साहित्य की ही देन है। संस्कृत भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से भारोपीय परिवार की भाषा है। ग्रीक, लैटिन, अंग्रेजी, रूसी, फ्रांसीसी, स्पेनी आदि यूरोपीय भाषाएँ भी इसी परिवार की भाषाएँ कही गई हैं। यही कारण है कि इन भाषाओं में संस्कृत शब्दों जैसी ही ध्वनि और अर्थ वाले अनेक शब्द मिलते हैं। ईरानी भाषा तो संस्कृत से बहुत अधिक मिलती है। हमारे देश की प्रायः सभी आधुनिक भाषाएँ संस्कृत से जुड़ी हैं। हिन्दी, मराठी, गुजराती, बंगला, ओड़िआ, असमिया, पंजाबी, सिन्धी आदि भाषाएँ भी इससे विकसित हुई हैं।प्रदेश में संस्कृत माध्यम से पठन-पाठन की व्यवस्था के लिये कुल 1164 से अधिक संस्कृत माध्यमिक विद्यालय संचालित है, जिनमें 01 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत है। प्रदेश सरकार द्वारा संस्कृत शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिये निरन्तर कार्य किये जा रहे है जिससे संस्कृत शिक्षा को उल्लेखनीय बढ़ावा मिला है। प्रदेश में वर्तमान सरकार के पूर्व केवल 02 राजकीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालय थे किन्तु मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी ने 15 नवीन आवासीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना विद्यालयों की स्थापना का निर्णय लेते हुए निमार्ण कराया है। मुख्यमंत्री जी ने वर्ष 2023 में प्रदेश में सहायता प्राप्त 900 संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों की आधारित संरचना के विकास, विस्तार और सुदृढीकरण हेतु प्रथम बार धनराशि रू0100 करोड़ प्रदान किये है। इस वर्ष राजकीय तथा सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों के जीर्णोंद्धार अनुरक्षण और सुविधाओं के विकास हेतु प्रथम किश्त के रूप में रू0 13.65 करोड़ प्रोजेक्ट अलंकार हेतु अवमुक्त किया है। प्रदेश में इन सहायता प्राप्त विद्यालयों को साज-सज्जा और फर्नीचर इत्यादि के लिये रू0 05 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि भी प्रथम बार दी गयी। सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिये प्रथम बार पारदर्शी चयन प्रक्रिया बनायी गयी है तथा 1020 मानदेय शिक्षकों की तैनाती की गयी है।

### महराजगंज में शिव डिजिटल एक्स-रे का हुआ उद्घाटन

महराजगंज,रायबरेली। कस्बे में डिजिटल एक्सरे व ईसीजी जैसी सुविधाओं से लैस यह लैब खोला जा रहा है जिससे कस्बा सहित क्षेत्रवासियों को नई तकनीक के माध्यम से एक्स-रे व ईसीजी जैसी सुविधा उपलब्ध होंगी। यह उदगार आज कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित स्थित शिव डिजिटल एक्स-रे के उद्घाटन पर बतौर मुख्य अतिथि हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव मिश्रा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त कर रहे थे। कस्बे के रायबरेली रोड स्थित कृष्णा तिवारी मार्केट में शिव डिजिटल एक्स-रे के नाम से एक सेंटर खोला गया है इसके प्रोपराइटर प्रेरणा चौरसिया है। इन्होंने बताया कि यहां पर कुशल डॉक्टरों द्वारा एक्स-रे और ई.सी.जी जांच की जाएगी। मरीज के घर पर भी डिजिटल एक्स-रे की व्यवस्था 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। महराजगंज में यह व्यवस्था इससे पहले लोगों को उपलब्ध नहीं थी यह कस्बे वासियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ गौरव मिश्रा व राज्यमंत्री प्रतिनिधि शिवम तिवारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

## नहाते समय बच्चे की मौत, हड़कम्प

**पैर फिसलने से हुआ हादसा, परिजनों ने निकाला बाहर, गांव में पसरा मातम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ। गांव के पास बहने वाले नाले में नहाने गए 12 वर्षीय किशोर अल्ताफ की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में मातम है। जानकारी के अनुसार, रानीपुर गांव निवासी अशफाक का बेटा अल्ताफ नहाने के लिए गांव से होकर गुजरने वाले नाले पर गया था। बारिश के कारण नाले में पानी का बहाव तेज था। इसके साथ ही पानी की गहराई भी बढ़ गई थी। बताया जा रहा है कि नहाते समय अल्ताफ का पैर फिसल गया। वह गहरे पानी में चला गया। तैरना न आने के कारण वह पानी में डूबता चला गया। कुछ ही देर में वह डूब गया।आपको बताते चलें कि अल्ताफ के न लौटने पर परिजन और ग्रामीण नाले की ओर दौड़े। कुछ युवकों ने पानी में उतरकर उसकी तलाश शुरू की। काफी प्रयासों के बाद अल्ताफ को बाहर निकाला गया। उसे तुरंत सीएचसी बीघापुर ले जाया गया। लेकिन वहां मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता अशफाक मुंबई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। हादसे की खबर मिलने पर उन्होंने फोन पर ही रोते हुए परिजनों से बात की। वे तुरंत गांव के लिए रवाना हो गए। अल्ताफ अपने परिवार में सबसे बड़ा था। उसके एक बहन और दो छोटे भाई हैं। मां रुबीना और दादी रसूला का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर बीघापुर थाने से दरोगा सूरज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरोगा सूरज सिंह ने बताया कि यह एक हादसा है, फिर भी सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# सपा जिलाध्यक्ष समेत पांच लोगों को अदालत ने सुनाई दो साल की सजा

**वर्ष 2014 में फायरिंग और मारपीट समेत जमीन कब्जे के मामले में बसपा के पूर्व विधायक मोहम्मद जलील खां समेत 14 लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था**



गोण्डा। कोतवाली देहात क्षेत्र के चिश्तीपुर में वर्ष 2014 में हाईवे के किनारे स्थित बेश कीमती जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में फायरिंग और मारपीट की घटना हुई थी, जिस में एक पक्ष से बसपा के पूर्व विधायक मोहम्मद जलील खां समेत 14 लोगों के खिलाफ जान लेवा हमला सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं दूसरे पक्ष के सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन समेत पांच लोगों पर मामूली धाराओं में केस दर्ज किया गया था। आज इस मामले में एक पक्ष के सात व दूसरे पक्ष के 5 लोगों को सजा सुनाई गयी।बताते चलें कि 27 सितंबर 2014 को थाना कोत वाली देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम चिश्तीपुर में गोण्डा-अयोध्या हाईवे मार्ग में दो पक्षों के मध्य जमीन पर कब्जेदारी के विवाद को लेकर बलवा करते हुए मारपीट व जानेलवा हमला करने की घटना हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए थे।इस घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर दोनों पक्षों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।इस मामले में प्रथम पक्ष के सात व द्वितीय पक्ष के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।इस मामले में न्यायालय पीठासीन अधिकारी राजेश कुमार तृतीय द्वारा प्रभारी मॉनिटरिंग सेल,लोक अभियोजक अमित पाठक, कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल शिवपाल सिंह व थाना कोतवाली देहात के पैरोकार की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप आज प्रथम पक्ष के सात आरोपी अभियुक्तों को 7-7 वर्ष का कारावास व 64,250 रूपए का अर्थदण्ड तथा द्वितीय पक्ष के पांच अभियुक्तों को 2-2 वर्ष का कारावास व 11-11 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इनमें प्रथम पथ के साकिर अली पुत्र इंसान अली, आरिफ पुत्र नसीम, फिरोज खां पुत्र मोहसिन, मोबीन पुत्र सलीम, तसलीम पुत्र सलीम, कय्यूम पुत्र मोहम्मद नईम व मारूफ पुत्र सलीम निवासीगण चिश्तीपुर शामिल हैं।वहीं दूसरे पक्ष के समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन पुत्र गुलाम रसूल, अफसार हुसैन पुत्र गुलाम रसूल व सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरफराज हुसैन सोनू पुत्र अफसार हुसैन निवासीगण चिश्तीपुर तथा मासूम अली पुत्र छेदी निवासी सराय जरगर व गुलाम हैदर पुत्र स्वर्गीय नसीर निवासी दौलतपुर थाना कोतवाली देहात शामिल हैं।इस मामले में एक पक्ष सात लोगों को सात-सात साल की सजा सुनाए जाने के बाद पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया।

# देश के सच्चे रक्षकों के नाम नन्हीं कलाइयों का स्नेह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। रक्षा बंधन का पर्व इस बार नानपारा में एक भावनात्मक रूप लेकर आया, जब सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के बच्चों ने देश और समाज की सेवा में लगे अधिकारियों व जवानों को राखी बांधकर सम्मान, प्रेम और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत उपजिलाधिकारी नानपारा के आवास से हुई, जहां स्कूली छात्राओं ने तिलक कर राखी बांधी, मिठाई खिलाई और दीर्घायु व सुख-समृद्धि की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद बच्चों का दल एसएसबी की 42वीं और 59वीं बटालियन पहुंचा, जहां जवानों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। सैनिकों ने इस स्नेह को देशभक्ति की अमूल्य भेंट बताते हुए कहा कि घर से दूर रहकर भी आज उन्हें अपनों जैसा अपनापन मिला है। अंतिम पड़ाव में बच्चे कोतवाली पहुंचे और कोतवाल नानपारा रामाज्ञा सिंह तथा अन्य पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। बच्चों ने उनके निःस्वार्थ सेवा भाव के लिए आभार जताया, वहीं पुलिस अधिकारियों ने भी मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन, सेवा भावना और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान को प्रोत्साहित करना है। एसडीएम ने कहा, नन्हीं कलाइयों से बंधी यह राखी हमें अपने कर्तव्य की और भी गहराई से याद दिलाती है। वहीं एक एसएसबी जवान ने भावुक स्वर में कहा, आज हमें ऐसा लगा जैसे हम अपने ही घर में हैं।

# सरस्वती विद्यामंदिर की छात्राओं व ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहनों ने एसपी को बांधी राखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। रक्षा बंधन पर्व की गरिमा और भारतीय संस्कृति की परंपराओं को निभाते हुए सरस्वती विद्या मंदिर,मालवी नगर गोण्डा की छात्राओं व ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहनों द्वारा एक भावना त्मक एवं अनुकरणीय पहल करते हुए पुलिस कार्यालय,कैम्प कार्यालय पहुंचकर उच्चाधिका रिओ को राखी बाँधी गई। इस विशेष अवसर पर बालिकाओं, को आश्रम की बहनों ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल,अपर पुलिस अधी क्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय की कलाई पर राखी बाँधकर उन्हें भाई का स्नेह और सुरक्षा का प्रतीक प्रदान किया।बालिकाओं व बहनों ने तिलक लगाकर एवं आरती उतारते हुए पारंपरि क रीति-रिवाजों के अनुसार रक्षा सूत्र बाँधा औ र उनके दीर्घायु, कुशल स्वास्थ्य एवं कर्तव्यों के सफल निर्वहन की कामना की।कार्यक्रम में वि द्यालय की आचार्या अनुराधा शुक्ला,पूनम शर्मा प्रियंका सिंह,शशि पांडेय सहित ब्रह्मकुमारी आ श्रम की हेड बहन कुमारी चांदनी उपस्थित रहीं, कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल के प्रति आभार प्रकट करना तथा बच्चों में सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान एवं आत्मीयता की भावना का विकास करना रहा।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बालिकाओं,बहनों के द्वारा प्रदर्शित इस स्नेह और सम्मान को अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पर्वों पर समाज के विभिन्न वर्गों से इस प्रकार का स्ने ह मिलना पुलिस बल के मनोबल को और ऊँचा करता है।हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज की रक्षा एवं सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहें।अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने भी बालिकाओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और वि द्यालय परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस आयोजन ने समाज में 'रक्षक और संरक्षक'' के बीच आत्मीय संबंधों की भावना को और भी प्रगाढ़ किया है,जिससे न केवल बच्चों में नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों का विकास होता बल्कि पुलिस विभाग को भी समाज के साथ गहरे संवाद स्थापित करने का अवसर प्राप्त होता है।

## एसडीएम से की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत

महराजगंज,रायबरेली। तहसील क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। विलास मजरे जमुरावां के एक भाई लाल ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायत में बताया गया है कि गांव के रामकुमार पुत्र जागेश्वर, राम कंठ पुत्र राम कुमार, सत्यम पुत्र राम कंठ और शुभम पुत्र राम कंठ ने भूमि संख्या 3146 पर अवैध कब्जा कर लिया है। यह भूमि अभिलेखों में रामकुमार पुत्र जागेश्वर के नाम दर्ज है।इसी भूमि के पश्चिम में आबादी से जुड़ा हुआ चक रोड है। राजस्व निरीक्षक टीम द्वारा पैमाइश करके चक रोड को मनरेगा योजना के तहत बनवाया गया था। आरोप है कि प्रतिपक्षी लोगों ने अपनी दबंगई के बल पर इस रोड को तोड़कर अपने खेत में मिला लिया है।शिकायतकर्ता के अनुसार, ये लोग आबादी और तालाब जैसी सुरक्षित भूमि पर भी जबरदस्ती धान की रोपाई कर रहे हैं। सरकारी जमीन पर कीमती फसलें उगाकर ये लोग राजस्व का लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा रहे हैं।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह में डीएम ने स्वतंत्रता सेनानी व परिजन को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। नगर पालिका परिषद के टाउन हॉल में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समा पन पर,जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन,मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन और मुख्य राज्य सरकारी महेश प्रकाश ने दीप प्रज्वलितकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया।समारोह में वक्ताओं ने 9 अगस्त 1925 की ऐतिहासिक घटना को याद किया।इस दिन स्वतंत्रता सेनानि यों ने अंग्रेजी सरकार के खजाने को लूटकर आ जादी के आंदोलन में नई जान फूंकी थी। कार्य क्रम में देशभक्ति गीत,सांस्कृतिक प्रस्तुतियां औ र ऐतिहासिक प्रसंग प्रस्तुत किए गए।इससे यु वाओं में देशभक्ति की भावना जागृत हुई।जिला धिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि शहीदों का त्याग और बलिदान हमें हमेशा याद रखना चा हिए,यह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग बना ता है।समारोह के बाद जिला कारागार परिसर में अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।लाहिड़ी को काकोरी कंाड में उनकी भूमिका के लिए 17 दिसंबर 1927 को गोंडा जेल में फाँसी दी गई थी,जिला धिकारी और अन्य अधिकारियों ने उनके आद र्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।इस आ योजन ने गोंडा जिले में देशभक्ति और सम्मान की भावना को प्रबल किया।साथ ही स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी त क सफलतापूर्वक पहुँचाया है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों और नागरिकों ने भाग लिया।

# एसएसबी जवानों संग बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन

**भावनाओं और देशभक्ति से सराबोर हुआ माहौल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा अंतर्गत अगैय्या चौराहा स्थित एसएसबी मुख्यालय के समीप संचालित श्री कृपा राम जनजागृति विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर में उत्सव का वातावरण देखने को मिला, जहां रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों के हाथों में थाल सजाए हुए थे, जिनमें रक्षासूत्र, अक्षत, दीपक और मिठाइयां सुसज्जित थीं। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एसएसबी के जवानों का तिलक कर उनके हाथों में रक्षासूत्र बांधा और मिठाई खिलाकर भाई-बहन के इस पवित्र बंधन को मजबूती दी। इस दौरान बच्चों की आंखों में गर्व और उत्साह साफ झलक रहा था, वहीं जवान भी इस स्नेह और सम्मान से अभिभूत दिखे।विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि रक्षाबंधन का यह आयोजन यहां प्रतिवर्ष विशेष रूप से किया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और उन्हें यह समझाना है कि वास्तविक सुरक्षा देने वाले हमारे जवान ही हमारे सच्चे रक्षक हैं। उन्होंने कहा कि जवान सीमाओं पर डटे रहकर हमारी सुरक्षा करते हैं, इसलिए समाज के प्रत्येक नागरिक को उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना चाहिए। सांस्कृतिक अध्यापिका विसमा सैय्यद ने कहा कि हमारे जवान अपने परिवार से सैकड़ों किलोमीटर दूर रहकर, कठिन परिस्थितियों में देश की सेवा करते हैं। उनका त्याग और समर्पण शब्दों से परे है। रक्षासूत्र बांधना केवल एक रस्म नहीं, बल्कि यह हमारे हृदय से निकलने वाली कृतज्ञता और सम्मान की प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्थानीय लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक खास बना दिया।

## मशीन में फंसकर महिला की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नगर के पास स्थित एक कबाड़ की फैक्ट्री में एक दुखद हादसा हुआ। फैक्ट्री में काम करने वाली 35 वर्षीय महिला कर्मचारी की मशीन में फंसकर मौत हो गई। ममता पत्नी चंद्र किशोर निवासी नौरंगाबाद थाना कोतवाली सदर रोजाना की तरह कबाड़ की फैक्ट्री में काम करने पहुंची थीं। वह मशीन पर काम कर रही थीं जब अचानक उनका कपड़ा मशीन में फंस गया। इससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वह पूरी तरह मशीन में जा फंसीं।आपको बताते चलें कि मशीन के तेज संचालन के कारण उन्हें गंभीर चोटें आईं। फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों ने तुरंत मशीन बंद कर उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन तब तक उनकी हालत बहुत गंभीर हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही फैक्ट्री संचालक और अन्य कर्मचारी उन्हें जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दस माह बाद ब्लाइंड मर्डर के मामले में नाकाम साबित हो रहे कटरा बाजार थाना प्रभारी

**बोरे में सड़क पर मिली युवती की नहीं हों सका शिनाख्त**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। पुलिस कई मामलों में गिने-चुने घंटों में ही खुलासा कर सयानी पुलिस का तमगा लेने वा ली अपनी पुलिस ब्लाइंड मर्डर के मामलों में ना काम साबित हो रही है।खुलासे को कौन कहे शव की शिनाख्त कराने में ही वह औंधे मुंह गिर जाती है।इसके कारण जांच की पहली सीढ़ी च ढ़ने में ही उसके पांव लड़खड़ा जा रहे हैं।हाल ही में हुई कई घटनाओं में पुलिस का यह हाल सामने आया है,जिसके बारे में अफसर भी कुछ जवाब नहीं दे पा रहे हैं।दस महीने पहले जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र में सड़क पर बोरे में एक बीस वर्षीय युवती का शव मिला था,इस मामले में पुलिस की ढीली कार्रवाई के चलते तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता को एसपी विनीत जायसवाल ने लाइन हाजिर कर दिया था।जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के मंशापुरवा के नि कट अज्ञात युवती की गला काटकर हत्या माम ले में पुलिस अब तक खु लासा करना तो दूर घटना के दस माह बाद तक शिनाख्त तक नहीं करा सकी है।बीते छह अक्टू बर 2024 को एक बीस वर्षीय युवती की बोरे में भरी लाश मिली थी।युवती की धारदार हथि यार से गला काटकर की गई इस निर्मम हत्या ने इलाके में सनसनी फैला दी थी।इस ब्लाइंड मर्डर को लेकर अब इलाके में तरह तरह चर्चाए जोर पकड़ रही है वहीं पुलिस की नाकामी से थाने के जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।इस मामले में पुलिस की ढीली कार्रवाई के चलते तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता को एसपी विनीत जायसवाल ने लाइन हाजिर कर दिया था।उनकी जगह पांच नवंबर को एसपी विनीत जायसवाल के काफी भरोसे मंद और तेज तर्रार माने जाने वाले इंस्पेक्टर राजेश सिंह को कटरा बाजार थाने की जिम्मेदा री सौंपी गई थी।लेकिन थाने का प्रभार संभाल ने के नव महीने बाद भी कटरा बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह को भी कोई सफ लता हाथ नहीं लगी है। इस असफलता से न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खडेक़र रहे हैं,बल्कि एसपी के फैसले पर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने गंभीरता से जांच नहीं की।कई संदि ग्धों से पूछताछ के बावजूद कोई ठोस सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है।इस ब्लाइंड मर्डर के खुलासे में देरी से जनता में असंतोष बढ़ रहा है,और पुलिस की विश्वसनीयता पर गंभीर सवा ल खड़े हो रहे हैं।बताया जा रहा है कि घटना के दिन बाजार जा रहे लोगों ने सड़क किनारे पड़े बोरे पर खून के धब्बे देखे,जिसके बाद पुलि स को सूचना दी गई थी पुलिस ने बोरे से शव निकाला,जिसमें एक युवती का शव था,जिसके गले पर गहरे घाव थे।युवती के शव का 72 घंटे बाद पोस्ट मार्टम कराये जाने पर भी उंगलियां उठ रही हैं।सूत्रों के मुताबिक युवती से दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही थी।बहुचर्चित ब्ला ईंड मर्डर कंाड के दस महीने बीतने के बाद भी कटरा बाजार थाने की पुलिस अभी तक खाली हाथ है।वहीं इंस्पेक्टर राजेश सिंह को थाने की जिम्मेदारी संभाले नव महीने बीत चुके हैं,लेकि न घटना का खुलासा तो दूर युवती के शव की शिनाख्त तक नहीं करा सके हैं।वही संबंधित थाना प्रभारी जल्द खुलासा किया जाएगा,का रटा-रटाया जवाब देकर चुप हो जाते हैं।

## रक्षाबंधन पर्व पर बच्चों ने योग के साथ मनाया भाई-बहन के प्रेम का उत्सव



गोण्डा। गांधी पार्क में चल रही नियमित योग कक्षा में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया।योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया इस विशेष अवसर पर बच्चों ने योग के माध्यम से प्रेम, एकता और भारतीय संस्कृति के महत्व को महसूस किया।सभी बच्चों ने पारंपरिक राखियाँ बांधकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और ''रक्षा सूत्र'' के महत्व को समझा।योग प्रशिक्षक आशीष गुप्ता ने बताया रक्षाबंधन का इतिहास बहुत प्राचीन और समृद्ध है।यह त्योहार भारती य संस्कृति में भाई-बहन के प्रेम,सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। इसके पीछे कई पौराणि क,ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कथाएं जुड़ी हुई हैं।जिसमें एक कथा भगवान श्री कृष्ण और द्रौपदी की है।महाभारत के अनुसार,जब श्रीकृ ष्ण ने शिशुपाल को मारा,तो उनके हाथ में चोट लग गई।यह देखकर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर उनके हाथ पर बाँध दिया। भावनात्मक रूप से प्रभावित होकर श्रीकृष्ण ने वचन दिया कि समय आने पर वे उसकी रक्षा करेंगे।यही वादा ''रक्षा का बंध-न'' बन गया,कार्य क्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय पर्वों से जोड़ ते हुए योग के माध्यम से संस्कार और अनुशास न का संदेश देना।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 का समापन

**विधायक नानपारा ने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन एक महत्वपूर्ण घटना है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 के समापन अवसर पर कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट 'उत्थान' (आडिटोरियम) में आयोजित कार्यक्रम का एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों, अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान काकोरी शहीद स्मारक स्थल पर मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 समापन समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों काजल अग्रहरी एण्ड पार्टी व उनकी टीम द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आडिटोरियम में काकोरी ट्रेन एक्शन से सम्बन्धित चित्र प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी तथा तारा महिला इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम अन्तर्गत निकाली गयी जागरूकता रैली भी सम्पन्न हुई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक नानपारा ने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन एक महत्वपूर्ण घटना है। इस ऐतिहासिक घटना को 09 अगस्त, 1925 को लखनऊ जनपद के काकोरी में क्रांतिकारियों द्वारा चलाये जा रहे स्वतंत्रता आंदोलन को धन की आवश्यक्ता हेतु क्रियान्वयन किया गया था। योजना को मूर्त रूप देने हेतु क्रांतिकारियों द्वारा शाहजहांपुर में बैठक आहूत की गई और इस बैठक में शहीद राम प्रसाद बिस्मिल ने अंग्रेजी सरकार से खज़ाना प्राप्त करने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक दल के प्रमुख सदस्य क्रांतिकारी शहीद राजेन्द्र नाथ साहिड़ी ने 9 अगस्त 1925 को सहारनपुर से आकर लखनऊ के काकोरी रेलवे स्टेशन पर 8 डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को चौन खींच कर रोका। क्रांतिकारी शहीद राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद चन्द्रशेखर आजाद व अन्य सहयोगी क्रांतिकारियों ने ट्रेन पर धावा बोलकर अंग्रेजी खजाने पर कब्जा कर लिया। इस घटना में क्रांतिकारियों द्वारा रू. 4679-1-6 की धनराशि का खजाना प्राप्त किया था।इस घटना से क्षुब्ध अंग्रेजी सत्ता ने हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के कुल 40 क्रांतिकारियों पर ब्रिटिश साम्राज्य के विरूद्ध सशस्त्र युद्ध छेड़ने, सरकारी खजाना लूटने व यात्रियों की हत्या करने का मुकदमा चलाया, जिसमें शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खॉ व रोशन सिंह को फांसी की सज़ा सुनाई गयी तथा 16 अन्य क्रांतिकारियों को कम से कम 04 वर्ष की सज़ा से लेकर अधिकतम कालापानी, आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया गया। क्रांतिकारी शहीदों की याद में 09 अगस्त 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ का शुभारम्भ हुआ था जिसका आज समापन हो रहा है।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, डीडीओ राज कुमार, उपायुक्त उद्योग केशवराम, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, जिलापूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी तथा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक, शिक्षकाएं, छात्र-छात्राएं, अभिभावक, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## जिला अधिकारी की अध्यक्षता समिति गठित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। उप कृषि निदेशक रवि चंद्र प्रकाश ने बताया है कि जिला अधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारिणी समिति सदस्य सचिव जिला कृषि अधिकारी शशांक एवं जिला उद्यान अधिकारी प्रतिनिधि जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नव प्रभात रंजन एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक प्रतिनिधि एवं नामित कृषक बृजेंद्र सिंह मुकेश सिंह एवं राकेश कुमार, अरविंद कुमार निषाद सेल्फ हेल्प ग्रुप से नीरज कुमार सिंह के समक्ष वर्ष 2025 - 26 में सबमिशन एंड एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन का इन सीटू मैनेजमेंट क्रॉप रेसिड्यू योजना के अंतर्गत अनुदान पर कृषि यंत्रों को क्रय करने वाले कृषक के लिए ऑनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई लॉटरी के माध्यम से पन्नालाल सभाकर में किया गया ।

## महावीर स्टडी इस्टेट के बच्चों ने सैनिकों के लिए भिजवाई राखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। कस्बे के हैदरगढ़ रोड पर स्थित महावीर स्टडी इस्टेट के बच्चों ने रक्षाबंधन की शुभ अवसर पर निष्पयोजय सामान से अपने नन्हे-नन्हे हाथों से राखियां बनाई। प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने बच्चों द्वारा बनायी गई राखियों को माननीय यशस्वी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी के पास इस उद्देश्य से भिजवायी की सीमा पर तैनाश सैनिकों की कलाई पर नन्हे बच्चों की भेजी गयी राखी एवं प्यार उन तक पहुंचेगा। बच्चों ने श्रावण मास एवं रक्षाबंधन के त्यौहार के पावन पर्व पर बहुत ही कलात्मक मेहंदी अपने-अपने हाथों में रचाई। एक्टिविटी इंचार्ज नीरू मैम, मंजू मैम, तथा गर्विता सिंह, ने व्यवस्था देखी तथा कक्षाध्यापकों ने राखी मेकिंग प्रतियोगिता जिसमें प्रथम स्थान अवंतिका, शिवा, स्पर्श, अर्पिता, शानवी, दिव्यांशी, आयुषी, अदिति तनू समेत अन्य को मिला।

# यूरिया को लेकर हाहाकार बारिश में खाद लेने वाले किसानों की लंबी लाइनें संबंधित विभाग मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।एक ओर जिला प्रशासन द्वारा यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता के दावे किए जा रहे हैं।वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। नगर के धनाराघाट रोड पर स्थित कृषभको भारतीय को-ऑपरेटिव लिमिटेड की दुकान पर तेज बारिश के बावजूद किसानों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। हाथ में छाता थामे, भीगते हुए किसान घंटों लाइन में लगे नजर आए, जिससे साफ हो गया कि यूरिया के लिए अब भी हाहाकार मचा हुआ है।मौजूदा खरीफ सीजन के दौरान खाद की आपूर्ति समय पर न मिलने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यूरिया की मांग अधिक होने और आपूर्ति की व्यवस्था असंतुलित होने के कारण कई किसानों की बुआई प्रक्रिया प्रभावित हुई है। खेतों में काम छोड़कर लाइन में लगे किसान निराशा, क्रोध और बेबसी के भाव के साथ केवल यही कह रहे हैं कि ''जब खाद ही नहीं मिलेगी, तो खेती कैसे होगी?प्रशासन की ओर से दावा किया गया था कि जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। लेकिन लगातार कृषि विभाग और प्रशासन की लापरवाही के चलते वितरण केंद्रों पर हालात बिगड़ते जा रहे हैं। यह स्थिति कोई पहली बार नहीं है। इससे पहले, यूरिया वितरण में धांधली और जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में कृषि अधिकारी की पिटाई जैसे गंभीर घटनाक्रम सामने आ चुके हैं।बारिश ने किसानों की परेशानी को और बढ़ा दिया। फिसलन भरी सड़कों और कीचड़ के बीच भी किसान अपनी बारी के इंतजार में डटे रहे। कुछ किसानों ने बताया कि वे सुबह 6 बजे से लाइन में खड़े हैं, फिर भी नंबर नहीं आया। न तो छायायुक्त इंतजाम हैं, न पीने के पानी की व्यवस्था।किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि यूरिया वितरण के लिए टोकन प्रणाली, ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग, या ग्राम स्तर पर वितरण केंद्रों की व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द हालात नहीं सुधरे, तो आंदोलन और घेराव जैसे कदम उठाने पर वे मजबूर होंगे। सूत्रों के अनुसार किसान लंबी-लंबी लाइनों में लगा है और संचालक ई रिक्शा में खाद रख कर कहीं अन्य जगह पर भेज रहे हैं।जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है।

# रक्षाबंधन के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन समारोह के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना के निर्देशन में विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के चित्रों और नारे लिखी पट्टिकाओं के साथ गांव में प्रभात फ़ेरी निकाली और काकोरी कंाड के शहीदों को याद किया। रैली के अंतर्गत देशभक्ति से ओत-प्रोत नारे लगाए गए और देशभक्ति गीत भी गाए गए। इसके उपरांत विद्यालय में प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को काकोरी ट्रेन एक्शन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर काकोरी कंाड पर आधारित सुलेख तथा निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सुलेख प्रतियोगिता में ऋषभ प्रथम, पल्लव मौर्य द्वितीय और प्रांशी तृतीय रहीं जबकि निबंध प्रतियोगिता में कृष्णा प्रथम, कौशल राज द्वितीय और अतुल कुमार तृतीय रहे। आज रक्षाबंधन के पावन पर्व से जुड़ी धार्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों को रक्षाबंधन से जुड़ी कहानियां भी सुनाई गईं। इस अवसर पर बच्चों के लिए राखी बनाओ तथा रक्षाबंधन की थीम पर आधारित निबंध और कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजयी रहने पर बरखा, अलका मौर्य, प्रांशी, झलक वर्मा, सोनाक्षी, साधना देवी, हेमलता, रेनु कुमारी, वर्षा, योगिता, पल्लवी, जसोदा देवी, रोशनी, रिंकी, रितु, दीक्षा, आरुषि, सुहानी, शबनम, सोनी, प्रिया, धनुज कुमार, आर्यन कुमार मौर्य, शिवा और अमन कुमार आदि विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ममता देवी, प्रगति धामी और प्राझी अग्रवाल उपस्थित रहीं हैं।




## जिला प्रशासन ने एसएसबी कमांडेंट को भेजी तिरंगा राखियां डीएम ने शुरू की गई नई पहल हो रही चारों तरफ प्रशंसा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला प्रशासन पीलीभीत के द्वारा शुरू की गई यह सराहनीय पहल है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के द्वारा हाथों से 01 हजार तिरंगा राखी बनाई गई। उन्ही राखियों को जिला प्रशासन के द्वारा लेकर पीलीभीत के एसएसबी के कमांडेड को भेजी गई है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर तैनात हमारे जवानों को त्योहार के दिन अकेलापन महसूस ना हो इस लिए हम सभी हमेशा जवानों के साथ है। जिलाधिकारी द्वारा भेजी गई राखियों को तेज बहादुर गंगवार शहर राजस्व निरीक्षक एवं पुनीत यादव लेखपाल ने एसएसबी के कमांडेड को सौंपी है।

## उर्वरक वितरण में अनियमितता पर पांच विक्रेताओं के लाइसेंस निलम्बित

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि एक कृषक को चालीस बोरी से अधिक उर्वरक दिये जाने के मामले में पांच उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। निलंबित विक्रेताओं में राजपूत ट्रेडर्स कमलानगर, रिछौरा कृषि वानिकी सहकारी समिति रिछौरा, जैनुल आबदीन खाद भण्डार भिलाई कला, कर्मशेर खाद भंडार जोधनपुर और नवीन हरियाली कृषि सेवा केंद्र पूरे चितई शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन प्रतिष्ठानों से उर्वरक खरीदने वाले कृषकों का सत्यापन संबंधित विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी कृषि के माध्यम से कराया जा रहा है। सत्यापन उपरांत दोषी पाये जाने पर विक्रेताओं के विरुद्ध विधिक कार्रवाई होगी। जिला कृषि अधिकारी ने सभी उर्वरक प्रदायकर्ता कंपनियों को निर्देशित किया है कि थोक विक्रेताओं को अनुदानित उर्वरकों के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की टैगिंग करके आपूर्ति न करें। साथ ही फुटकर विक्रेताओं को भी चेताया गया है कि वे बिक्री रजिस्टर में कृषक का नाम, पता, मोबाइल नंबर और खरीदे गए उर्वरक की मात्रा दर्ज करें जिसका मोबाइल नंबर के माध्यम से सत्यापन किया जायेगा। निर्देश में यह भी कहा गया है कि कृषकों की खतौनी देखकर जोत के अनुसार ही उर्वरक का वितरण करें और एक ही कृषक को बार-बार उर्वरक न बेचें, ताकि 'टॉप-20 बायर' की संख्या न बढ़े। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक की अनियमित बिक्री या निर्धारित दर से अधिक पर बिक्री की शिकायत मिली तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस की सक्रियता से दो सगे भाइयों ने नहर में कूदी महिला की बचाई जान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जामो क्षेत्र के गांव भवानीगढ़ के पास स्थित नहर में एक बुजुर्ग महिला के कूद जाने पर पुलिस की सक्रियता और दो सगे भाइयों के प्रयास से उसकी जान बचाने का मामला सामने आया है।पुलिस द्वारा बुजुर्ग महिला को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी गोरियाबाद के चौकी प्रभारी गोपाल मणि मिश्र और उप निरीक्षक संतोष सिंह मय हमराही रात्रि गश्त पर निकले थे कि नहर में बुजुर्ग महिला को बहता देख पुलिस के पैरों तले से जमीन खिसक गई और पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुये बुजुर्ग महिला की जान बचाने का प्रयास किये जाने लगा। पुलिस कर्मियों ने पास के ही गांव में आवाज लगाई तो दो सगे भाई नींद से उठकर दौड़ते हुये मौके पर पहुंच गये।दोनों सगे भाइयों ने अपनी जान की परवाह न करते हुये तत्काल नहर मे कूदकर महिला को नहर से बाहर निकालते हुये उसकी जान बचाई।पुलिस ने महिला के परिजनों को बुलाकर महिला को सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग महिला घर से गुस्से में बाहर निकली थी।पुलिस व दो सगे भाइयों के द्वारा किये गये इस नेक कार्य की क्षेत्रीय नागरिकों ने सराहना की है। थाना जामो पुलिस ने बताया कि उक्त महिला क्षेत्र के गांव पूरे गढ़ी लालशाह जनापुर की रहने वाली है।

## कच्ची दीवार के मलबे में दबकर युवती की मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुंशीगंज थाना क्षेत्र के गांव कोहरा का पुरवा मजरे सरुवावां में शुक्रवार की सुबह घर की कच्ची दीवार गिर गई जिसके मलबे में दबकर एक युवती की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है सथाना क्षेत्र के गांव कोहरा का पुरवा निवासी राम राज के घर की कच्ची दीवार गिर गई जिसके मलबे में दबकर उसकी उन्नीस वर्षीय पुत्री गुड़िया की मौके पर मौत हो गई है चस्थानीय पुलिस ने बताया कि गुड़िया बचपन से ही अपने ननिहाल में रहती थी।यह उसके मामा का घर है जहां पर उसकी मृत्यु हुई है।घटना के समय गुड़िया घरेलू कार्य कर रही थी। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## शेरपुर कला समिति पर यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कला समिति पर पिछले कई दिनों से यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो रही है, जिससे क्षेत्र के किसान बेहद परेशान हैं। एक किसान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समय पर यूरिया खाद न मिलने के कारण उनकी धान की फसल पर बुरा असर पड़ रहा है।धान की फसल के लिए यह समय बेहद अहम होता है और यदि समय पर खाद नहीं डाली गई तो पैदावार में भारी गिरावट आ सकती है। किसान समिति के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इस स्थिति से किसानों में रोष है और उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए।

## जीआईसी में जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी आयोजित

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर में आज जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2025 का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव और प्रधानाचार्य मनोज कुमार तिवारी ने किया।

संगोष्ठी राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित हुई। इसमें जनपद के विभिन्न ब्लॉकों में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसका विषय क्वांटम का आरंभ संभावनाएं एवं चुनौतिया थी। डॉ पंकज सिंह ने बताया कि क्वांटम कंप्यूटिंग भविष्य की तकनीकी क्रांति का आधार बनेगी। इसकी गति पारंपरिक सुपर कंप्यूटरों से लाखों गुना अधिक होगी। जटिल गणनाएं जो आज सैकड़ों वर्षों में पूरी हो सकती हैं, जो क्वांटम कंप्यूटर से कुछ ही सेकेंडों में संभव होंगी। इससे चिकित्सा के क्षेत्र में अत्याधुनिक निदान प्रणाली विकसित होगी।

प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ प्रदीप कुमार शर्मा, डॉ अभिषेक कुमार, चंदन राय, सचिन त्रिपाठी थे। संगोष्ठी में प्रथम स्थान संध्या पांडे केएनआईसी, द्वितीय स्थान कीर्ति तिवारी सीएल इंटर कॉलेज, छीटेपट्टी और तृतीय स्थान एकता चौहान श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज, कलान ने प्राप्त किया।

# डीएम एवं विद्यायक की अध्यक्षता में बाढ़ राहत बचाव कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विधायक बाबूराम पासवान की अध्यक्षता व जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की उपस्थिति में बाढ़ राहत व बचाव कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक तहसील पूरनपुर सभागार आयोजित की गई।बैठक में बाढ़ से बचाव की तैयारियों के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी पूरनपुर द्वारा बाढ़ चैकियों, बाढ़ शरणालय तथा उनसे सम्बद्ध ग्रामों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने बताया कि तहसील में कंट्रोलरूम की स्थापना की जा चुकी है। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में बाढ़ से संवेदनशील ग्रामों में लगातार भ्रमण किया जा रहा है। बाढ़ शरणालयों की लगातार साफ सफाई व देखरेख की जा रही है। बाढ़ चैकियों पर राजस्व, स्वास्थ, पशु विभाग की टीमों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि गोताखोर व आपदा मित्र हमारे सम्पर्क में हैं। खाने के पैकेट तैयार हैं। लाईट, जैकेट की व्यवस्था कर ली गई है।उप जिलाधिकारी कलीनगर ने बताया कि तहसील के 37 गांव बाढ़ संवेदनशील हैं। 05 बाढ़ चैकी व 03 शरणालयों की स्थापना कर दी गई है। बाढ़ चैकियों पर सम्बन्धित अधिकारी के मोवाइल नम्बर लिखवा दिए गए है। एसडीआरएफ की एक टुकडी आश्रम पद्धाति विद्यालय माधौटांडा में मौजूद है। नाविक व गोताखोरों की सूची उपलब्ध है तथा वह प्रशासन के सम्पर्क में है। कोटेदार को भी सर्तक किया गया है ताकि बाढ़ के दौरान राशन में कमी न आने पाए। खाद्य पदार्थ जैसे-लईया, चना व गुड के पैकेट तैयार कर लिए गए हैं।ताकि आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ पीड़ितों को तुरन्त उपलब्ध कराया जा सके। भोजन हेतु राशन की पूर्ण व्यवस्था कर ली गई है।विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि बाढ़ के दौरान किसी भी तरह की कोई कमी न हो, जनहानि व पशुहानि किसी भी कीमत पर नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ से फसलों का नुकसान होने पर मानक के अनुसार कृषकों के खाते में मुआवजे की धनराशि शीघ्र भेजी दी जाएगी। डीएम ने कहा कि सभी ग्राम प्रधानों के पास कंट्रोल रूम का नम्बर होना चाहिए। ग्राम प्रधान व प्रशासन के बीच संवाद की कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थान जहॉ मोबाइल नेटवर्क नहीं आते उन स्थानों वायरलेस सेट की व्यवस्था की गई है, ताकि सूचनाओं का आदान प्रदान निर्बाध रूप से होता रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ के समय गर्भवती महिलाओं व मरीजों के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। बाढ़ चैकियों पर दवाओं की तथा टेली मेडिसन सुविधा रहेगी। बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि बैराज से अधिक मात्रा में पानी छोडे जाने की सूचना मिलने पर सम्बन्धित अधिकारी ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दें। बैठक में चेयरमेन पूरनपुर शैलेद्र गुप्ता, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, उप जिलाधिकारी कलीनगर, तहसीलदार पूरनपुर, तहसीलदार कलीनगर, अधिशासी अधिकारी पूरनपुर, सीओ पूरनपुर, सचिव, लेखपाल, प्रधान सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे है।

# विद्यालय में मनाया गया काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी निकल गई जागरूकता रैली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कंपोजिट विद्यालय गढ़ा कला में काकोरी काण्ड की 100 वी वर्ष पूरे होने पर विधालय में कार्यक्रम मनाए गए और प्रभात फ़ेरी निकाली गई और निबंध और चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान आने बाले बच्चों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया और बच्चों ने राखी का चित्र बनाया और भाइयों की कलाईयों में राखी बांधी इस मौके पर मंजू रानी इंचार्ज ,सोहन अध्यापक ,ममता देवी शिक्षा मित्र,हुकूम सिंह नोडल संकुल शिक्षक सहित सभी उपस्थित रहे। हुकुम सिंह नोडल संकुल शिक्षक ने बताया कि काकोरी ट्रेन काण्ड भारत के इतिहास मे बहुत महत्वपूर्ण है।इस पर विस्तार से बच्चों को बताया गया हैं।

## लेखाधिकारी से मिल प्रतिनिधिमंडल ने दिया 6 सूत्रीय ज्ञापन

सुलतानपुर। नवागत लेखाधिकारी राम बचन से मिल जुलाई माह का वेतन माह के प्रथम दिवस प्रेषित करने पर आभार व्यक्त किया गया। लेखाधिकारी महोदय ने आश्वस्त किया कि कार्यालय स्तर पर लंबित समस्त प्रकरणों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाएगा। अंतर्जनपदीय अध्यापकों की वेतन वृद्धि एलपीसी या सेवापुस्तिका के अभाव में न लग पाने के क्रम में दोनो ही अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस सम्बंध में निर्देश जारी किया जाएंगा। लेखाधिकारी ने अवगत कराया की जीवन बीमा की धनराशि प्राप्त हुई है जिसको अगले सप्ताह चेक के माध्यम से वितरित कराया जायेगा। सेवानिवृत्त शिक्षकों के पीपीओ प्राप्त नही हुए है लेखाधिकारी ने आश्वाशन दिया की विभागीय स्तर पर प्रयास करके शीघ्र ही पीपीओ जारी करवाया जाएगा। जीपीएफ पास बुक अद्यतन बनवाकर लेखापर्ची वितरित करने की मांग पर लेखाधिकारी महोदय ने कहा कि सभी के सहयोग से यह कार्य संपन्न कराया जाएगा।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समापन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन समारोह देशभक्ति की भावना से सराबोर वातावरण में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान एवं जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर और महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्बोधन का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया जिसमें उन्होंने काकोरी कंाड के अमर सेनानियों को श्रद्धांजलि दी और युवा पीढ़ी से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। विद्यालयों के छात्र छात्राओं एवं सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकारों ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साह, गर्व और भावुकता से भर दिया। कार्यक्रम में जिला



पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि काकोरी के अमर बलिदानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर पूरे देश को यह संदेश दिया कि जब मातृभूमि पर संकट हो, तो व्यक्तिगत सुख-सुविधाएं अर्थहीन हो जाती हैं। आज हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि राष्ट्रहित में हर संभव योगदान देंगे चाहे वह स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण या सामाजिक एकता का कार्य हो। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि काकोरी कंाड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का स्वर्णिम अध्याय है जिसने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। यह घटना न केवल साहस और संगठन का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सच्चे उद्देश्य के लिए त्याग ही सबसे बड़ा हथियार है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं, ताकि उनमें भी वही राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा जागृत हो। कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सैनिकों एवं पुलिस बल को राखी और आभार पत्र भेजे गये। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने इन्हें जिला सैनिक एवं पुनर्वास कल्याण अधिकारी तथा पुलिस लाइन के आरआई को सौंपा जिसे

### वीरों के बलिदान को नमन कर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

उपस्थित जनसमूह ने सराहा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने स्थानीय हस्तशिल्प और महिला स्वावलंबन की मिसाल पेश की। कार्यक्रम समापन के बाद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ल्लएक पेड़ मां के नामङ्क से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन का संदेश दिया। कार्यक्रम से पूर्व सुबह आठ बजे अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए ल्लवंदे मातरमङ्क और ल्लभारत माता की जयङ्क के नारों से पूरे मार्ग को गूंजा दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया।

# रक्षा बंधन: प्रेम, विश्वास और संरक्षण का प्रतीक पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का ऐसा बंधन है, जो जीवनभर साथ निभाने, एक-दूसरे की रक्षा करने और सम्मान देने का संकल्प देता है। यह त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है । जब बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हैं। बदले में भाई उन्हें जीवनभर सुरक्षा देने का वचन देते हैं।

*यह पर्व भारतीय संस्कृति की उस आत्मा को दर्शाता है जहाँ रिश्ते केवल खून से नहीं, भावना से भी जुड़ते हैं। आज के दौर में यह त्योहार सामाजिक सौहार्द, एकता और कर्तव्य की भावना को भी मजबूती देता है।*

रक्षाबंधन का महत्व केवल परिवार तक सीमित नहीं रहा। अब बहनें देश की रक्षा करने वाले सैनिकों, समाज की सेवा करने वाले पुलिसकर्मियों, डॉक्टरों और



सफाईकर्मियों को भी राखी बांध कर अपने भाव प्रकट करती हैं। रक्षाबंधन यह संदेश देता है कि रक्षा का यह बंधन केवल रक्षात्मक नहीं, अपितु सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक भी है । शहरों से लेकर गांवों तक, आज हर कोना रक्षाबंधन के रंग में रंगा होता है । बच्चे, युवा, बुजुर्ग ऽ सभी इस पर्व को उत्साह और प्रेम से मनाते हैं ।

भाई बहन का पवित्र त्योहार यह सिद्ध करता है कि जब रिश्तों में विश्वास, समर्पण और स्नेह होता है, तब समाज और परिवार दोनों ही मजबूत होते हैं।

# शादी के कार्ड के नाम पर हो रहा साइबर फ्रॉड, पुलिस ने किया सतर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। पुलिस महानिदेशक के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के मार्गदर्शन में साइबर अपराधों के खिलाफ जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना साइबर प्रभारी देवेंद्र सिंह ने स्कूली बच्चों को साइबर अपराध से बचाव के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। साइबर प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में एक नया ठगी का तरीका सामने आया है, जिसमें मोबाइल पर शादी का कार्ड भेजकर उसे डाउनलोड करने को कहा जाता है। कार्ड डाउनलोड करते ही मोबाइल का एक्सेस साइबर अपराधियों के पास चला जाता है, जिससे वे आपकी निजी जानकारियां, बैंक डिटेल्स और यहां तक कि आपकी बातचीत तक सुन सकते हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि मोबाइल पर किसी भी अज्ञात लिंक, ऐप या ओटीपी को साझा न करें और न ही डाउनलोड करें। यदि गलती से कोई संदिग्ध ऐप डाउनलोड हो जाए, तो तुरंत नजदीकी साइबर थाने (पुलिस लाइन स्थित) पर जाकर शिकायत दर्ज कराएं। देवेंद्र सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी अब परिचित नंबरों का इस्तेमाल कर भरोसा जीतते हैं और फिर लोगों को ठगते हैं। ऐसे में जागरूक रहना ही सबसे बड़ा बचाव है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर समय-समय पर लोगों को इस संबंध में जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता अभियान में मौजूद रहे थाना प्रभारी साइबर देवेंद्र सिंह कांस्टेबल एजाज सूरज शुभम समस्त साइबर कर्मचारी जागरूकता अभियान को तेजी से जनता के बीच जाकर साइबर अपराध से बचने के लिए सुझाव और बचाव का तरीका सजा कर रहे हैं।

# कर्ज का मर्ज

कभी देश की किसानी के लिये आदर्श कहे जाने वाले पंजाब के किसान आज कर्ज के मर्ज से इतना क्यों त्रस्त होते जा रहे हैं, यह गंभीर विमर्श का विषय होना चाहिए। निस्संदेह, मौजूदा हालात में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है। हाल ही में लोकसभा में पेश की गई नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट की रिपोर्ट पंजाब के किसानों की गंभीर वित्तीय स्थिति को उजागर करती है। जो उन्हें देश में संस्थागत ऋण लेने वाले किसानों की सूची में शीर्ष पर रखती है। यह रिपोर्ट कई चौंकाने वाले खुलासे करती है। रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि राज्य के लगभग पच्चीस लाख किसानों ने कृषि कार्यों के लिये विभिन्न बैंकों से ऋण लिया है। वहीं दूसरी ओर प्रत्येक किसान पर करीब तीन लाख रुपये का कर्ज चढ़ा है। इससे पहले देश की संसद को सूचित किया गया था कि पंजाब में वर्ष 2017 से 2021 तक करीब एक हजार किसानों ने अपनी जीवन लीला आत्महत्या करके समाप्त कर ली थी। दरअसल, जांच-पड़ताल में यह बात भी सामने आई थी कि इन आत्महत्याओं के मूल में कर्ज का भारी बोझ ही था। कर्ज न चुका पाने या कर्ज वसूली के तौर-तरीकों से आहत किसान मौत को गले लगाना अंतिम समाधान मानने लग जाते हैं। ऐसा भी नहीं है कि इस संकट से सिर्फ किसान ही जूझ रहे हैं, कमोबेश खेतिहार मजदूरों के लिये भी परिदृश्य उतना ही निराशाजनक है। दरअसल, पिछले साल अर्थशास्त्रियों के पटियाला स्थित एक थिंक टैंक द्वारा कराये गये एक अध्ययन में पाया गया कि पंजाब में खेतों में काम करने वाले मजदूरों पर उनकी वार्षिक आय से चार गुना कर्ज चढ़ा हुआ था। यह कर्ज औसतन चौबीस हजार रुपये बताया गया था। यह अध्ययन कई गंभीर मुद्दों की ओर ध्यान दिलाता है। इस अध्ययन में बताया गया कि वर्ष 2015 से 2019 के बीच 898 खेतिहर मजदूरों ने भी आत्महत्या करके जीवन लीला समाप्त कर ली थी। निस्संदेह, ये हालिया आंकड़े कृषि की चिंताजनक स्थिति की ओर इशारा करते हैं। वहीं दूसरी ओर ये आंकड़े उन कृषि नीतियों पर सवालिया निशान लगाते हैं, जो अनाज उत्पादक किसानों की आर्थिक परेशानियों को कम करने के लिये लागू करने की बात देश के नीति-नियंता करते हैं। पंजाब की आम आदमी सरकार विगत में दावे करती रही है कि वह अपनी किसान कल्याण नीति के निर्माण की दिशा में तेजी लायेगी। साथ ही यह भी कह रही है कि वह चुनाव के दौरान किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिये किये गये वायदे को पूरा करने के लिये प्रतिबद्ध है। यह साफ है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान लाई गई ऋण माफी योजना के प्रभावी परिणाम सामने नहीं आये हैं। जो इस बात की ओर इशारा करते हैं कि किसानों की किस्मत बदलने के लिये सिर्फ राहत पैकेज से काम नहीं चलेगा। इसके लिये कुछ ठोस कदम उठाने की भी जरूरत होगी। दरअसल कृषि अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिये प्रभावी और महत्वपूर्ण स्थायी कदम उठाने की जरूरत है। मौजूदा ऋण संकट के अलावा नीति-नियंताओं को लगातार बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के खतरों के बीच व्यापक रणनीति बनाने की जरूरत होगी। इसके अंतर्गत जहां पर्यावरण अनुकूल और अधिक उपज देने वाली फसलों की किस्मों के विविधीकरण पर बल देने की जरूरत है, वहीं भूजल संकट को भी नियंत्रित करने की आवश्यकता होगी। साथ ही फसलों के उन बीजों के शोध व अनुसंधान पर भी काम करना होगा जो कम बारिश व अधिक तापमान के बीच उत्पादकता को बढ़ा सकती हैं। अन्यथा हमारी खाद्य शृंखला संकट में पड़ सकती है। इसमें पराली जलाने से उपजे संकट का भी समाधान निकालना होगा। इसमें दो राय नहीं कि जो किसान देश के नागरिकों की थाली में भोजन पहुंचाने के लिये तन झुलसाती गर्मी, रक्त जमाती सर्दी और बारिश में कड़ी मेहनत करते हैं, वे बेहतर सुविधाओं के हकदार हैं। ताकि उनके लिये कृषि महज घाटे का सौदा साबित न हो।

# रक्षाबंधन का त्योहार: भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक

**भारत में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसे रिश्तों में मिठास, विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला पर्व माना गया है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दौरान भाई भी अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है और क्षमता के अनुसार उसे उपहार देता है। रक्षाबन्धन का पर्व भाई–बहन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्योहार है। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण, गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है। रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता का सांस्कृतिक उपाय रहा है। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी एक सूत्रता के रूप में इस पर्व का उपयोग किया जाता है। रक्षाबंधन का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता लेकिन भविष्य पुराण में इस पर्व का वर्णन मिलता है। जब देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हुआ। तब देवताओं पर दानव हावी होने लगे। देवराज इन्द्र ने घबरा कर देवताओं के गुरू बृहस्पति से मदद की गुहार की। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी सब सुन रही थीं। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है।**

## रक्षाबंधन पर विशेष

भारत एक ऐसा देश है जहाँ लोग साल भर त्योहार मनाते रहते हैं। उनमें से राखी का त्योहार लोगों के दिलों में बहुत खास जगह रखता है। बाकी सभी त्योहारों के मुकाबले रक्षाबंधन एक अलग रिश्ते के महत्व को जताने और दिखाने का उत्सव होता है। बच्चे हों या बुजुर्ग, अपने भाई या बहन के साथ के खास रिश्ते के लिए सभी साल दर साल इसे यादगार तरीके से मनाते रहते हैं। रक्षाबंधन का पर्व भाई और बहन के बीच पवित्र स्नेह को सदियों से दर्शाता चला आ रहा है। रक्षाबंधन का अर्थ होता है रक्षा का बंधन।

हिन्दू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बांधते समय पण्डित संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं। जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। यह श्लोक रक्षाबन्धन का अभीष्ट मन्त्र है।

येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबलः

तेन त्वाम प्रतिबद्धनामी रक्षे माचल माचलः

(जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बांधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बांधता हूं। तुम अपने संकल्प से कभी भी विचलित मत होना।)

भारत में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसे रिश्तों में मिठास, विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला पर्व माना गया है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दौरान भाई भी अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है और क्षमता के अनुसार उसे उपहार देता है। रक्षाबन्धन का पर्व भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्योहार है। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण, गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है। रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता का सांस्कृतिक उपाय रहा है। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी एक सूत्रता के रूप में इस पर्व का उपयोग किया जाता है। रक्षाबंधन का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता लेकिन भविष्य पुराण में इस पर्व का वर्णन मिलता है। जब देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हुआ। तब देवताओं पर दानव हावी होने लगे। देवराज इन्द्र ने घबरा कर देवताओं के गुरू बृहस्पति से मदद की गुहार की। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी सब सुन रही थीं। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है। विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिये फिर से प्राप्त किया था। हयग्रीव को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाडकर उनकी उंगली पर पट्टी बांध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक-दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। महाभारत में इस बात का उल्लेख है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं। तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर विपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा कृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बांधने के कई उल्लेख मिलते हैं। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंचे। गुरु के मना करने पर भी राजा बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश, पाताल और धरती नापकर राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। कहते हैं कि पाताल लोक में राजा बलि ने भक्ति के बल पर भगवान विष्णु से रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षाबन्धन बांधकर अपना भाई बनाया और अपने पति भगवान विष्णु को अपने साथ ले आयीं। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी। उत्तरांचल में इसे श्रावणी कहते हैं। ब्राह्मण अपने यजमानों को यज्ञोपवीत तथा राखी देकर दक्षिणा लेते हैं। अमरनाथ की अतिविख्यात धार्मिक यात्रा गुरु पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर रक्षाबन्धन के दिन सम्पूर्ण होती है। कहते हैं इसी दिन यहां का हिमानी शिवलिंग भी अपने पूर्ण आकार को प्राप्त होता है। इस उपलक्ष्य में इस दिन अमरनाथ गुफा में प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन भी होता है। नेपाल के पहाड़ी इलाकों में ब्राह्मण एवं क्षत्रीय समुदाय में रक्षा बन्धन गुरू के हाथ से बांधा जाता है। लेकिन दक्षिण सीमा में रहने वाले भारतीय मूल के नेपाली भारतीयों की तरह बहन से राखी बंधवाते हैं। महाराष्ट्र में यह त्योहार नारियल पूर्णिमा या श्रावणी के नाम से विख्यात है। इस दिन लोग नदी या समुद्र के तट पर जाकर अपने जनेऊ बदलते हैं और समुद्र की पूजा करते हैं। राजस्थान में रामराखी और चूड़ाराखी या लूंबा बांधने का रिवाज है। रामराखी सामान्य राखी से भिन्न होती है। इसमें लाल डोरे पर एक पीले छींटों वाला फुंदना लगा होता है। यह केवल भगवान को ही बाँधी जाती है। चूड़ा राखी भाभियों की चूडियों में बांधी जाती है। राजपूत योद्धा जब शत्रु से युद्ध करने जाते थे तब महिलाएं उनको माथे पर कुमकुम का तिलक लगाने के साथ हाथ में रेशमी धागा भी बांधती थी। इस विश्वास के साथ कि यह धागा उन्हे विजयश्री के साथ वापस ले आयेगा। रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति इतनी लचीली है कि इसमें हर संस्कृति समाहित होती चली जाती है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, सौराष्ट्र से असम तक देखें तो यहां के लोग प्रतिदिन कोई न कोई त्योहार मनाते मिलेंगे। इन त्योहारों के मूल में आपसी रिश्तों के बीच मधुरता घोलने एवं सरसता लाने की भावना रहती है। भाई-बहन के बीच प्यार, मनुहार व तकरार होना एक सामान्य बात है। लेकिन रक्षा बंधन के दिन बहन द्वारा भाई के हाथ में बांधे जाने वाले रक्षा सूत्र में भाई के प्रति बहन के असीम स्नेह और बहन के प्रति भाई के कर्तव्यबोध को पिरोया गया है। नोबेल पुरष्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर ने 1905 में बंगाल विभाजन का विरोध करने के लिए इस त्योहार को मनाने को प्रोत्साहित किया था। वह इस त्योहार के माध्यम से विभिन्न समुदायों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना चाहते थे। उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों को एक-दूसरे के हाथों पर राखी बांधने के लिए प्रोत्साहित किया, जो भाईचारे और अपने समुदाय के लिए प्यार का प्रतीक है। **–रमेश सर्राफ धमोरा**

# एक रक्षा सूत्र राष्ट्र-निष्ठा व समर्पण के लिए

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

**भारतीय परिवार व्यवस्था में भाई बहन का सम्बंध सबसे पवित्र है भी, इसमें कोई संदेह नही है। यह तो रही रक्षा बंधन पर्व की महत्ता की बात। अब राष्ट्र के प्रति जनमानस के दायित्व निर्वहन का प्रश्न है कि जनमानस राष्ट्र के प्रति कितना समर्पित एवं वचनबद्ध है। रक्षा बंधन पर्व पर ऐसा कौन सा सूत्र हो, जो उसे राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व निर्वहन का बोध करा सके।**

भारतीय पर्वों में रक्षा बंधन का विशेष महत्व है। कच्चे धागों की डोर से भाई बहन के पावन रिश्तों में भाई द्वारा बहन की पक्की सुरक्षा का वचन निभाने का प्रतीक पर्व व्यक्ति में नेह, त्याग व समर्पण की भावना के समाहित होने का बोध कराता है। यूँ तो आधुनिक युग में भौतिकता इतनी सर चढ़कर बोल रही है, कि भाई के बहन के रिश्तों में भी औपचारिकता का अधिक निर्वाह होने लगा है, फिर भी प्रत्येक वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा पर बहन अपने भाई के स्वस्थ एवं दीर्घजीवी होने की कामना करती है तथा अपने और परिवार पर आने वाले किसी संकट के समय अपनी सुरक्षा का वचन लेती है। भारतीय परिवार व्यवस्था में भाई बहन का सम्बंध सबसे पवित्र है भी, इसमें कोई संदेह नही है। यह तो रही रक्षा बंधन पर्व की महत्ता की बात। अब राष्ट्र के प्रति जनमानस के दायित्व निर्वहन का प्रश्न है कि जनमानस राष्ट्र के प्रति कितना समर्पित एवं वचनबद्ध है। रक्षा बंधन पर्व पर ऐसा कौन सा सूत्र हो, जो उसे राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व निर्वहन का बोध करा सके। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर राष्ट्र के प्रति अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति समर्पित होकर किस प्रकार से राष्ट्र के प्रति निष्ठावान रहने का संकल्प लिया जाए, यह विचारणीय बिंदु है। विडम्बना है कि जब राष्ट्र विकास के मार्ग पर अग्रसर है तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व भर में भारत अपने विशिष्ट कौशल के कारण बड़ा नाम कमा रहा है, तब देश के भीतर एवं बाहर भारत विरोधी शक्तियाँ देश में विभिन्न प्रकार के षड्यंत्र रचकर देश को बदनाम करने पर आमादा है। भारत की सीमाओं पर शत्रु अतिक्रमण करने हेतु कुचक्र रच रहे हैं। जिनका साथ देते हुए भारत विरोधी तत्व कभी सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं, कभी विदेशी षड्यंत्रकारियों के मंसूबों का समर्थन करके राष्ट्र के प्रति अपनी नकारात्मक सोच का परिचय दे रहे हैं। ऐसा नहीं है कि भारत की न्यायिक प्रणाली या जनमानस उनकी भारत विरोधी मानसिकता से अपरिचित हो, फिर भी ऐसे तत्व सक्रिय हैं। यह देश का दुर्भाग्य है कि जहां देश की विदेश नीति तथा आम आदमी का राष्ट्र के प्रति समर्पण आवश्यक है, वहाँ अराजक तत्व विशुद्ध मानवीय दृष्टिकोण की उपेक्षा करके देश को क्षेत्र, धर्म,जाति व भाषा के आधार पर बाँटने का कुत्सित प्रयास करने में जुटे हैं। देश के प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन, जनसंख्या की विस्फोटक स्थिति से जैसे जनमानस को कोई सरोकार न हो। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा, कि लोग सार्वजनिक सम्पत्तियों को नुक़सान पहुँचाने से भी कोई परहेज़ नहीं करते। किसी भी राजनीतिक दल के सक्रिय सदस्य, पदाधिकारी या जन प्रतिनिधि बनकर अपना घर भरने की दौड़ में शामिल लोग राष्ट्र के प्रति कितने समर्पित व निष्ठावान हैं, यह तथ्य किसी से छिपा नही है। फिर भी देश गतिशील है। ऐसे में क्यों न वैचारिक धरातल पर कोई ठोस निर्णय लिया जाए। समाज में परिवर्तित जीवन मूल्यों के बीच कोई ऐसा सूत्र निर्मित किया जाए, जिसके माध्यम से देश का प्रत्येक नागरिक दलगत, जातिगत, क्षेत्रीय, भाषाई व धार्मिक आस्थाओं से ऊपर उठकर केवल राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने के लिए संकल्प व वचनबद्ध हो।

## सेहत मंत्र

# डायबिटीज में बहुत फायदेमंद है रागी का आटा

जब शरीर में ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है, तो इस स्थिति डायबिटीज या फिर मधुमेह कहा जाता है। यदि डायबिटीज को समय रहते कंट्रोल न किया जाए, यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन सकती है। ऐसे में रोगी को खानपान में विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। भारतीय अनाजों में शामिल रागी, कई पोषक तत्वों और स्वास्थ्य लाभों से भरपूर है। यदि रागी का सेवन किया जाए, तो आप खुद को कई अन्य बीमारियों से दूर रख सकते हैं। डायबिटीज, हाईपरटेंशन, मोटापा ये ऐसी कुछ आम समस्याएं हैं, जिसके काफी ज्यादा लोग परेशान हैं। ऐसे में डायबिटीज को कंट्रोल करने में रागी काफी फायदेमंद है। आज केवल वयस्क ही नहीं बल्कि बच्चे भी इन स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में हर कोई अपने स्वास्थ्य के प्रति पहले से ही सजग रहता है, ताकि इन गंभीर बीमारियों का हमला उन पर न हो जाए। खानपान में लापरवाहियों के कारण छोटी-छोटी बीमारियां जैसे मोटापा, हृदय रोग और डायबिटीज जैसी समस्याओं का कारण बन रही हैं। यदि आप डायबिटीज के रोगी हैं, तो आज हम आपके लिए रागी से बनी इस टेस्टी और हेल्दी डिश के बारे में बताएंगे, जो कि आपके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखने में मदद करेगा। रागी अपने आप में एक पोषक तत्वों से भरपूर आहार है। रागी में फाइबर पर उच्च मात्रा होती है, जो पचने में थोड़ा समय लेता है और ब्लड शुगर के लेवल को कंट्रोल रखता है। इसके आलावा, रागी प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन डी और आयरन से भरपूर होता है। डायबिटीज के रोगियों को रागी के सेवन की सलाह दी जाती है, यह डायबिटीज के अलावा हड्डियों को मजबूत बनाने साथ शरीर में खून की कमी को पूरा करने में मदद करता है। रागी के आटे का सेवन कई स्नैक्स और डिश बनाने के लिए किया जा सकता है। डोसा काफी पसंद की जाने वाली एक लोकप्रिय डिश है, जिसे सिर्फ दक्षिण भारत में ही नहीं बल्कि उत्तर भारत में भी लोग बड़े चाव के साथ खाना पसंद करते हैं। आमतौर पर आप जैसा डोसा खाते हैं, यह उससे थोड़ा अलग है क्योंकि यह रागी के आटे से बना डोसा है। जिसे रागी व्हीट डोसा के नाम से जाना जा सकता है। यह रागी व्हीट डोसा बनाना बहुत ही आसान है और डायबिटीज के रोगियों के लिए फायदेमंद भी है।

## धर्म मंत्र

# मुरैना के शनिचरा मंदिर में खुद हनुमानजी लेकर आये थे शनि देव को

हम सभी शनिदेव की महिमा से भली भांति परिचित होंगे। देश भर में कई चमत्कारिक शनि मंदिर हैं। जहाँ शनि देव की महिमा अमरमपार है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर के समीप एंती गांव हैं जहाँ पर विराजित शनि देव का देश भर में विशेष महत्व है। भगवान हनुमान रावण की कैद से छुड़वा कर शनि देव को यहीं पर लाये थे। तब से यहाँ पर शनि देव विराजमान हैं। बताया यह भी जाता है कि यहाँ शनि मंदिर पर प्रतिष्ठित शनि देव की प्रतिमा आसमान से टूट कर गिरे एक उल्कापिंड से निर्मित है जिससे यह स्थान विशेष प्रभावशाली है। बताया जाता है कि आज भी यहाँ अमर रूप में शनि देव विराजमान हैं। शनि देव के चमत्कार को देखते हुए ग्वालियर के सिंधिया राज घराने द्वारा इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया गया था। शनि देव की महिमा के आगे सब बेअसर होता है। जिस पर शनि देव की दिव्य दृष्टि पड़ जाए समझ लो वह भव सागर से पार हो जाता है। मुरैना जिले में आने वाले इस शनिचरा मंदिर के बारे में एक कथा विख्यात है। बताया जाता है कि जब भगवान महाबली हनुमान रावण की लंका जलाने वाले थे तब उनकी नजर उस जगह पर पड़ी जहाँ पर रावण ने अन्य देवताओं के साथ ही शनि देव को भी बंदी बना रखा था। शनि देव ने हनुमानजी से रावण की कैद से छुड़ाने का आग्रह किया। जिसके बाद हनुमान ने शनि देव को रावण की कैद से छुड़वाया। रावण की कैद में रहने से शनि देव कमजोर हो गए थे तो उन्होंने हनुमान से विनती करी कि वे उन्हें किसी सुरक्षित जगह पर भेज दें।

## पर्यटन



# विस्मयकारी है नागार्जुन सागर बांध की विशालता

आप नागार्जुन कोंडा टापू भी देखने जा सकते हैं। प्रकृति की अद्भुत छटा बिखेरता नागार्जुन कोंडा एक टापू सदृश्य स्थल है इस टापू का निर्माण नागार्जुन सागर में किया गया है। इसका नाम भी तीसरी शताब्दी में बौद्धों के महायान संप्रदाय की स्थापना करने वाले महान बौद्ध दार्शिनक नागार्जुन के नाम पर ही रखा गया है। यदि आप आंध्र प्रदेश की सैर पर आए हैं और आधुनिक निर्माण की कला का दर्शन करना चाहते हैं तो आपको नागार्जुन सागर बांध को अवश्य देखना चाहिए। यह बांध विश्व का सबसे लंबा बांध है। यह हैदराबाद से 150 किलोमीटर दूर स्थित है। आज जहां बांध है, प्राचीनकाल में यही विजयपुरी हुआ करती थी जो उस काल में मुख्य बौद्ध स्थल था। आंध्र प्रदेश के विख्यात बौद्ध संत आचार्य नागार्जुन के नाम पर ही इस 380 वर्ग किलोमीटर में पसरे जलकुंड का नाम नागार्जुन सागर बांध रखा गया है। कृष्णा नदी पर निर्मित यह बांध अपनी भव्यता और विशालता के द्वारा इंसान की मेहनत, लगन और जीवंतता की कहानी कहता है। आंध्र प्रदेश टूरिज्म कंडक्टिड टूर की सुविधा भी उपलब्ध कराता है। हैदराबाद आदि स्थानों से भी पर्यटक इस कंडक्टेड टूर का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा मोटरबोट सेवा की भी सुविधा यहां उपलब्ध है। इसका किराया भी ज्यादा नहीं है। बच्चों के लिए तो यह खासकर रोमांचक यात्रा रहती है। यहां ठहरने और खाने-पीने की अच्छी सुविधा है। छोटे-बड़े दोनों दर्जे के होटल यहां उपलब्ध हैं। आप अपनी जरूरतों के हिसाब से इनका चयन कर सकते हैं। आप नागार्जुन कोंडा टापू भी देखने जा सकते हैं। प्रकृति की अद्भुत छटा बिखेरता नागार्जुन कोंडा एक टापू सदृश्य स्थल है इस टापू का निर्माण नागार्जुन सागर में किया गया है। इसका नाम भी तीसरी शताब्दी में बौद्धों के महायान संप्रदाय की स्थापना करने वाले महान बौद्ध दार्शिनक नागार्जुन के नाम पर ही रखा गया है। नागार्जुन सागर बांध निर्माण के समय प्राचीन बौद्ध स्मृतियों को, जो खुदाई से मिले थे, को नागार्जुन कोंडा में संरक्षित किया गया है।

# रक्षाबंधन पर फर्ज की डोरी से बंधी बेटियां , जब भाई की सूनी कलाई ने भिगो दी बहनों की आंखें

**रक्षा बंधन पर विशेष**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सुबह की पहली किरण के साथ निकिता रोज की तरह तैयार हो रही थीं, तभी मां का वीडियो कॉल आ गया। सामान्य दिनों की तरह मां-बेटी में बातों का सिलसिला चला, लेकिन आज का विषय थोड़ा अलग था–रक्षाबंधन। मां ने हौले से पूछ लिया, ''बिटिया, इस बार रक्षाबंधन पर घर नहीं आ रही हो?

निकिता ने एक गहरी सांस लेते हुए धीमे स्वर में कहा, ''मां, त्योहार तो है३ पर छुट्टियां नहीं मिल पाएंगी। यहां जो बहनें हैं, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी पहले है। बात चल ही रही थी कि तभी मां ने फोन कैमरा घुमा दिया, और निकिता के छोटे भाई ने अपनी सूनी कलाई दिखा दी–एक मासूम पर भावुक इशारा। बस इतना भर देख निकिता की आंखें छलक उठीं। भाई की सिसकियों ने इस दूरी को और गहरा कर दिया। शब्द जैसे कहीं खो से गए थे–रिश्तों का दर्द और फर्ज की मजबूरी एक साथ उमड़ पड़ी थी।



यह कहानी सिर्फ निकिता शुक्ला की नहीं है–जो कानपुर की रहने वाली हैं और वर्तमान में महोबा जनपद में पुलिस विभाग में सेवा दे रही हैं–बल्कि हर उस बेटी की है, जो अपने फर्ज को हर रिश्ते से ऊपर रखती है। ज्योति शिखा, जो लखनऊ एटीएस में तैनात हैं, कहती हैं, ''अब हर त्योहार परिवार के बिना ही बीतता है। भाई हर बार जिद करता है कि आ जाओ३ लेकिन हम नहीं पहुंच पाते। फोन ही अब वो कड़ी है, जिससे रिश्तों की गर्माहट महसूस कर लेते हैं।''

ममता पाल, जो बाराबंकी एसपी ऑफिस में तैनात हैं, बताती हैं, ''अब राखी भेज देती हूँ३ पहले सप्ताह भर पहले से तैयारी होती थी। खुद राखियां बनाते थे, भैया की सूनी कलाई को स्नेह से सजाते थे। अब वो दिन बस यादों में ही अच्छे लगते हैं।''

रक्षाबंधन पर जहां आम बहनें भाइयों की कलाई सजाने को आतुर रहती हैं, वहीं वर्दी में डटी ये बहनें अपने भाई से नहीं, बल्कि देश की रक्षा की डोरी से बंधी होती हैं। ये सिर्फ राखी की रस्म नहीं, फर्ज की एक मिसाल है–जहां बहनें अपने आंसुओं को मुस्कान में बदल कर ड्यूटी पर लौट जाती हैं।

आज जब हम सब रक्षाबंधन मना रहे हैं, आइए उन बेटियों को भी याद करें जो अपने परिवार से दूर रहकर हमारे समाज और देश की रक्षा कर रही हैं। उनकी राखी सिर्फ धागा नहीं, बल्कि कर्तव्य और प्रेम की अटूट डोर है।



''जहां मेरी तैनाती है, वहीं मेरा परिवार है। मेरी यह हमेशा कोशिश रहती है कि हर त्योहार, हर अवसर पर मैं अपने कर्तव्यों के साथ-साथ वहां के लोगों के साथ जुड़कर उसे विशेष बना सकूं। इस रक्षाबंधन पर भी मेरी यही प्राथमिकता है कि मैं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहूं लोगों के साथ इस पावन पर्व को मनाऊं, उन्हें सुरक्षित माहौल दूं और यह सुनिश्चित करूं कि वे स्वयं को अकेला न महसूस करें।

रक्षाबंधन के इस पर्व पर मेरी पहली जिम्मेदारी लोगों की सुरक्षा और उनकी सेवा है। परिवार से दूर रहना निश्चित ही कठिन होता है, लेकिन जब पूरा प्रशासनिक क्षेत्र ही परिवार बन जाए, तो सेवा ही सबसे बड़ा त्यौहार बन जाता है।

सुश्री गुजिया अग्रवाल
ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उपजिलाधिकारी, रामनगर''



''कर्तव्य पथ ही मेरी पूजा है...''

रक्षाबंधन का पावन पर्व नज़दीक है–एक ऐसा अवसर जो भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के अटूट बंधन का प्रतीक है।

मैं भले ही इस समय अपने भाइयों के पास नहीं हूँ, क्योंकि मैं लगातार फील्ड पर हूँ , कर्तव्यों की डोर से बंधी हुई, हर ज़िम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभा रही हूँ। जिम्मेदारियाँ इतनी हैं कि इन्हें छोड़ना संभव नहीं, और शायद यही मेरी सबसे बड़ी राखी है अपने फर्ज को निभाना, अपने लोगों की सेवा करना।

मैंने अपने भाइयों को राखी भेज दी है–उनका आशीर्वाद और स्नेह हर पल मेरे साथ है। उनके विश्वास और प्रेम से ही मुझे अपनी भूमिका निभाने की शक्ति मिलती है।

मेरे लिए कर्तव्य पहले है, परिवार मेरी शक्ति है और सेवा मेरा संकल्प।

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं उन सभी को, जो अपने कर्तव्य के लिए अपने निजी सुखों को पीछे रखते हैं।

सीमा भारती
उपजिलाधिकारी, प्रतापगढ़

# बिजली ऐसे गायब हुई जैसे नेता चुनाव बाद , फिर 13 घंटे तक दर्शन नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी शुक्रवार की भोर जैसे ही बादलों ने हुंकार भरी और बारिश ने दस्तक दी, वैसे ही 33 हज़ार की हाइटेंशन लाइन ने हाथ जोड़ लिए और बिजली ने ऐसी विदाई ली जैसे शादी में नखरे वाली दुल्हन ऽ ल्लजा रही हूं, पर लौटूंगी नहीं !ड्डलोगों को लगा कि थोड़ी देर में आ जाएगी, पर बिजली ने ऐसा ठान लिया जैसे उसने कसम खा ली हो कि ''अबकी बार, लंबा ब्रेक यार!'' और फिर शुरू हुआ बिजली वियोग ऽ कुल जमा 13 घंटे का तांडव।मोबाइल बिना चार्ज हुए खुद को ''स्मार्ट'' कहलाने में शर्माने लगे। नलों ने भी अपने नखरे दिखाए ऽ पानी की एक बूँद के लिए लोग वैसे ही तरसे जैसे गर्मियों में आम के रस के लिए बच्चा। कुछ लोग तो बाल्टी लेकर घूमते दिखे, मानो मजाक चल रही हो ऽ ल्लजहाँ पानी मिले, वहीं ठिकाना।ड्डअब आते हैं असली हीरो पर ऽ विद्युत विभाग।सुबह 4 बजे से ही एसडीओ साहब विमलेश मौर्य और अवर अभियंता लालजी सिंह, अपने दल-बल के साथ निकल पड़े ''केबिल खोज अभियान'' पर।जैसे इंडियाना जोन्स जंगलों में खजाना ढूंढता है, वैसे ही ये वीर जवान बिजली की लाइन ढूंढते-ढूंढते पहुँच गए दहेजिया गांव, जहाँ उन्हें एक ब्लास्टेड केबिल बॉक्स मिला ऽ जैसे जंगल ने बिजली को निगल लिया हो !क़ई घंटों की मेहनत, धूप-बारिश और मच्छरों की मेहमाननवाज़ी के बाद शाम साढ़े चार बजे, आखिरकार किसी दूसरी लाइन से जोड़-जाड़ कर बिजली को फिर से क्षेत्र में रीलॉन्च किया गया।

### जंगल-जंगल बात चली है, पता चला है...

कि ये जो 33 हज़ारी हाइटेंशन लाइन है, वो यूँ ही शहर से नहीं आती ऽ जनाब, ये तो खेतों, बागों और जंगलों की सैर करती हुई आती है। और पेड़ों से इतनी सटी रहती है कि तेज़ हवा चलती नहीं, पूरी लाइन ऐसे डर जाती है जैसे परीक्षा में नकल का सीसीटीवी देख लिया हो।अक्सर तो रात में लाइन ठप हो जाती है, लेकिन अधिकारी-कर्मचारी भी सोचते हैं, ल्लभाई साहब! बाग में जाएँ और साँप-बिच्छू से मिलें? रहने दो, कल देखा जाएगा।ड्डइसलिए मसौली की जनता अब मौसम देखते ही मोबाइल चार्ज कर लेती है, पानी भर लेती है और बिजली को दिल से विदा कर देती है जैसे बारात के बाद लड़की वालों की उदासी हो।

### बेखौफ चोरों ने रत्नेश्वर मंदिर से दानपेटी और घण्टा किया पार

तिलोई अमेठी । थाना इन्हौना से चंद कदमों की दूरी पर स्थित प्राचीनतम रत्नेश्वर महादेव मंदिर को बेखौफ चोरों ने निशाना बनाया है और मंदिर की दान पेटी के साथ ही घंटा पार कर पुलिस की रात्रिगश्त की हवा निकाल दी है।

# चौपाल में सुनी जन समस्याएं, रोपित पौधों का जायजा, पौध जो बन गए वृक्ष, गदगद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड निंदूरा के राजस्व ग्राम ठकुरामऊ और सिरसईपुर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ठाकुरा मऊ में सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल कुमार सिंह ने बारातघर में ग्रामीण समुदाय के साथ ग्राम चौपाल में समस्याएं सुनी। चौपाल में उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन की जानकारी दी और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और ग्राम पंचायत सचिव राजेंद्र कुमार विकल को आवश्यक निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने ग्राम का औचक निरीक्षण किया, जिसमें शासकीय भूखंड, आर.आर.सी. सेंटर, पंचायत भवन निर्माण कार्य, पौधारोपण स्थल एवं सफाई व्यवस्था की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पिछले वर्ष 10 जून 2024 को उनके ही प्रेरणा से ग्रामीण सफाई कर्मियों द्वारा स्वयं के संसाधन से लगाए गए पौधों को भी देखा। इन पौधों की गूगल लोकेशन के साथ तस्वीरें खींची गईं। वह पौधे अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं और आने वाले वर्षों तक स्वच्छ हवा, छाया व पर्यावरण संतुलन बनाए रखेंगे।''



वहीं सिरसईपुर एडीओ एसटी और ग्राम पंचायत सचिव महमूद अंसारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।यहां पर हैंडपंप और परिवार रजिस्टर नकल से संबंधित दो शिकायत आई जिसका मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

### गयासपुर में डोली उठने से पूर्व युवती की उठ गई अर्थी

शुकुल बाजार अमेठी । थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के गांव गयासपुर में शुक्रवार की सुबह बारिश के दौरान छप्पर पर पेड़ गिरने से एक युवती की दर्दनाक मौत हो गई है जबकि पिता गम्भीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव गयासपुर में शुक्रवार की सुबह छप्पर के नीचे एक परिवार लेटा हुआ था तभी बारिश के दौरान एक पेड़ छप्पर पर आ गिरा जिसके नीचे पिता पुत्री दोनों दब गये। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और कड़ी मशक्कत करते हुये पेड़ को हटाकर पिता पुत्री को मलबे से बाहर निकाला और घायलावस्था में इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने बाइस वर्षीय सावित्री को मृत घोषित कर दिया जबकि पिता जगदीन गम्भीर रूप से घायल है जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थित काफी दयनीय बताई जाती है। बताया जाता है कि मृतका सावित्री की दो महीने बाद शादी होनी थी लेकिन ऊपर वाले को कुछ और ही मंजूर था।

# एमडीए 10 से, 12.60 लाख लोगों को खिलाएंगे फाइलेरिया रोधी दवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। ज़िले में 10 अगस्त से एक व्यापक सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान शुरू किया जाएगा, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली व दुर्बल करने वाली बीमारी फाइलेरिया को जड़ से ख़त्म करना है। यह अभियान ज़िले भर के अनुमानित 12.60 लाख लोगों को लक्षित करेगा, जिसका उद्देश्य उन्हें इस स्वास्थ्य खतरे से बचाना और अंततः उसे समाप्त करने के लिए आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। यह व्यापक पहल 10 अगस्त से 28 अगस्त तक चलेगी, जिसमें पूरे क्षेत्र में केंद्रित हस्तक्षेप की अवधि शामिल होगी। एमडीए अभियान जिले के सात ब्लॉकों बल्दीराय, कादीपुर, करौंदीकला, मोतिगपुर, कूड़ेभार, भदैंया और धनपतगंज में लांच किया जाएगा। यह व्यापक भौगोलिक पहुँच सुनिश्चित करती है कि ज़िले की आबादी के एक बड़े हिस्से तक निवारक दवा की पहुँच हो। घर-घर जाकर दवा पहुँचाने से व्यापक कवरेज सुनिश्चित होगा। एमडीए अभियान के माध्यम से प्रदान की जाने वाली दवाएँ इन ब्लॉकों के सभी निवासियों के लिए उपलब्ध होंगी, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कुछ विशेष अपवादों के साथ। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और वर्तमान में गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को स्थापित चिकित्सा दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए दवा प्राप्त करने से छूट दी जाएगी।एमडीए अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समर्थन जुटाने के उद्देश्य से शुक्रवार को आयोजित मीडिया जागरूकता कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भरत भूषण ने इस बात पर ज़ोर दिया कि आशा कार्यकर्ताओं को निवासियों को उनके घरों में सीधे दवा देने के लिए तैनात किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दवाएँ उनकी प्रत्यक्ष देखरेख में ली जाएँ। इस सावधानीपूर्वक दृष्टिकोण का उद्देश्य अनुपालन को अधिकतम करना और खुराक छूटने के जोखिम को कम करना है, जिससे अभियान की प्रभावशीलता बढ़ेगी। इसके अलावा, मुख्य चिकित्साधिकारी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जो व्यक्ति शुरू में दवा लेने से इनकार करते हैं, उनसे स्वास्थ्य कार्यकर्ता दोबारा मिलेंगे, जिससे अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त करने में व्यापक भागीदारी के महत्व पर ज़ोर दिया जा सके। एमडीए के तहत दो सुरक्षित और प्रभावी दवाएँ दी जाती हैं: एल्बेंडाज़ोल और डीईसी। ये दवाएँ मानव शरीर में फाइलेरिया परजीवियों से लड़ने के लिए सहक्रियात्मक रूप से कार्य करती हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कुछ व्यक्तियों को दवा के सेवन के बाद खुजली, त्वचा पर चकत्ते या उल्टी जैसी हल्की प्रतिक्रियाएँ हो सकती हैं। हालाँकि, सीएमओ डॉ. भरत भूषण ने स्पष्ट किया कि ये प्रतिक्रियाएँ अक्सर एक सकारात्मक संकेत होती हैं, जो व्यक्ति के शरीर में माइक्रोफाइलेरिया की उपस्थिति का संकेत देती हैं। संक्रमण को रोकने और परिवारों व व्यापक समुदाय को फाइलेरिया के दीर्घकालिक परिणामों से बचाने के लिए तीन वर्षों की अवधि में लगातार और बार-बार उपचार अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज में सामुदायिक चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉ. आनंद ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले के प्रयासों में कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि कॉलेज ने फाइलेरिया से संबंधित हाइड्रोसील ऑपरेशनों में सहायता के लिए सर्जनों की अपनी टीम उपलब्ध कराई है। सामुदायिक चिकित्सा विभाग समुदाय को इस बीमारी और एमडीए अभियान में भागीदारी के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए सक्रिय रूप से जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कुड़वार इसरौली अर्थात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी-रोगी-हितधारक मंच (पीएसपी) के प्रतिनिधि शेषराम वर्मा और किरन मौर्य ने पिछले एमडीए दौरों के दौरान फाइलेरिया-रोधी दवा न लेने के कारण फाइलेरिया रोग से संक्रमित होने के अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। अब वे अपने समुदाय के अन्य लोगों को अपनी गलती न दोहराने की सक्रिय रूप से सलाह देते हैं और अनुशंसित उपचार पद्धति का पालन करने के महत्व पर ज़ोर देते है,कार्यशाला को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लाल जी और फाइलेरिया कंट्रोल यूनिट प्रभारी डॉ प्रियंका त्रिपाठी ने भी संबोधित किया।

### अयोध्या हाईवे पर जल भराव से विकट दशा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहम्मदपुर कीरत के पास जलभराव की विकट समस्या है। हाईवे पर पानी भरने से राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार,सड़क के किनारे समुचित निकासी न होने के कारण हल्की बारिश में भी पानी जमा हो जाता है। स्थिति यह है कि जब कोई चार पहिया वाहन वहां से तेज रफ्तार में गुजरता है, तो पानी छपाक से पैदल चल रहे लोगों और बाइक सवारों पर आ पड़ता है।

### जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बारातबोझ में काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी महोत्सव को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य वर्तमान और भावी पीढ़ी को काकोरी व स्वतंत्रता सेनानियों की शौर्यगाथा के जरिए प्रेरित करना है।इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से देशभक्ति का जज्बा दिखाया। शिक्षिका संगीता वर्मा ने काकोरी घटना का जिक्र कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस तरह के आयोजन छात्र-छात्राओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर छत्रपाल आर्य, संगीता वर्मा,शमा परवीन, एकता रानी,राजेश कुमार सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा हैं।

### अग्रवाल सभा के पास गौवंशीय पशु की मौत, हिन्दू महासभा ने कराया अंतिम संस्कार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के अग्रवाल सभा के पास एक गौवंशीय पशु की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही हिन्दू महासभा के गौरक्षा प्रकोष्ठ के सक्रिय सदस्यों केशव दीक्षित और अमित दीक्षित ने बिना समय गंवाए हिन्दू महासभा के युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना को पूरे घटनाक्रम की सूचना दी।सूचना मिलते ही आयुष सक्सेना तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से संपर्क साधा। उन्होंने पशु की करंट लगने से हुई मृत्यु की जानकारी देते हुए नगर पालिका से तत्काल कार्यवाही की मांग की। नगर पालिका प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपनी टीम को मौके पर भेजा। पालिका की टीम ने हिन्दू महासभा के प्रतिनिधियों आयुष सक्सेना, केशव दीक्षित और अमित दीक्षित एवं स्थानीय निवासियों के सहयोग से मृत गौवंशीय पशु को मौके से उठवाया और नियमानुसार उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाकर दफनाया गया। हिन्दू महासभा के युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना ने कहा, ल्लगौवंशों की रक्षा और सेवा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कर्म से होनी चाहिए। यह हमारी नैतिक और धार्मिक जिम्मेदारी है कि हम इस तरह की घटनाओं को हल्के में न लें और त्वरित कार्यवाही करें।इस घटना ने एक बार फिर यह साबित किया है कि सामाजिक संगठनों की सक्रियता से ना सिर्फ व्यवस्था में सुधार होता है, बल्कि संवेदनशील मुद्दों पर तत्काल राहत भी मिलती है।

### चंदन शर्मा हत्याकांड के आरोपी ने पुलिस को चकमा देकर किया सरेंडर

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। चंदन शर्मा हत्याकांड में वांछित चल रहे आरोपी अमित यादव ने बृहस्पतिवार को पुलिस को चकमा देकर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुक्ता त्यागी की अदालत में चल रहे प्राण घातक हमले के अन्य मामले में सरेंडर कर दिया। अदालत ने अमित की अर्जी पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है। जयसिंहपुर थाने के बझना निवासी चंदन शर्मा की बीते एक अगस्त को कार सवारो ने वाहन चढ़ाकर हत्या कर दी थी,जिसमे आरोपी अमित यादव समेत अन्य का नाम सामने आया है। घटना के बाद से ही क्षेत्रवासियों में पुलिसिया कार्यशैली को लेकर काफी आक्रोश है। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार सिंह को भी निर्देश जारी हुआ है। पुलिस भी अमित यादव व अन्य को गिरफ्तार करने के लिए काफी प्रयासरत भी बताती रही, फिलहाल वह सफल नहीं हो सकी। हत्याकांड में वांछित चल रहे कूरेभार थाने के बरौला निवासी आरोपी अमित यादव व अन्य के खिलाफ चकमरदानी गांव निवासी सचिन वर्मा ने 15 नवंबर 2024 को प्राण घातक हमले सहित अन्य आरोपो में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप-पत्र भी दाखिल हुआ है,मामले की सुनवाई एसीजेएम मुक्ता त्यागी की अदालत में चल रही है। बृहस्पतिवार को अमित यादव ने हत्या के मामले में पुलिस के हत्थे चढ़ने से बचने के लिए पहले से लम्बित प्राणघातक हमले के अन्य मामले में अर्जी देकर आत्मसमर्पण कर दिया।

# डीएम ने लिया बाढ़ प्रभावित अंचल का जायजा





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। तहसील रामनगर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया उन्होंने हेतमापुर बांध पर पहुंचकर घाघरा नदी से प्रभावित ग्रामीणों से मिल कर समस्याएं सुनीं।राहत कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को भोजन स्वास्थ्य आवास आदि की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।इसी दौरान बाढ़ राहत शिविर चिकित्सकीय सहायता और सुरक्षा इंतजामों पर भी चर्चा हुई।निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी लोधेश्वर धाम पहुंचे और कॉरिडोर योजना के प्रगति की जानकारी ली।तेज बारिश और नदी में छोड़े गए पानी के कारण तहसील क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में जलभराव हो गया है।लहड़रा सिसौंडा दुर्गापुर आदि तमाम गांव जलमग्न हैं और लोग ऊंचे स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं प्रशासन द्वारा राहत कार्य जारी है।

## गिल ने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया : पार्थिव पटेल

एजेंसी




नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है।

'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने 2025 के इंग्लैंड दौरे के दौरान शुभमन गिल द्वारा आलोचकों को दिए गए जवाब पर विचार किया। उन्होंने कहा, ल्चार शतक, 75.40 की औसत और 750 से ज्यादा रन - सभी अलग-अलग परिस्थितियों में बनाए गए। पहले, जब वह बल्लेबाजी करने उतरे, तो सवाल थेः क्या वह सेना देशों में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? क्या वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन देखिए उन्होंने क्या जवाब दिए। हेडिंग्ले में पहली पारी में 147 रन। दूसरी पारी में लोगों ने कहा कि उन्होंने उस बड़े स्कोर के बाद अपना विकेट गंवा दिया। फिर एजबेस्टन में पहली पारी में 269 रन बनाए। फिर से, चर्चा थी कि यह कम साबित हो सकता है, लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 161 रन बनाए। तीसरे टेस्ट में, वह दोनों पारियों में जल्दी आउट हो गए, और उनके फॉर्म को लेकर फिर से सवाल उठने लगे, जबकि उन्होंने पिछले मैच में 430 रन बना लिए थे। और फिर मैनचेस्टर में वह शतक आया, एक ऐसे मैच में जिसे भारत को ड्रॉ कराना था। जब भी यह एक चुनौती रही है, जब भी सवाल पूछे गए हैं, गिल ने अपनी बल्लेबाजी से उनका बखूबी जवाब दिया है। इंग्लैंड श्रृंखला के दौरान भारत के बल्लेबाजी प्रदर्शन में रवींद्र जडेजा की महत्वपूर्ण भूमिका पर पार्थिव ने कहा, ल्जडेजा द्वारा बनाए गए 516 रनों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि पहले टेस्ट मैच में भारत को दो बार बल्लेबाजी क्रम के पतन का सामना करना पड़ा था। ऐसे समय में छठे और सातवें नंबर पर बल्लेबाजों का योगदान महत्वपूर्ण हो जाता है - और रवींद्र जडेजा का नाम स्वाभाविक रूप से आता है, क्योंकि वह उस स्थान पर हैं। उसके बाद, बाकी श्रृंखला में एक भी बल्लेबाजी क्रम का पतन नहीं हुआ। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की और जो निरंतरता दिखाई, वह भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण थी। इस संबंध में जो बात केएल राहुल पर लागू होती है, वह रवींद्र जडेजा पर भी लागू होती है। एक वरिष्ठ खिलाड़ी के लिए ऐसे क्षणों में खड़े रहना महत्वपूर्ण होता है, और जडेजा ने इस श्रृंखला में ठीक यही किया है। भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आखिरी मैच जीतकर सीरीज 2-2 से ड्रा कराई ।

## इंडियन ओपन वर्ल्ड एथलेटिक्स 'भारतीय एथलीटों के लिए शानदार अवसर' : मार्टिन ओवेन्स

एजेंसी

भुवनेश्वर। भारत 10 अगस्त को भुवनेश्वर में पहले इंडियन ओपन वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, वहीं रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित एथलीटों का एक मजबूत समूह दुनिया भर की शीर्ष प्रतिभाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देगा। ब्रॉन्ज लेवल की यह प्रतियोगिता भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो एथलीटों को घरेलू मैदान पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करती है। इस महीने के अंत में चेन्नई में होने वाली राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए, रिलायंस फाउंडेशन के 12 एथलीट स्प्रिंट, जंप, थ्रो और मध्यम व लंबी दूरी की स्पर्धाओं में कॉन्टिनेंटल टूर में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। भुवनेश्वर मीट से पहले, ओडिशा रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर के मुख्य कोच, मार्टिन ओवेन्स ने कहा, ''भारत एथलेटिक्स में एक बड़े खिलाड़ी के रूप में पहचाना जाने लगा है और हमें देश में इस तरह की उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं की और जरूरत है। यह मीट एक शानदार अवसर है क्योंकि कई एथलीट जो अब तक केवल अन्य भारतीय एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते रहे हैं, उन्हें अब पूरे एशिया के एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा। कलिंगा स्टेडियम में काफी उत्साह है और मुझे यकीन है कि यह महाद्वीपीय दौरे की सर्वश्रेष्ठ कांस्य मीट स्पर्धाओं में से एक होगी। स्प्रिंट टीम का नेतृत्व अनिमेष कुजूर (200 मीटर) और अमलान बोरगोहेन (100 मीटर और 200 मीटर) करेंगे। अनिमेष ने हाल ही में ग्रीस के वारी में ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट और रिले मीट में 10.18 सेकंड का समय लेकर 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। दूसरी ओर, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सर्किट पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले अमलान से अपनी विस्फोटक गति से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती देने की उम्मीद है। स्प्रिंट स्पर्धाओं में उनके साथ ओडिशा के स्टार लालू भोई (100 और 200 मीटर) भी शामिल होंगे, जो 2024 की राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 मीटर में अपने प्रभावशाली व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 10.34 सेकंड के रिकॉर्ड के बाद सुर्खियों में आए थे, जहां उन्होंने फाइनल में 10.46 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था। लालू पिछले महीने जर्मनी में हुए विश्व विश्वविद्यालय खेलों में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय रिले टीम का भी हिस्सा थे। दिसंबर 2024 में भुवनेश्वर में जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 'सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट' का पुरस्कार जीतने वाली एक अन्य युवा खिलाड़ी साक्षी चव्हाण (100 मीटर) भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी। प्रज्ञान साहू भी महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में भाग लेंगी। इस साल की शुरुआत में कोच्चि में आयोजित राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में, उन्होंने 13.40 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता था।

## संक्षिप्त समाचार

### कनाडियन ओपन में 18 वर्षीय विक्टोरिया म्बोको ने ओसाका को हराकर जीता खिताब

**मैक्सिको सिटी।** कनाडा की युवा टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर अपने करियर का पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीत लिया। 18 वर्षीय म्बोको ने शुरुआती सेट हारने के बाद शानदार वापसी की। पहले सेट में जापान की पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 ओसाका ने 3-0 की बढ़त बना ली थी, जबकि म्बोको सर्विस एरर से जूझ रही थीं। दूसरे सेट में म्बोको ने लय हासिल की और ब्रेक लेकर 5-2 की बढ़त बनाई। ओसाका वापसी नहीं कर सकीं और खराब रिटर्न के कारण म्बोको ने मैच को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। तीसरे सेट में चौथे गेम में चार ब्रेक प्वाइंट बचाकर म्बोको ने 3-1 की बढ़त बनाई और फिर 2 घंटे 4 मिनट में मैच व खिताब अपने नाम कर लिया। खिताब जीतने के बाद म्बोको ने कहा, मैं नाओमी का इस शानदार मैच के लिए धन्यवाद करती हूं। बचपन से ही मैं उन्हें अपना आदर्श मानती रही हूं। ऐसे शानदार खिलाड़ी के साथ खेलना हमेशा खास होता है। उन्होंने आगे कहा, मैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकती। विश्व रैंकिंग में 85वें पायदान पर काबिज म्बोको ओपन एरा में पहली कनाडाई खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने एक ही WTA टूर्नामेंट में तीन पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियंस सोफिया केनिन, कोको गॉफ और एलेना राइबाकिना को हराया। मातृत्व अवकाश के बाद ओसाका अपने करियर को पटरी पर लाने की कोशिश कर रही हैं। इस हार के साथ वह खिताबी सूखे को खत्म करने में नाकाम रहीं। उनका आखिरी खिताब 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन में आया था।

### ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ी शामिल

**मेलबर्न।** भारतीय मूल के दो क्रिकेटरों आर्यन शर्मा और यश देशमुख को अगले महीने भारत अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। शर्मा जहां विक्टोरिया के बल्लेबाज हैं, वहीं ऑलराउंडर देशमुख न्यू साउथ वेल्स के उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें टीम में चुना गया है। इस टीम को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच टिम नीलसन कोचिंग देंगे। इस श्रृंखला की शुरुआत 21, 24 और 26 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों से होगी। इसके बाद 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक ब्रिस्बेन में और सात से 10 अक्टूबर तक मैकाय में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। नीलसन की अंडर-19 टीम के कोच के रूप में यह पहली श्रृंखला होगी। वह इससे पहले 2007 से 2011 तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया पुरुष अंडर-19 टीमः साइमन बज, एलेक्स टर्नर, स्टीव होगन, विल मालजचुक, यश देशमुख, टॉम होगन, आर्यन शर्मा, जॉन जेम्स, हेडन शिलर, चार्ल्स लैचमुंड, बेन गॉर्डन, विल बायरोम, केसी बार्टन, एलेक्स ली यंग, जेडन ड्रेपर। रिजर्वः जेड हॉलिक, टॉम पैडिंगटन, जूलियन ओसबोर्न।

### स्टेट बैंक का पहली तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 12 फीसदी बढ़कर 19,160 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 जून को समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में बैंक का मुनाफा 12 फीसदी बढ़कर 19,160 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 17,035 करोड़ रुपये रहा था। स्टेट बैंक ने शुक्रवार को शेयर बाजार को जानकारी दी कि अप्रैल-जून की तिमाही में उसकी कुल आय भी बढ़कर 1,35,342 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,22,688 करोड़ रुपये थी। बैंक की अर्जित ब्याज आय बढ़कर 1,17,996 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 1,11,526 करोड़ रुपये थी। बैंक के मुताबिक परिचालन लाभ भी सालाना आधार पर 26,449 करोड़ रुपये से बढ़कर 30,544 करोड़ रुपये हो गया। इसके साथ ही जून तिमाही के अंत में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर 1.83 प्रतिशत रह गईं, जो एक साल पहले 2.21 प्रतिशत थी। इसी प्रकार शुद्ध एनपीए यानी खराब ऋण भी सालाना आधार पर 0.57 फीसदी से घटकर 0.47 प्रतिशत रह गया है।

### इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में 93 प्रतिशत बढ़ी : फाडा

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 93 प्रतिशत बढ़ी। इसमें टाटा मोटर्स का योगदान सबसे अधिक रहा। फ़ेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने शुक्रवार को बताया कि पिछले महीने कुल इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों का पंजीकरण बढ़कर 15,528 इकाई हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 8,037 इकाई था। टाटा मोटर्स 6,047 इकाइयों की बिक्री के साथ इस क्षेत्र में अग्रणी रही, जो पिछले वर्ष जुलाई में 5,100 इकाइयों की तुलना में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की वृद्धि है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत घटकर 1,02,973 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 1,07,655 इकाई थी। टीवीएस मोटर कंपनी 22,256 इकाइयों के पंजीकरण के साथ इस खंड में सबसे आगे रही। इसने जुलाई 2024 की 19,655 इकाइयों की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इलेक्ट्रिक तिपहिया खंड में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 69,146 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 63,675 इकाई थी। महिंद्रा समूह 9,766 इकाइयों के पंजीकरण के साथ इस क्षेत्र में अग्रणी रहा जो जुलाई 2024 की तुलना में सालाना आधार पर 40 प्रतिशत अधिक है। इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 52 प्रतिशत बढ़कर 1,244 इकाई रही जिसमें टाटा मोटर्स 333 इकाइयों के पंजीकरण के साथ अग्रणी रही।

### सन टीवी नेटवर्क का अप्रैल-जून तिमही में लाभ 5.38 प्रतिशत घटकर 529.21 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड का अप्रैल-जून तिमही में एकीकृत शुद्ध लाभ 5.38 प्रतिशत घटकर 529.21 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का पिछले वर्ष की इसी तिमाही में मुनाफा 559.32 करोड़ रुपये रहा था। सन टीवी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 1.77 प्रतिशत घटकर 1,290.28 करोड़ रुपये रह गई। कुल व्यय 10 प्रतिशत बढ़कर 782 करोड़ रुपये और अन्य आय सहित कुल आय 1.28 प्रतिशत बढ़कर 1,479.19 करोड़ रुपये हो गई।

## बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के सत्यापन के लिए निविदाएं आमंत्रित कीं

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के पंजीकरण की सत्यापन सेवाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त तय की है। बोर्ड ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''बीसीसीआई निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों के पंजीकरण के लिए सत्यापन सेवाओं के प्रावधान सहित सेवाएं प्रदान करने के अधिकार और दायित्व हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। बीसीसीआई ने निविदा के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी किया है जिसमें इससे संबंधित विस्तृत नियम और शर्तें दी गई हैं। बोर्ड ने कहा, ''एक लाख रुपये की गैर-वापसी योग्य फीस और लागू वस्तु एवं सेवा कर का भुगतान प्राप्त होने पर आरएफपी उपलब्ध कराया जाएगा।

## मैकग्रा की भविष्यवाणीः एशेज में 5-0 से जीतेगा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी



लंदन, आठ अगस्त (भाषा) ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला शुरू होने में अभी तीन महीने से अधिक का समय बाकी है लेकिन दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने भविष्यवाणी की है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 से क्लीन स्वीप करेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच यह प्रतिष्ठित श्रृंखला 21 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। मैकग्रा ने कहा कि उनकी भविष्यवाणी भारत के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में इंग्लैंड के प्रदर्शन पर आधारित है। भारत ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली गई इस श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-2 से बराबरी पर रोका था। मैकग्रा ने 'बीबीसी रेडियो' पर कहा, ''मैं अमूमन भविष्यवाणी नहीं करता हूं लेकिन एशेज के लिए मेरी भविष्यवाणी है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, ''मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। जब पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन अपने घरेलू हालात में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों, तो इंग्लैंड के लिए यह काफ़ी मुश्किल होने वाला है। इसके अलावा इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं है। इंग्लैंड इस वर्ष के अंत में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। उसने 2015 के बाद से एशेज नहीं जीती है। इसके अलावा इंग्लैंड को 2002-03 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में एक श्रृंखला को छोड़कर बाकी सभी श्रृंखलाओं में 0-5 या 0-4 से हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट मैच 2010-11 में जीता था। इंग्लैंड ने तब श्रृंखला 3-1 से अपने नाम की थी। ऑस्ट्रेलिया ने 2021-22 में जब इंग्लैंड का आखिरी दौरा किया था, तब 4-0 से जीत हासिल की थी। यही नहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपनी धरती पर जो पिछले 15 टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से 11 में उसने जीत दर्ज की है। उसने इस बीच केवल दो मैच हारे जबकि दो अन्य मैच ड्रॉ समाप्त हुए थे।

## प्री-सीजन फ्रेंडलीः बायर्न म्यूनिख ने टॉटनहैम हॉटस्पर को 4-0 से हराया

म्यूनिख। बायर्न म्यूनिख ने गुरुवार को खेले गए प्री-सीजन फ्रेंडली मैच में टॉटनहैम हॉटस्पर को 4-0 से मात दी। इंग्लैंड के कप्तान और टॉटनहैम के ऑल-टाइम टॉप स्कोरर हैरी केन ने अपने पूर्व क्लब के खिलाफ पहला गोल किया। केन ने 12वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के अंदर से शानदार फिनिश के साथ टीम को बढ़त दिलाई। दो मिनट बाद बायर्न को बढ़त दोगुनी करने का मौका मिला, जब जोआओ पल्हिन्हा ने पेनल्टी दी। हालांकि, केन का शॉट बार के ऊपर चला गया। यह 2022 फीफा विश्व कप क्वार्टरफाइनल (फ्रांस के खिलाफ) के बाद पहली बार था जब केन पेनल्टी पर चूके। दूसरे हाफ के 61वें मिनट में किंग्सले कोमन ने बॉक्स के किनारे से शानदार कर्लिंग शॉट मारकर स्कोर 2-0 कर दिया। मैच के अंतिम पलों में बायर्न के युवा खिलाड़ियों लेनार्ट कार्ल और जोना कुसी-असारे ने एक-एक गोल दागा और जीत 4-0 से पक्की कर दी।

## व्यापार कूटनीति, नीतिगत संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकतीः जयंत चौधरी

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है और व्यापार कूटनीति, नीतिगत संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकती है।

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने यहां फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 16वें वैश्विक कौशल शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए अमेरिका के भारतीय वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय उद्योग द्वारा दिए गए मजबूत समर्थन और एकजुटता के प्रति संवेदनशील है। जयंत चौधरी ने कहा, ''वर्तमान में वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर प्रतीत होती है। निश्चित रूप से हमें उद्योग जगत से पूर्ण समर्थन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह एक प्रकार की बातचीत है, आप इसे एक प्रकार की लड़ाई कह सकते हैं, जिसमें भारत सरकार वर्तमान में लगी हुई है, लेकिन हमने निर्णय लिया है कि व्यापार कूटनीति नीतिगत संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकती। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ़्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ़ लगाने का ऐलान किया था, जो 7 अगस्त से प्रभावी हो गया। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें नई दिल्ली द्वारा रूसी तेल की खरीद पर भारत पर 25 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया, जिससे कुल शुल्क 50 फीसदी हो गया। भारत पर लगाया गया ये टैरिफ़ दुनिया में किसी भी देश पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा टैरिफ़ में से एक है। ये अतिरिक्त 25 फीसदी शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा।

## सिग्नेचर ग्लोबल का शुद्ध लाभ जून तिमाही में पांच गुना बढ़कर 34.43 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पांच गुना बढ़कर 34.43 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से मजबूत आवास मांग के बीच उच्च आय के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 6.79 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 865.66 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 400.61 करोड़ रुपये थी। कंपनी की कुल आय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 898.35 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 427.98 करोड़ रुपये थी। सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप कुमार अग्रवाल ने कहा, 'वित्त वर्ष 2024-25 की मजबूत गति को आगे बढ़ाते हुए, हमने वित्त वर्ष 2025- 26 की पहली तिमाही में भी शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें हमारी परिचालन आय सालाना आधार पर दोगनी हो गई।' उन्होंने कहा, ''यह वृद्धि ग्राहकों की संतुष्टि और गुणवत्तापूर्ण घरों की समय पर डिलीवरी पर हमारे निरंतर ध्यान को दर्शाता है। हमारी निरंतर वित्तीय और परिचालन प्रगति ने हमसे जुड़े पक्षों के विश्वास को और मजबूत किया है।'' कंपनी गुरुग्राम में अपनी आवासीय परियोजनाओं की मजबूत बिक्री के दम पर चालू वित्त वर्ष के दौरान परिचालन आय में 92 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। निवेशकों को दी जानकारी में कंपनी ने कंपनी ने कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 4,800 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रखा है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में सिग्नेचर ग्लोबल की परिचालन आय 2,498.02 करोड़ रुपये रही। राजस्व के बारे में कंपनी ने कहा कि उसने लगभग 19 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। निर्माण कार्य योजना के अनुसार पूरा होने के कारण आगामी तिमाहियों में गति बढ़ने की उम्मीद है।

## पाँच साल में शत-प्रतिशत हरित ऊर्ज़ा का इस्तेमाल करेगी जियो

एजेंसी

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि उसकी दूरसंचार सेवा इकाई रिलायंस जियो वर्ष 2030 तक पूरी तरह से हरित ऊर्ज़ा का इस्तेमाल शुरू कर देगी। हाल में जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी ने साल 2035 तक नेट कार्बन जीरो का लक्ष्य रखा है, और इसके लिए वह कई मोर्चों पर एक साथ काम कर रही है। रिलायंस जियो वर्ष 2030 तक 100 फीसदी ग्रीन एनर्जी का इस्तेमाल करने लगेगी। अपने लक्ष्य को पाने के लिए कंपनी ने 23,699 स्थानों पर सौर ऊर्ज़ा पैनल स्थापित किए हैं जिनसे 212 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इसके अतिरिक्त, जियो ने कर्नाटक के बीदर में 35 मेगावाट क्षमता वाला एक केंद्रीकृत सौर संयंत्र भी स्थापित किया है। जियो अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों की तुलना में ऊर्ज़ा दक्षता में आगे है। जीएसएमएआई ने एनर्जी बेंचमार्किंग पर अपनी मार्च 2025 की रिपोर्ट में माना कि जियो की प्रति जीबी ट्रैफिक पर ऊर्ज़ा खपत वैश्विक औसत का लगभग 30 प्रतिशत है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बताया है कि उसने गुजरात के कच्छ में सौर ऊर्ज़ा प्लांट के लिए भूमि का विकास शुरू कर दिया है। कंपनी की यहां 150 अरब यूनिट बिजली निर्माण की योजना है। कंपनी जल्द ही गुजरात के कांडला में दो हजार एकड़ में ग्रीन कैमिकल के उत्पादन का काम भी शुरू करने जा रही है। कांडला और लकड़िया-1 में दो एनर्जी ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट भी रिलायंस को मिले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात के जामनगर में रिलायंस की सोलर पीवी गीगा फैक्ट्री, एक गीगावाट से अधिक क्षमता के साथ चालू हो गई है। रिलायंस ने इस वित्त वर्ष में 10 गीगावाट एकीकृत सोलर पीवी निर्माण क्षमता तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। वहीं 30 गीगावाट आवर बैटरी निर्माण सुविधा 2025-26 तक चरणबद्ध तरीके से चालू हो जाएगी।

## सर्राफा बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी का रुख, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार चौथे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 200 रुपये से 220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,560 रुपये से लेकर 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 94,010 रुपये से लेकर 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,17,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 94,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 94,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## चुनाव आयोग ने फिर खारिज किए राहुल के दावे, बताया सिर्फ सनसनी फैलाने की कोशिश

नई दिल्ली। चुनाव आयोग का कहना है कि राहुल गांधी के हाल के आरोप पहले ही नकारे और कानूनी रूप से खारिज किए जा चुके हैं। वे 2018 में उठाए गए मुद्दों को दोबारा उठाकर सनसनी फैलाना चाहते हैं। आयोग का कहना है कि कानून में आपत्तियाँ दर्ज करने और अपील करने की स्पष्ट प्रक्रिया है। इसके स्थान पर राहुल गांधी ने मीडिया के माध्यम से निराधार दावे करके मुद्दे को सनसनीखेज बनाने की कोशिश करते हैं। जब कानून किसी कार्य को एक विशेष प्रक्रिया से करने की अपेक्षा करता है, तो उसी प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। यदि राहुल गांधी को अपनी बातों पर विश्वास है, तो उन्हें कानून का सम्मान करते हुए घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने चाहिए या फिर देश से माफ़ी मांगनी चाहिए। चुनाव आयोग के अनुसार 2018 में मध्य प्रदेश कंाग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष कमल नाथ ने सुप्रीम कोर्ट में निर्वाचन सूची में गड़बड़ियों को लेकर याचिका दायर की थी। उस समय कुछ वेबसाइटों के आधार पर दावा किया गया कि एक ही चेहरा कई मतदाताओं के रूप में दिखाया गया है।

# मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या के प्रयास में शामिल दो नक्सली गिरफ्तार

एजेंसी



सुकमा। छत्तीसगढ़ में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में मुखबिर के आसूचना पर थाना चिंतलनार से जिला बल का बल एवं कैम्प पुलनपाड़ से 223 वाहिनी सीआरपीएफ बल की संयुक्त पार्टी के सो ड्यूटी एवं नक्सल आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु ग्राम तिम्मापुरम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम तिम्मापुरम की घेराबंदी कर थाना चिंतलनार के प्रकरण में फरार चल रहे जगरगुण्डा एरिया कमेटी के सक्रिय दो नक्सलियों हेमला देवा, मिलिशिया सदस्य (उम्र 40 वर्ष) निवासी तिम्मापुरम एवं मड़कम नंगा, मिलिशिया सदस्य (उम्र 40 वर्ष) निवासी ग्राम तिम्मापुरम थाना चिंतलनार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों नक्सली थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत 19 जून 2025 को ग्राम तिम्मापुरम के ग्रामीण मुचाकी हितेश पर मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या करने की नीयत से लाठी/डण्डे से मार-पीट करना एवं रस्सी से गला घोंटा गया। ग्रामीण मुचाकी हितेश को मृत समझ कर अधमरा छोड़कर कर जंगल की ओर भाग जाने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहे हैं। घटना के संबंध में थाना चिंतलनार में अपराध क्रमांक 06/2025 धारा 109, 190, 191, 140, 391 भारतीय न्याय संहिता, 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है। उपरोक्त वारदात में कार्रवाई करते हुए दोनों गिरफ्तार नक्सलियों के विरूद्ध कार्रवाई उपरांत आज शुक्रवार को न्यायालय सुकमा के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड के लिये पेश किया गया । उक्त प्रकरण में संलिप्त अब-तक चार नक्सलियों को ग?रेल दुर्घटनाओं में आई भारी कमी, व्यापक हुआ सुधार : अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली, 8 अगस्त (हि.स.)। भारतीय रेल ने सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि बीते वर्षों में रेल हादसों की संख्या में भारी गिरावट आई है। वर्ष 2004 से 2014 के दौरान जहां कुल 1,711 गंभीर रेल हादसे हुए (औसतन 171 प्रति वर्ष), वहीं 2024ऽ25 में यह संख्या घटकर केवल 31 रह गई और 2025ऽ26 में (जून तक) सिर्फ तीन प्रमुख रेल दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि देश में गंभीर रेल हादसों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2014ऽ15 में 135 गंभीर रेल हादसे दर्ज हैं जबकि 2024ऽ25 में यह घटकर 31 रह गए। इसी प्रकार 2025ऽ26 (जून तक) केवल 3 गंभीर रेल दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह सुधार रेलवे की सुरक्षा प्राथमिकताओं और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। रेल मंत्री ने बताया कि 'प्रति मिलियन ट्रेन किलोमीटर दुर्घटनाएं (एपीएमटी किमी) सूचकांक में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो 2014ऽ15 में 0.11 से घटकर 2024ऽ25 में 0.03 हो गया है, यानी करीब 73 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि रेलवे ने सुरक्षा मद में खर्च में तीन गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। 2013ऽ14 में जहां कुल खर्च 39,463 करोड़ रुपये था, वहीं 2025ऽ26 के लिए यह अनुमानित खर्च 1,16,470 करोड़ रुपये हो गया है। यह खर्च ट्रैक मेंटेनेंस, ब्रिज वर्क्स, रोड अंडर ब्रिज/ओवर ब्रिज, आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम और रोलिंग स्टॉक की देखरेख जैसे कार्यों पर किया जा रहा है। रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे में तकनीकी उन्नयन और संरचना सुधारों से सुरक्षा में व्यापक सुधार हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग अब तक 6,635 स्टेशनों पर स्थापित की जा चुकी है। 11,096 लेवल क्रॉसिंग गेट्स का इंटरलॉकिंग किया गया है। 6,640 स्टेशनों पर ट्रैक सर्किटिंग की सुविधा दी गई है। कवच जैसी आधुनिक रेल सुरक्षा प्रणाली 1548 किलोमीटर रूट पर लगाई जा चुकी है, और दिल्ली-मुंबई व दिल्ली-हावड़ा कॉरिडोर पर 3000 किलोमीटर पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि कोहरे के दौरान दृश्यता कम होने पर भी सुरक्षा के लिए उपाय किए गए हैं। 25,939 लोको पायलट्स को जीपीएस आधारित फॉग सेफ्टी डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। रिफ्लेक्टिव सिग्नल बोर्ड्स भी लगाए गए हैं ताकि कम दृश्यता में भी संकेतों को पहचाना जा सके।

# एसआईआर पर विपक्ष के हंगामे के बाद राज्य सभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

एजेंसी



नई दिल्ली। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कंाग्रेस के 'वोट चोरी' आरोपों सहित विभिन्न मुद्दों पर शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया, जिसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्य सभा की कार्यवाही शुरू करते ही उपसभापति हरिवंश ने आवश्यक कागजात और रिपोर्ट्स सदन की पटल पर रखवाए। उसके बाद हरिवंश ने कहा कि आज उन्हें नियम 267 के तहत 20 नोटिस मिले हैं। आज के नोटिस में पांच अलग-अलग मुद्दे शामिल हैं, जिन पर सदस्यों ने कार्य स्थगन की मांग की है। ऐसा प्रतीत होता है कि नियम 267 के तहत नोटिसों का इस्तेमाल सदन में अव्यवस्था फैलाने के लिए किया जा रहा है। इसके बाद फिर हंगामा शुरू हो गया। तृणमूल कंाग्रेस के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा कि अगले सोमवार से विपक्ष द्वारा दिए जाने वाले सभी नोटिस एसआईआर मुद्दे पर होंगे।सीपीआई(एम) के जॉन ब्रिटास ने कहा कि नियम 267 को समाप्त कर दिया जाना चाहिए, जबकि कंाग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष चाहता है कि सदन चले और एसआईआर मुद्दे पर चर्चा हो। डीएमके के तिरुचि शिवा ने कहा कि नियम केवल कागज़ों पर ही नहीं, बल्कि व्यवहार में भी होने चाहिए। इस हंगामे को देखते हुए सभापति ने सभी से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब तक सदन का 56 घंटे और 49 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है। सत्र में अब तक केवल 13 तारांकित प्रश्न, पांच शून्यकाल प्रस्तुतियां और 17 विशेष उल्लेख ही लिए गए हैं। इसके कारण विपक्षी सदस्यों में हंगामा मच गया और सांसद नारे भी लगाने लगे। इसके बाद उपसभापति ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्य सभा की कार्यवाही जब दोबारा बारह बजे शुरू हुई तो फिर से सदन में हंगामा शुरू हो गया। सभापति के रूप में सभा की कार्यवाही संचालित कर रहे घनश्याम तिवाड़ी ने प्रश्नकाल शुरू किया, लेकिन सदन में कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने बैज पहन कर नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद सभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

## स्वतंत्र फिलिस्तीन के लिए जमात-ए-इस्लामी ने मुस्लिम संगठनों के साथ मुहिम शुरू की

नई दिल्ली। जमात-ए-इस्लामी हिंद ने देश के प्रमुख मुस्लिम संगठनों को साथ लेकर एक स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य के समर्थन के लिए मुहिम शुरू की है। इस मुहिम के तहत राजधानी दिल्ली में स्थित विभिन्न देशों के दूतावासों में जाकर उनके राजनयिकों से मुलाकात करने और उन्हें ज्ञापन देने का सिलसिला शुरू किया गया है। इसी कड़ी में जमात-ए-इस्लामी के अध्यक्ष इंजीनियर सआदतउल्लाह हुसैनी के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के दूतावास में जाकर उनके राजनयिकों से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा इंडोनेशिया के दूतावास में भी इस प्रतिनिधिमंडल ने जाकर राजनायिकों से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है।

प्रतिनिधिमंडल में मौलाना असगर अली इमाम सलफी मेहंदी (अध्यक्ष, जमीअत अहले हदीस), एस. अमीरुल हसन (उपाध्यक्ष, जमात-ए-इस्लामी हिंद), मुफ्ती अब्दुल राजिक मजाहरी ( महासचिव, जमीअत उलमा-ए-हिंद दिल्ली), एडवोकेट अनीसुर्रहमान (महासचिव, एसआईओ ऑफ़ इंडिया), डॉ. रिजवान रफीकी (सहायक सचिव, जमात-ए-इस्लामी हिंद), डॉ. शीश तहमी ( सचिव जमीअत अहले हदीस हिंद) शामिल थे।

# धर्मस्थला गांव के मंदिर की प्रतिष्ठा धूमिल करने की अंतरराष्ट्रीय साजिशः विहिप



बेंगलुरु। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के बेलथांगडी तालुका के धर्मस्थला गांव में स्थित श्री मंजूनाथ स्वामी मंदिर को लेकर गलत और भ्रामक जानकारी देने वालों की विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कड़ी निंदा की है। विहिप ने मंदिर की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए इसे अंतरराष्ट्रीय साजिश बताते हुए इसकी एसआईटी जांच जारी रखने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

विहिप के बेंगलुरु प्रांत अध्यक्ष दीपक राज गोपाल और पूर्व प्रांत अध्यक्ष डॉ. एमबी पुराणिक ने शुक्रवार को एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि आज निहित स्वार्थ और हिंदू विरोधी ताकतें धर्म के प्रतीक धर्मस्थल के बारे में व्यापक रूप से गलत जानकारी फैला रही हैं और इस स्थान के सम्मान और गरिमा को कम करने की कोशिश कर रही हैं, जो एक अक्षम्य अपराध है। विहिप बेल्थांगडी थाना क्षेत्र में 2012 में हुई कुमारी सौजन्या की हत्या की गहन और पारदर्शी जांच करने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा देने की मांग करती रही है। विहिप ने तब से इस संबंध में चल रहे सभी निष्पक्ष संघर्षों को अपना समर्थन भी दिया था। बयान में कहा गया कि एक व्यक्ति के दावे के आधार पर धर्मस्थला के मंदिर और हिंदू धार्मिक मान्यताओं की गरिमा को कमजोर करने के लिए व्यवस्थित रूप से एक साजिश रची जा रही है। अंतरराष्ट्रीय समाचार चैनलों पर इस तरह की खबरें प्रसारित करके हिंदू-विरोधी ताकतें यह साबित करना एक अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र है। दोनों नेताओं ने बयान में कहा कि विहिप न केवल धर्मस्थल बल्कि राज्य और देश के कई अन्य हिंदू धार्मिक केंद्रों के खिलाफ साजिश रचने वाली सभी हिंदू विरोधी और अंतरराष्ट्रीय ताकतों के खिलाफ हर तरह से लड़ने के लिए तैयार है। विहिप राज्य सरकार से आग्रह करती है कि एसआईटी की जांच जारी रखे और श्रीक्षेत्र के विरुद्ध षडयंत्र रचने वालों तथा सनातन धर्म में दरार डालने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करे। उल्लेखनीय है कि धर्मस्थला गांव में स्थित श्री मंजूनाथ स्वामी मंदिर भारत के प्रतिष्ठित धार्मिक तीर्थस्थलों में से एक है। पिछले माह एक व्यक्ति ने प्रशासन से शिकायत कर स्वीकार किया था कि उसने 10-20 साल पहले धर्मस्थल के जंगलों में सैकड़ों शवों को दफनाया था। इसके बाद सरकार ने इसे गंभीरता से लिया और इलाके में कई स्थानों पर खुदाई करवाने का आदेश दिया है।

# पेज एक का शेष

### हम...

वर्ष पहले इस महान आजादी को लेकर जिन क्रांतिकारियों ने खुद को बलिदान दिया था, उनका पुनः स्मरण करके उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए हर देशवासी को प्राण प्रण से जुटना चाहिए।

हर घर तिरंगा, हर मन में राष्ट्रभक्ति का हो संकल्प योगी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन के मन में पुनः प्रतिष्ठित करना आज का हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को दोहराते हुए कहा कि हर घर पर तिरंगा फहराया जाए। हर गांव और नगर निकाय, वार्ड में तिरंगा यात्रा निकले, यही हमारी आजादी के अमृत महोत्सव की सार्थकता होगी। उन्होंने कहा कि हर घर के ऊपर ये तिरंगा झंडा हो और हम सब तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की एकता के संदेश को विभाजनकारी मंसूबों को तोड़ते हुए आगे बढ़ाएं। अगर हम इस संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं तो आजादी का यह महोत्सव एक बार फिर से हर भारतवासी को अपने आप से जोड़ने में सफल सिद्ध होगा। देश के स्वाधीनता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों के सामने यही संकल्प दिया है। हर भारतवासी ने भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम को सदैव सम्मान दिया है। हाल ही में दुश्मन देश के द्वारा भारत पर थोपी गई युद्ध का जवाब भारत के बहादुर जवानों में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जिस तत्परता के साथ दिया, पूरी दुनिया ने भारत के शौर्य और सामर्थ्य का लोहा माना है।

विदेशी वस्तुएं नहीं, अब स्वदेशी बने जीवन का मंत्रमुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आर्थिक ताकत भी राष्ट्रनिर्माण से जुड़ी है और जब हम विदेशी वस्तुएं खरीदते हैं, तो न सिर्फ हमारा पैसा विदेश जाता है, बल्कि वही पैसा आतंकवाद और उग्रवाद में उपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि आने वाले त्योहारों (रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दशहरा, दीपावली, छठ) में स्वदेशी वस्तुएं ही उपहार में दें और खरीदें। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहारों में जब हम इस दौरान कोई स्वदेशी वस्तु खरीदते हैं तो हमारे हस्तशिल्प और कारीगर काम पाते हैं। यह देश के विकास, उत्थान में खर्च होगा। हम जो भी उपहार देंगे या अपने घर के लिए खरीदेंगे, भले ही तात्कालिक रूप से थोड़ा महंगा हो, लेकिन वही खरीदेंगे जो स्वदेशी होगा। मुख्यमंत्री ने 2 अक्टूबर को हर उत्तर प्रदेशवासी से गांधी आश्रम जाकर खादी खरीदने का संकल्प लेने की अपील की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल उपस्थित रहे।

### बाराबंकी...

संतोष सोनी (38) के रूप में हुई। जूही सक्सेना हरक ब्लॉक में सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी थी, जबकि मीना श्रीवास्तव हरख ब्लॉक में ही सहायक विकास अधिकारी वेलफ़ेयर के पद पर थीं। जिलाधिकारी त्रिपाठी ने बताया कि हादसे के समय बस में 60 यात्री सवार थे। बाद में अन्य शेष यात्रियों का भी मौके पर प्राथमिक उपचार कर उन्हें सुरक्षित उनके गंतव्य तक भेजा दिया गया। एक यात्री गंभीर रूप से घायल हैं, जिसे चिकित्सा सुविधा के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। राहत एवं बचाव टीम ने क्षतिग्रस्त पेड़ को हटाकर सड़क मार्ग को साफ कर यातायात पुनः सुचारु कर दिया गया है।

### झूठा...

गौरव पर सवाल उठाने वाले भी राहुल गांधी ही हैं। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर कंाग्रेस के नेता कोर्ट को भी ऊंचा-नीचा बोलने से नहीं चूकते। यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र में 1 करोड़ वोट बढ़े। भारतीय चुनाव आयोग की वेबसाइट पर है कि 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा में 9,71,41, 289 वोटर थे और लोकसभा के समय 9,30,61,760 वोटर थे। लोकसभा और विधानसभा के बीच 40 लाख वोट बढ़े, जबकि राहुल गांधी एक करोड़ बता रहे हैं, तो 60 प्रतिशत का मार्जिन हुआ। क्या आगे से वो कुछ भी बोलेंगे, तो क्या उसे 60 प्रतिशत माइनस करके समझा जाए।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि इस देश की आर्मी, चुनाव आयोग, संसद ये सब ऐसी संस्थाएं हैं, जो स्वायत्त और स्वाधीन होकर काम करती हैं।

हम सब इसके द्वारा पूरी तरह नियंत्रित है। इसलिए कोई स्वतंत्र संस्था जब किसी भी राजनीतिक प्रोसेस को फॉलो करती है, तो उसे हम सभी को मानना चाहिए। क्योंकि, इन सभी संस्थाओं को संवैधानिक दर्ज़ा देश के संविधान ने दिया है।

### सरकार ...

का निर्णय लिया है। जानकारी के मुताबिक लोकसभा में 13 फरवरी को पेश किए गए मूल विधेयक का उद्देश्य कानूनी पेचीदगियों को कम करके आयकर अधिनियम, 1961 में आमूलचूल परिवर्तन करना था। लेकिन, समिति की समीक्षा के बाद कई संशोधनों के कारण सरकार ने भ्रम की स्थिति से बचने के लिए पहले मसौदे को वापस लेने और बहस के लिए एक संशोधित एवं समेकित संस्करण प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले केंद्रीय वित्?त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में प्रवर समिति द्वारा प्रस्तुत आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने का प्रस्ताव रखा, जिसका उद्देश्य आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करना था। नए संस्करण में सरलीकरण का उद्देश्य तो बरकरार रखा गया है, लेकिन इसमें स्पष्टता जोड़ी गई है, ताकि कोई अस्पष्टता न रहे। इसका मुख्य लक्ष्य व्याख्या संबंधी विवादों को कम करना और बिखरे हुए कर प्रावधानों को एक अधिक सुसंगत ढाँचे में समेटना है।

### कैबिनेट...

कनेक्शन हैं। सभी पीएमयूवाई लाभार्थियों को सिलेंडर की सुरक्षा जमा राशि, प्रेशर रेगुलेटर, सुरक्षा होज़, डोमेस्टिक गैस कंज़्यूमर कार्ड (डीजीसीसी) पुस्तिका और इंस्टॉलेशन शुल्क सहित निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन मिलता है। उज्ज्वला 2.0 की मौजूदा व्यवस्था के अनुसार, सभी लाभार्थियों को पहला रिफिल और चूल्हा भी निःशुल्क दिया जाता है। लाभार्थियों को एलपीजी कनेक्शन, पहला रिफिल या चूल्हे के लिए कोई भुगतान नहीं करना पड़ता, क्योंकि इनकी लागत भारत सरकार/तेल विपणन कंपनियां वहन करती हैं। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में तेज़ उतार-चढ़ाव के प्रभाव से पीएमयूवाई लाभार्थियों को बचाने और उन्हें सस्ती एलपीजी उपलब्ध कराने, साथ ही इसके निरंतर उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने मई, 2022 में 200 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर (अधिकतम 12 रिफिल प्रति वर्ष, और 5 किलोग्राम कनेक्शन के लिए अनुपातिक) की लक्षित सब्सिडी शुरू की थी।

### तमिलनाडु ....

मामलों की समिति ने उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना सीधे तौर पर लगभग 8 लाख व्यक्ति-दिवस और परोक्ष रूप से 10 लाख व्यक्ति-दिवस के रोजगार का अवसर उत्पन्न करेगी। इस परियोजना के क्रियान्वयन से एक तरह क्षेत्रीय परिवहन बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और दूसरी तरफ आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। हाईवे परियोजना दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-32 और एनएच-332) और दो राज्य राजमार्गों (एसएच-136 और एसएच -203) से जुड़ेगी। इससे तमिलनाडु के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक केंद्रों से संपर्क आसान होगा। इसके अलावा दो रेलवे स्टेशनों (पुडुचेरी और चिननाबाबूसमुद्रम), दो हवाई अड्डों (चेन्नई और पुडुचेरी) और एक लघु बंदरगाह (कुड्डालोर) से भी परियोजना जुड़ेगी। इस परियोजना से माल और यात्रियों की आवाजाही तेज और अधिक सुगम होगी। क्षेत्रीय विकास, पर्यटन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी।

### प्रधानमंत्री...

आमंत्रित भी किया। बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, ह्लमेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन के साथ एक अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन पर नवीनतम घटनाक्रम साझा करने के लिए उनका धन्यवाद किया। हमने अपने द्विपक्षीय एजेंडे की प्रगति की समीक्षा की और भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। मैं इस वर्ष के अंत में राष्ट्रपति पुतिन की भारत में मेजबानी के लिए उत्सुक हूं। भारत और रूस के बीच दशकों पुराने घनिष्ठ संबंधों की यह बातचीत एक और मजबूत कदम है, जो वैश्विक चुनौतियों के बीच सहयोग और संवाद को प्राथमिकता देने की भारत की नीति को दर्शाता है।

### प्रधानमंत्री...

स्वीकार नहीं करेगी। अमित शाह ने कहा, '' मैं तो बनिए का बेटा हूं, हर चीज का हिसाब लेकर आया हूं। पीएम मोदी ने बिहार में बीते 6 दौरे में 83 हजार करोड़ की सौगात राज्य को दी है। इससे पहले गृहमंत्री द्वारा माँ सीता के भव्य मंदिर की आधारशिला रखी गयी और मंदिर का भूमि पूजन हुआ। दोनों आयोजन पुनौराधाम के महंत कौशल किशोर दास जी की अगुवाई में हुआ। वैदिक मंत्रोंचार के साथ संपूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न हुई।

इस पावन अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, बिहार के जल संशाधन मंत्री विजय चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री अशोक चौधरी, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा सहित बड़ी संख्या में देशभर के संत समाज के लोग इसके साक्षी बने।

उल्लेखनीय है कि पुनौराधाम में करीब 67 एकड़ भूमि पर भव्य मंदिर, यज्ञ मंडप, म्यूजियम, ऑडिटोरियम, कैफ़ेटेरिया, खेल मैदान, धर्मशाला, सीता वाटिका, भजन संध्या स्थल समेत अन्य पर्यटकीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके लिए बिहार सरकार ने 883 करोड़ का बजट जारी किया है। 3 साल में मंदिर निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

### सुप्रीम कोर्ट...

पीठ ने कहा हम यह समझने में असमर्थ हैं कि उच्च न्यायालय स्तर पर भारतीय न्यायपालिका में क्या गड़बड़ है। कई बार हम यह सोचकर हैरान रह जाते हैं कि क्या ऐसे आदेश किसी बाहरी विचार से पारित किए जाते हैं या यह कानून की सरासर अज्ञानता है। जो भी होए ऐसे बेतुके और गलत आदेश पारित करना अक्षम्य है।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने 05 मई 2025 के एक आदेश द्वारा कानपुर नगर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट.एक की अदालत में अभियुक्त मेसर्स शिखर केमिकल्स को आपूर्ति किए गए सामान के बकाया भुगतान के लिए लंबित आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की याचिका खारिज कर दी थी।

न्यायाधीश ने इसे उचित ठहराते हुए कहा था कि शिकायतकर्ता को दीवानी मुकदमा दायर करके शेष राशि वसूलने में काफी समय लग सकता है। उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करते हुएए शीर्ष अदालत ने कहा था यह आदेश इस न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में हमारे कार्यकाल में अब तक देखे गए सबसे खराब और सबसे गलत आदेशों में से एक है। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से संबंधित न्यायाधीश से वर्तमान आपराधिक निर्णय तुरंत वापस लेने का अनुरोध किया था।अदालत ने आगे निर्देश दिया था कि संबंधित न्यायाधीश को उनके पद छोड़ने तक कोई आपराधिक निर्णय नहीं सौंपा जाएगा।

पीठ ने कहा श्यदि किसी समय उन्हें एकल न्यायाधीश के रूप में जिम्मेवारी दी भी जाती है तो उन्हें कोई आपराधिक निर्णय नहीं सौंपा जाएगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि वह यह निर्देश जारी करने के लिए बाध्य हैए क्योंकि उसे ध्यान में है कि वर्तमान आदेश संबंधित न्यायाधीश का एकमात्र गलत आदेश नहीं है जिस पर उसने पहली बार गौर किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता का मामला स्पष्ट और सीधा था। उसने दावा किया कि वह एक बकाया विक्रेता है। उसने याचिकाकर्ता को धागे के रूप में 52,34,385 रुपये का माल दियाए जिसमें से 47,75ए,000 रुपये की राशि थी। हालाँकि शेष राशि का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। उसने प्राथमिकी दर्ज करने का प्रयास कियाए लेकिन पुलिस ने विवाद की दीवानी प्रकृति के कारण इसे अस्वीकार कर दिया था। शीर्ष अदालत की पीठ ने न्यायमूर्ति कुमार के फैसले के संबंध में कहा था हमने पिछले कुछ समय में ऐसे कई गलत आदेशों पर गौर किया है।

### रातभर...

गए हैं। 1. डीएसपी डीएआर, डीपीएल कुलगाम फोन 9419042364, 7051510656... 2. तहसीलदार देवसर 9797144203, 3. एसएचओ पुलिस स्टेशन देवसर 9682196481, 7051510664, 4. नायब तहसीलदार अखल 7006743818... 5. एसआई अर्शीद अहमद 7006613287... 6. एमएचसी देवसर 9906525978।

# सरकार पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है: धामी

## हर्षिल में पीड़ितों से मिले मुख्यमंत्री, राहत-बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले में आपदाग्रस्त धराली में राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार राहत व बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री धामी ने हर्षिल में पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस आपदा ने कई परिवारों को अपार दुःख दिया है, हम उनकी पीड़ा को समझते हैं। हमारी सरकार पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों को तेज़ी से संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता लापता प्रत्येक व्यक्ति की तलाश और प्रभावित परिवारों को पूर्ण सहयोग करना है। इस संकट की इस घड़ी में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार तीन दिन से ग्राउंडजीरो पर कैंप कर रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभाल रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री उत्तरकाशी के आपदा कंट्रोल रूम से वर्चुअली मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार उच्च स्तरीय बैठक कर राहत अभियानों की जानकारी लेने के साथ उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने राहत सामग्री और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बादल फटने, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना और उनके लिए भोजन, पानी और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, पुलिस, आईटीबीपी, पुलिस सहित सभी संबंधित एजेंसियों की टीमें प्रभावित क्षेत्र में तैनात हैं और लगातार राहत कार्यों में लगी हुई हैं।

उत्तरकाशी के धराली में आये सैलाब के बाद लापता लोगों की खोज में सेना सहित अन्य सुरक्षा दल लगे हैं। सेना का डॉग स्क्वाड भी ग्राउंड जीरो पर सर्च ऑपरेशन में मदद कर रहा है। यह प्रशिक्षित डॉग मलबे या प्राकृतिक आपदाओं में फंसे लोगों को ढूंढने में मदद करते हैं।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वच्छता ग्राहियों को बांधी राखी, 'स्वच्छ दिल्ली' के संकल्प को दोहराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में पधारे स्वच्छता ग्रहियों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वच्छाता ग्रहियों को राखी बांधी और उनके साथ मिलकर 'स्वच्छ दिल्ली, सुंदर दिल्ली' के संकल्प को एक बार फिर से दोहराया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान में स्वच्छता ग्रहियों की सक्रियता सचमुच प्रशंसनीय है। ये न सिर्फ हमारी स्वच्छता मुहिम के सहभागी हैं, बल्कि उसकी असली ताकत, उसकी रीढ़ हैं। इनकी (स्वच्छता ग्रहियो) मेहनत दिल्ली को नया रूप देने का निस्वार्थ प्रयास है। इनके समर्पण और अथक प्रयासों को दिल से सलाम। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में मुख्यमंत्री ने 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' स्वच्छता अभियान की 1 अगस्त से की है। यह स्वच्छता अभियान 31 अगस्त तक चलेगा। अगस्त के पूरे महीने चलने वाले इस अभियान में दिल्ली नगर निगम, दिल्ली नगर पालिका परिषद और दिल्ली सरकार के कर्मचारी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस अभियान में सभी दिल्लीवासियों से भी भागीदारी करने का आग्रह किया है।

# अग्निवीरों के आश्रितों को दी गई सहायता राशि को लेकर पंजाब में नया विवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। डयूटी के दौरान मारे गए अग्निवीरों के आश्रितों को दी गई सहायता राशि को लेकर पंजाब में नया विवाद हो गया है।मुख्यमंत्री कार्यालय ने सैनिक कल्याण बोर्ड को पत्र लिखकर अग्निवीरों के आश्रितों को दिए गए दो करोड़ रुपये तुरंत मुख्यमंत्री राहत कोष के खाते में ट्रांसफर करने के लिए कहा है। दरअसल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने देश की सेवा के दौरान शहीद होने वाले अग्निवीर के आश्रितों को सैनिकों की तर्ज पर एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया था। अब तक पंजाब में तीन अग्निवीर शहीद हो चुके हैं। इनमें से दो अग्निवीरों अमृतपाल सिंह तथा अजय को शहीद का द़र्जा प्रदान करते हुए उनके आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जा चुकी है। तीसरे अग्निवीर आकाशदीप के आश्रितों को एक करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने से पहले ही योजना विवादों में आ गई है। अब मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस संबंध में सैनिक कल्याण बोर्ड को दो करोड़ रुपये का बिल भेज दिया है। सैनिक कल्याण बोर्ड ने कहा है कि इस तरह की कोई योजना आजतक बनी ही नहीं है, जिसमें अग्निवीर की शहादत पर परिजनों को एक करोड़ रुपये दिए जाएं। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने सैनिक कल्याण बोर्ड को पत्र लिखकर अग्निवीरों के आश्रितों को दिए दो करोड़ रुपये तुरंत मुख्यमंत्री राहत कोष के खाते में ट्रांसफर करने के लिए कहा है। सैनिक कल्याण विभाग के मंत्री मोहिंद्र भगत ने कहा कि अग्निवीरों के संबंध में पंजाब सरकार ने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से मांगी गई राशि नहीं दी जा सकती है। इस बारे में वह मुख्यमंत्री से बातचीत करेंगे।

# आपदाग्रस्त इलाके में फंसी एक महिला ने धोती फाड़कर मुख्यमंत्री को बांधी राखी, रेस्क्यू के लिए जताया आभार

■ आपदा प्रभावित क्षेत्र में दिखा रक्षाबंधन के स्नेह का अनुपम दृश्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण के दौरान शुक्रवार को एक महिला ने अपनी साड़ी का किनारा फाड़ कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कलाई पर राखी के रूप में बांध दिया। महिला ने अपने पूरे परिवार का रेस्क्यू कर सुरक्षित बचाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। दरअसल, अहमदाबाद के ईशनपुर की रहने वाली धन गौरी बरौलिया अपने परिवार के साथ गंगोत्री दर्शन के लिए आई थीं, लेकिन 5 अगस्त को धराली आपदा के बाद वह अपने परिवार के साथ वहां फंस गईं थी। रेस्क्यू टीमों ने कठिन परिस्थितियों में लगातार प्रयास कर धनगौरी और उनके परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला। शुक्रवार को जब मुख्यमंत्री धामी आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे थे, तब महिला धन गौरी अपनी कृतज्ञता रोक नहीं सकीं। उनकी आंखों में आंसू थे, लेकिन उन आंसुओं में डर नहीं, भरोसा था। महिला धनगौरी ने अपनी साड़ी का किनारा फाड़ कर उसका एक टुकड़ा राखी के रूप में मुख्यमंत्री धामी की कलाई पर बांध दिया। इस मौके पर धन गौरी बरौलिया ने कहा कि मेरे लिए मुख्यमंत्री धामी भगवान श्रीकृष्ण जैसे हैं, जिन्होंने न केवल मेरी, बल्कि यहां मौजूद सभी माताओं-बहनों की एक भाई की तरह रक्षा की है। वे तीन दिनों से हमारे बीच रहकर हमारी सुरक्षा और जरूरतों का ध्यान रख रहे हैं। यह केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं था, बल्कि उसमें एक बहन का विश्वास, अपनत्व और अपने रक्षक भाई के लिए अटूट स्नेह पिरोया हुआ था। इस पर मुख्यमंत्री धामी ने भी उनका हाथ थामते हुए उसे आश्वस्त किया कि एक भाई के रूप में वे हर परिस्थिति में आपदा से प्रभावित बहनों के साथ खड़े रहेंगे और प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव मदद दी जाएगी।

# कुलजीत सिंह चहल ने नवयुग स्कूल के बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को नवयुग स्कूल, मंदिर मार्ग में बच्चों के साथ हर्ष और उमंग से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगी राखियां बांधकर प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के बंधन का संदेश दिया। चहल ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट और उपहार वितरित किए। इस अवसर चहल ने विद्यालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना की। कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि राखी केवल धागा बांधने का पर्व नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, सम्मान और जिम्मेदारी का उत्सव है। उन्होंने कहा कि यह न केवल अपने प्रियजनों की रक्षा और देखभाल की प्रेरणा देता है, बल्कि प्रशासन और विद्यार्थियों के बीच विश्वास, सहयोग और स्नेह के बंधन को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम के बाद चहल ने शिक्षा निदेशक के साथ विद्यालय का निरीक्षण किया।

# चंडीगढ़ में 283 बेड का इमरजेंसी, ट्रॉमा ब्लॉक शुरू

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल एवं केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार को यहां सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) में 283 बिस्तरों वाले आपातकालीन और ट्रॉमा ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य सचिव राजीव वर्मा और स्वास्थ्य सचिव अजय चगती भी मौजूद रहे। जीएमसीएच के निदेशक-प्राचार्य प्रो अशोक कुमार अत्री और चिकित्सा अधीक्षक प्रो गुरविंदर पाल थामी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। यह उद्घाटन पहले 28 जुलाई को होना तय था, लेकिन राज्यपाल की तबीयत खराब होने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से बने इस ब्लॉक का उद्देश्य आपातकालीन सेवाओं को और सुदृढ़ करना है। प्रशासन का कहना है कि इससे मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध होगा और पीजीआई का बोझ कम होगा।

# रक्सौल में निर्माणाधीन पुल में गिरने से एक की मौत,एक गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। जिले में रक्सौल स्थित कोईरिया टोला अंबेडकर चौक स्थित नहर पर बन रहे पुल में गिरने एक युवक की मौत हो गई। घटना बीती रात करीब एक बजे की बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार दोनो युवक एक ही बाइक पर सवार होकर बेतिया से आ रहे थे। दोनों युवक इस बात से अनजान थे कि यहां पुल निर्माणाधीन है। वे अंधेरे में शहर में प्रवेश के लिए बाइक को मोड़ रहे थे,इसी दौरान बाईक सीधे नहर में जा गिरा। जिसमें बाइक चालक कालीबाग बेतिया निवासी दानिश जावेद की मौत हो गई, जबकि पीछे सवार बेतिया के हॉस्पिटल रोड निवासी अमन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो ने बताया कि निर्माणाधीन पुल पर गिरने से दानिश के सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अमन नहर में कराहता रहा, जिसकी चीख सुनने के बाद स्थानीय लोग जुटे और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद रेस्क्यू शुरू किया गया। मौके पर पहुंचे रक्सौल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विजय कुमार व पुलिस बल में शामिल पुलिस सब-इंस्पेक्टर रवि कुमार ने वर्दी उतारकर खुद नहर में छलांग लगाई। इसके साथ ही स्वच्छ रक्सौल टीम के रणजीत सिंह सहित कई युवकों ने भी बचाव कार्य में मदद की। दोनों को एसआरपी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डाक्टरो ने दानिश को मृत घोषित कर दिया। वही अभी घायल अमन की हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना को लेकर रक्सौल वासियो में आक्रोश व्याप्त है, लोगों ने घटना के लिए पुल निर्माण एजेंसी और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। स्वच्छ रक्सौल अध्यक्ष रणजीत सिंह ने इसे 'नर बलि' करार देते हुए कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के मजबूत पुल तोड़ दिया गया, न ही मजबूत डायवर्सन बनाया गया और न ही हादसे से बचाव के लिए बैरिकेडिंग की गई। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को न्याय व मुआवजा देने, दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

उल्लेखनीय है,कि काठमांडू-दिल्ली सड़क खंड पर स्थित इस पुल का निर्माण अप्रैल माह से 4.98 करोड़ की लागत से हो रहा है। पहले ह्यूम पाइप लगाकर डायवर्शन बनाया गया था, लेकिन पिछले माह नहर में अत्यधिक पानी आने से वह बह गया। इसके बाद विरोध, पुतला दहन और अनशन हुए, लेकिन निर्माण कार्य अब तक अधूरा है। इस बीच, पुल की लापरवाही ने एक निर्दोष की जान ले ली।

# जालंधर में ड्रग तस्कर सनी सिंह के ठिकाने पर छापेमारी के दौरान हुई मुठभेड़ में एक घायल

चंडीगढ़। जालंधर के पास कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर सनी सिंह के ठिकाने पर पंजाब पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ)की छापेमारी के दौरान हुई मुठभेड़ में एक व्यक्ति जख्मी हो गया। एएनटीएफ को जालंधर के पास गोरसियां गांव में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना मिली थी जिस पर कार्रवाई करते हुए उसकी टीमों ने उस जगह को घेर लिया। जैसे ही एएनटीएफ की टीम वहां पहुंची सनी और उसके साथियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान सनी के एक प्रमुख सहयोगी देविंदर सिंह को गोली लगी और उसे समीप के एक अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। उसके कई अन्य साथी वहां से भागने में सफल रहे। मुठभेड़ के बाद वहां बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया।

मुख्य संदिग्ध सनी सिंह और उसका एक अन्य साथी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और भगोड़ों को पकड़ने के लिए सघन तलाशी अभियान शुरू किया है। एएनटीएफ अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान पंजाब में मादक पदार्थ माफिया के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति के अंतर्गत चलाया गया है। सनी सिंह का गिरोह मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध हथियार रखने के कई मामलों से जुड़ा हुआ है। हालांकि इस कार्रवाई में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ फिर भी अधिकारियों ने पूरे इलाके में छापेमारी तेज़ कर दी है और जल्द ही भगोड़ों को गिरफ्तार करने का भरोसा जताया है।

# हरिद्वार–पुरकाजी नेशनल हाइवे होगा फोरलेन खानपुर से हरिद्वार की दूरी होगी कम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में एनएच 334ए के खानपुर-हरिद्वार रोड के फोरलेन करने के लिए संरेखण की सहमति के लिए प्रस्तुतिकरण बैठक जिला डीएम कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद,खानपुर विधायक उमेश कुमार, हरिद्वार विधायक प्रतिनिधि अमित गौतम,पार्षद मयंक गुप्ता, ईई एनएचएआई सुरेश तोमर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। सभी के द्वारा प्रस्तावित एलायमेंट पर सहमति व्यक्त की है।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, विधायक खानपुर उमेश कुमार, मो.शहजाद ने कहा कि लोगों का जीवन आसान हो, किसी को भी परेशानी न हो तथा यात्राएं सरल, सुखद व सुरक्षित हों, वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगे। इस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए डीपीआर तैयार की जाएं। अधिशासी अभियंता सुरेश तोमर ने एलॉयमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आबादी क्षेत्र में एलिवेटेड रोड, तथा जहां पर एलिवेटेड रोड भी संभव नहीं है, उन स्थानों को बायपास करते हुए बायपास रोड प्रस्तावित की जा रही है। उन्होंने बताया कि खानपुर-हरिद्वार सड़क मार्ग के कुल 43.5 किमी फोरलेन बनने से यातायात सुगम होगा, ओवरटेकिंग कम होगी जिससे संभावित दुर्घटनाएं कम होंगी तथा जाम के झाम से भी निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि फोरलेन निर्माण से खानपुर से हरिद्वार की दूरी 46.5 किमी से घटकर 43.5 किमी रह जाएंगी, जिससे 3 किमी की दूरी घटेगी पर यात्रा में लगने वाला समय भी बहुत कम रह जाएगा। उन्होंने बताया कि भीड़ भाड़ एवम् आबादी क्षेत्रों में कुल 7.5 किमी एलिवेटेड रोड प्रस्तावित की जा रही है, जिसके बनने से ट्रैफिक बाधित नहीं होगा और जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी, आवागमन बिना रुके व सरल होगा, ईंधन की बचत होगी, जल्दबाजी के कारण होने वाली दुर्घटनाएं कम होंगी और शहर वासियों के वाहनों के लिए रूट भी आसान होगा।

# पंजाब के कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक बढ़ाने की मांग

चंडीगढ़। पंजाब अनएडेड कॉलेजेज़ एसोसिएशन (पुका) ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राज्य के विद्यालयों में एडमिशन की अंतिम तिथि 14 अगस्त से बढ़ाकर 30 सितंबर करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़, राजपुरा के अध्यक्ष डॉ अंशु कटारिया ने शुक्रवार को बताया कि इस वर्ष कई कारणों से छात्रों और संस्थानों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें हाल ही में आई बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं के कारण 10 प्लस 2 और कई विश्वविद्यालयों के अंतिम परिणामों में देरी, सीयूईटी और नीट काउंसलिंग की लंबी प्रक्रिया तथा यूजीसी से संबद्ध विश्वविद्यालयों के देर से एडमिशन कैलेंडर शामिल हैं। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि मौजूदा समयसीमा राष्ट्रीय कौशल विकास लक्ष्यों को प्रभावित कर सकती है, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स जैसे उच्च मांग वाले कार्यक्रमों में। एसोसिएशन ने एआईसीटीई से अपील की है कि वह विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की प्रशासनिक स्वायत्तता का सम्मान करते हुए एडमिशन की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक बढ़ाने का तत्काल निर्णय ले।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063